www.epaper.azadsipahi.in

* ओड़िशा संस्करण

05 अप्रैल, 2025
चैत्र, शुक्ल पक्ष, अष्टमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 10, अंक 165

30 हजार घूस लेते नामकुम थाना का दारोगा गिरफ्तार



FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN

COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)

COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS

COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM

Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

### हजारीबाग में झामुमो का 46वां स्थापना दिवस समारोह आयोजित

# भाजपा को नहीं पच रहा है आदिवासी का बेटा : हेमंत

दीपक सिंह

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री सह झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने कहा है कि आदिवासी का बेटा झारखंडियों के लिए काम करे, यह भाजपा को पच नहीं रहा है। शुक्रवार को स्थानीय जिला स्कूल मैदान में झारखंड मुक्ति मोर्चा के 46वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने यह बात कही। उन्होंने कहा कि झामुमो का स्थापना दिवस झारखंड को अलग राज्य बनाने में अपने प्राण न्योछावर करनेवालों को श्रद्धांजलि है। झारखंड की जनता हमारे लिए सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि मंईयां सम्मान योजना देकर मैंने सभी माताओं-बहनों को सम्मान दिया है। घर-घर तक जनहित की योजना पहुंचे और लोग लाभ लें, यही हमारी सरकार की प्राथमिकता है। हेमंत ने कहा कि सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वालों को मुंहतोड़ जवाब देना है।



हेमंत सोरेन ने कहा कि आपका बेटा, आपका भाई, आपका दोस्त हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री बन गया, यह भाजपा को पच नहीं रहा है। आदिवासी का बेटा झारखंडियो के लिए काम कर रहा है, इससे भाजपा परेशान है। भाजपा ने यहां के लोगों को वोट बैंक से ज्यादा नहीं समझा, मगर अब झारखंडी जाग चुका है और भाजपा के तिलिस्म को तहस-नहस करेगा। झारखंड और आदिवासी मूलवासी के सबसे बड़े विरोधी भाजपा ने यहां के लोगों को भगवान के भरोसे छोड़ा। उसके शासन में अमानवीय अत्याचार बढ़ा था।

भाजपा ने राज्य में सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ा है। विरोधियों ने तो साजिश कर हमें भी जेल में डाल दिया था, मगर सच की जीत हुई। अगर लोकसभा चुनाव में मैं बाहर रहता, तो भाजपा को एक सीट भी नसीब नहीं होती। भाजपा तानाशाहों की पार्टी है और केंद्र में बैठी है। वह नहीं चाहती कि कोई आदिवासी का बेटा सत्ता में रहे। कोरोना में हमने जान जोखिम में डाल कर जो बाहर थे, उनको प्लेन और ट्रेन से झारखंड लाया। मुझे गर्व है कि मैं शिबू सोरेन का बेटा हूं, जिन्होंने झारखंड को अलग कराया। केंद्र सरकार झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार कर रही।

# रांची और जमशेदपुर समेत राज्य के 21 ठिकानों पर इडी का छापा

**आयुष्मान योजना घोटाले में पूर्व स्वास्थ्य मंत्री के पीए समेत अन्य पर दबिश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आयुष्मान योजना घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की टीम ने शुक्रवार को झारखंड में 21 जगहों पर छापेमारी की। इनमें पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के पीए ओमप्रकाश सिंह उर्फ गुड्डू सिंह का जमशेदपुर के मानगो स्थित आवास भी शामिल है। रांची में इडी की यह दबिश मोरहाबादी, बरियातू, पीपी कंपाउंड, चिरौंदी और लालपुर समेत कई प्रमुख इलाकों में एक साथ की गयी। इस दौरान मेडिकल से जुड़ी कंपनियों, इंश्योरेंस और दवा कंपनियों की जांच की गयी।

छापामारी के दौरान कुछ कागजात बरामद किये गये हैं। सूत्रों के अनुसार कुछ सरकारी फाइल भी मिले हैं, लेकिन इस बारे में आधिकारिक रूप से कुछ नहीं बताया गया है। जिस समय इडी की टीम ओमप्रकाश सिंह के घर पहुंची, वह अपने घर पर नहीं थे। इडी की टीम ने उनके परिजनों से पूछताछ की। इडी टीम के पहुंचने के थोड़ी देर बाद ओमप्रकाश सिंह के साले सह सिमडेगा के यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष आकाश सिंह भी मौके पर पहुंचे, लेकिन उन्हें घर के बाहर ही रोक दिया गया। आवास से इडी की टीम दो फाइलों में कई अहम दस्तावेज लेकर रांची चली गयी।



## इडी ने क्यों और कैसे शुरू की जांच

दरअसल इडी ने आयुष्मान भारत योजना के तहत झारखंड में हुई गड़बड़ियों को लेकर दर्ज इसीआइआर की जांच शुरू की है। कुछ दिन पहले सीएजी रिपोर्ट में इसका खुलासा भी हुआ था, जिसमें कहा गया था कि कुछ अस्पतालों ने फर्जी मरीजों का इलाज कर करोड़ों की राशि का भुगतान ले लिया। यहां तक कि कई ऐसे लोगों के नाम पर बिल बना दिया गया, जिनकी पहले ही मौत हो चुकी है। इसके बाद प्रवर्तन निदेशालय ने झारखंड स्टेट हेल्थ सोसाइटी और स्वास्थ्य विभाग से रिपोर्ट मांगी थी। ऐसी संभावना जतायी जा रही है कि इसी रिपोर्ट के आधार पर इडी ने जांच शुरू की और शुक्रवार को संदिग्ध लोगों के ठिकानों पर छापा मारा। कुल 212 अस्पताल, इंश्योरेंस और दवा कंपनियां जांच के दायरे में है। इस मामले में यूपी, पश्चिम बंगाल और दिल्ली में भी कुछ ठिकानों पर छापामारी हुई।

## न्यूज रील्स

### अभिनेता मनोज 'भारत' कुमार का निधन



मुंबई। हिंदी फिल्मों के प्रख्यात अभिनेता, निर्देशक और निर्माता मनोज कुमार का शुक्रवार को 87 साल की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में अंतिम सांस ली। देशभक्ति और समाज के गंभीर विषयों को अपनी फिल्मों के माध्यम से पेश करने वाले दिग्गज अभिनेता को दुनिया 'भारत कुमार' भी कह कर पुकारती थी। उनकी मौत से सिनेमा जगत में शोक की लहर है। मनोज कुमार के बेटे कुणाल गोस्वामी ने बताया कि 'भारत कुमार' लंबे समय से स्वास्थ संबंधी बीमारी से जूझ रहे थे। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को होगा। मनोज कुमार ने अपने करियर की शुरुआत फिल्म 'फैशन' (1957) में एक छोटे से किरदार से की, हालांकि उन्हें असली पहचान 1962 में रिलीज हुई फिल्म 'हरियाली और रास्ता' से मिली। अभिनय के बाद उन्होंने निर्देशन में भी हाथ आजमाया। इसकी शुरुआत उन्होंने 1965 की फिल्म 'शहीद' से की, जिसकी कहानी स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह के जीवन पर आधारित थी। इसके बाद साल 1967 में पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के कहने पर मनोज कुमार ने फिल्म 'उपकार' बनायी, जिसके लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ निर्देशक के लिए फिल्मफेयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया।


# बिजली काटें, पर न्यूनतम समय के लिए: सुप्रीम कोर्ट

**आवश्यक सेवाओं में व्यवधान नहीं हो, यह सुनिश्चित करें**

**सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड हाइकोर्ट के आदेश को पलटा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की बेंच ने जुलूस के दौरान घंटों बिजली नहीं काटने के झारखंड हाइकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि सरकार बिजली काट सकती है, लेकिन इस दौरान कुछ जरूरी बातों को ध्यान में रखना होगा। कोर्ट ने कहा है कि जुलूस के मद्देनजर कम समय के लिए बिजली काटी जाये। साथ ही अस्पताल समेत दूसरी जरूरी सेवा वाली संस्थाओं में बिजली आपूर्ति प्रभावित ना हो। सुप्रीम कोर्ट ने इस बाबत झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड (जेबीवीएनएल) के एमडी से अंडरटेकिंग भी मांगा है। इस मामले की अगली सुनवाई आठ अप्रैल को होगी। यह जानकारी झारखंड हाइकोर्ट के अधिवक्ता पीयूष चित्रेश ने दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने



हाइकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर जल्द सुनवाई का आग्रह किया था। दरअसल, झारखंड हाइकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव की खंडपीठ ने एक अप्रैल को सरहुल के जुलूस के दिन अलग-अलग इलाकों में पांच से 10 घंटे तक बिजली आपूर्ति बंद रखे जाने पर आपत्ति जतायी थी। स्वतः संज्ञान से दर्ज जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने कहा था कि बिजली आपूर्ति रोकने से बुजुर्ग, मरीज, गर्भवती महिलाएं, परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र, छोटे बच्चों को काफी परेशानी होती है। जवाब में महाधिवक्ता की तरफ से कहा गया था कि साल 2000 में जुलूस का झंडा बिजली तार के संपर्क में आने की वजह से 29 लोगों की मौत हो गयी थी। इसी वजह से सुरक्षा के मद्देनजर बिजली काटनी पड़ती है।

महाधिवक्ता राजीव रंजन ने अपनी दलील में यह भी कहा था कि छह अप्रैल को रामनवमी का जुलूस निकलना है। इसी तरह छह जुलाई को मोहर्रम का जुलूस निकलेगा। इन दोनों दिन बिजली आपूर्ति रोकने की जरूरत पड़ेगी। इस पर खंडपीठ ने कहा कि घंटों आवश्यक सेवा को नहीं रोका जा सकता। इसलिए जुलूस के दौरान झंडे के खंभों की ऊंचाई छोटी की जा सकती है। कोर्ट ने कहा कि मौसम खराब होने या अन्य जरूरी आपात स्थिति में ही बिजली काटी जानी चाहिए।

फिलहाल, सुप्रीम कोर्ट द्वारा हाइकोर्ट के आदेश पर स्टे लगाने से प्रशासन को बड़ी राहत मिली है, क्योंकि झारखंड के अलग-अलग शहरों में रामनवमी का भव्य जुलूस निकलता है। इस दौरान लाखों की संख्या में लोग पारंपरिक हथियारों के साथ शोभा यात्रा में शामिल होते हैं। अलग-अलग महावीर मंडल भव्य महावीरी पताका निकालते हैं। इस वजह से बिजली आपूर्ति बंद करना बेहद जरूरी हो जाता है।

### विस्थापित युवक की मौत के बाद बोकारो में बवाल

# डीसी के आदेश पर बोकारो स्टील के एचआर सीजीएम गिरफ्तार

**लोगों ने पांच वाहनों को किया आग के हवाले, चौक-चौराहे बंद**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** बीएसएल में रोजगार की मांग को लेकर हुए घेराव के दौरान गुरुवार को हुए लाठीचार्ज में प्रेम महतो की मौत के विरोध में शुक्रवार को पूरा शहर बंद रहा। जेएलकेएम सुप्रीमो सह डुमरी विधायक जयराम महतो द्वारा बुलाये गये बंद के कारण पूरे शहर में सन्नाटा पसरा रहा। इधर डीसी विजया जाधव के आदेश पर बीएसएल के एचआर सीजीएम हरिमोहन झा को गिरफ्तार कर लिया गया। युवक की मौत के बाद बोकारो पहुंचने पर जयराम महतो और स्थानीय विधायक श्वेता सिंह के बीच टकराव भी हुआ। दोनों के समर्थक आपस में उलझ गये।

बंद के दौरान आक्रोशितों ने पांच बड़े वाहनों और एक बाइक को आग के हवाले कर दिया। साथ ही बोकारो शहर के सभी चौक-चौराहों पर टायर जलाकर बंद करवा दिया। आक्रोशित विस्थापितों ने बोकारो जनरल हॉस्पिटल को जाम कर दिया। उन्होंने धमकी दी है कि यदि दोषी अधिकारियों और जवानों को सस्पेंड नहीं किया गया, तो बीएसएल का उत्पादन पूरी तरह से ठप कर दिया जायेगा। उन्होंने मेन गेट और सीइजेड गेट को बंद कर दिया और एडीएम बिल्डिंग और अस्पताल के सामने भीड़ ने घेराबंदी कर दी।

## डीसी ने जांच कमेटी बनायी

उपायुक्त विजया जाधव ने तीन अप्रैल को हुई घटना के सिलसिले में बीएसएल के मुख्य महाप्रबंधक हरिमोहन झा को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया। डीसी ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ देर रात बैठक की और घटना की जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया। यह जांच चास की अनुमंडल पदाधिकारी प्रांजल के नेतृत्व में होगी। कमिटी में बतौर सदस्य बोकारो के नगर पुलिस उपाधीक्षक और कार्यपालक दंडाधिकारी जया कुमारी भी शामिल हैं। डीसी ने कमिटी को बीएसएल प्रशासनिक भवन में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज और मीडिया से प्राप्त फुटेज के साथ-साथ अन्य साक्ष्य माध्यमों से मामले की जांच कर शीघ्र इसकी रिपोर्ट सौंपने को कहा है। बैठक में एसपी मनोज स्वर्गियारी, बीएसएल के इडी, सीआइएसएफ के डीआइजी, अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी, चास एसडीओ आदि शामिल हुए। उपायुक्त ने घटना की संपूर्ण जिम्मेदारी मानते हुए एचआर सीजीएम को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया। दूसरी तरफ विस्थापित अप्रेंटिस संघ की सभी मांगों को बीएसएल प्रबंधन ने मान लिया है। इसके अनुसार लाठीचार्ज में मारे गये मृतक के परिजनों को 20 लाख मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को बीसीएल नियोजन देगा। साथ ही बीएसएल प्रबंधन घायलों को बीजीएच में मुफ्त उपचार और 10 हजार रुपये मुआवजे का भुगतान करेगा।




# 19-20 अप्रैल को रांची में होगा झारखंड का पहला एयर शो

**उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री से भारतीय वायुसेना के दल ने मुलाकात की**

**एयर शो में होने वाली गतिविधियों और इसकी तैयारी से संबंधित निर्देश दिये गये**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** रांची में 19 और 20 अप्रैल झारखंड का पहला एयर शो आयोजित होगा। शुक्रवार को को उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के कार्यालय कक्ष में भारतीय वायुसेना के एक दल ने उनसे मुलाकात की। दल ने उपायुक्त से रांची में होने वाले सूर्य किरण एक्रोबैटिक टीम के द्वारा प्रदर्शित किये जाने वाला एयर शो को लेकर विस्तृत चर्चा की। झारखंड राज्य में होने वाला यह भारतीय वायुसेना का पहला एयर शो होगा। सूर्य किरण टीम द्वारा खोजा टोली आर्मी ग्राउंड में इस एयर शो का प्रदर्शन किया जायेगा। एयर शो के मुख्य कार्यक्रम से पूर्व 17 अप्रैल को फुल ड्रेस रिहर्सल भी आयोजित किया जायेगा। इसकी तैयारी को लेकर भारतीय वायुसेना के अधिकारियों ने उपायुक्त से एयर शो में होने वाली गतिविधियों और इसकी तैयारी से संबंधित जानकारी साझा की।

उपायुक्त ने वायुसेना दल को आश्वासन दिया कि जिला प्रशासन की तरफ से हर संभव सहायता दी जायेगी। साथ ही सभी तरह की प्रशासनिक तैयारी, एयर शो से संबंधित व्यापक प्रचार-प्रसार, तकनीकी सहयोग आदि के लिए जिला प्रशासन ने वायुसेना की टीम को आश्वस्त किया। बैठक में भारतीय वायुसेना की ओर से विंग कमांडर पीके सिंह और स्क्वाड्रन लीडर वालिया एवं जिला के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# पीएम मोदी ने बांग्लादेश से हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा

एजेंसी

**बैंकॉक।** थाइलैंड में आयोजित बिम्सटेक सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बांग्लादेश सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के बीच एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। यह बैठक बांग्लादेश की ओर से किये गये विशेष प्रयासों के बाद संभव हो पायी। बातचीत के दौरान भारत ने कई प्रमुख मुद्दों पर अपनी चिंता व्यक्त की और बांग्लादेश से आवश्यक कदम उठाने की अपील की। प्रधानमंत्री मोदी ने बैठक में बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, विशेष रूप से हिंदू समुदाय की सुरक्षा का मुद्दा उठाया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बांग्लादेश



सरकार को अल्पसंख्यकों की रक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए और किसी भी प्रकार के अत्याचार को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने चाहिए। इसके साथ ही पीएम मोदी ने पड़ोसी देश को अनावश्यक बयानबाजी से बचने की सलाह भी दी, जिससे दोनों देशों के रिश्तों में और तनाव न बढ़े।

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने इस बैठक की जानकारी देते हुए कहा कि भारत हमेशा एक स्थिर, लोकतांत्रिक, शांतिपूर्ण और समावेशी बांग्लादेश का समर्थन करता रहा है। उन्होंने बताया कि पीएम मोदी ने बैठक के दौरान हिंदुओं सहित अन्य अल्पसंख्यक समुदायों के प्रति हो रही हिंसा और भेदभाव की घटनाओं को गंभीरता से लिया और इस पर चिंता जतायी। इसके अलावा पीएम मोदी ने मोहम्मद यूनुस को तनावपूर्ण स्थिति से बचने और संयम बरतने की भी सलाह दी। इस बैठक में भारत और बांग्लादेश के बीच सीमा सुरक्षा को लेकर भी चर्चा हुई। पीएम मोदी ने बांग्लादेश से सटी सीमा पर अवैध घुसपैठ रोकने के लिए सुरक्षा को और मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सीमा पार से होने वाली अवैध गतिविधियों को रोकना दोनों देशों के हित में है।

प्रधानमंत्री मोदी ने यह स्पष्ट किया कि भारत एक अच्छे पड़ोसी का धर्म निभाते हुए बांग्लादेश को हरसंभव सहयोग और समर्थन देता रहेगा। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि बांग्लादेश को अपने आंतरिक मामलों में सावधानी बरतनी चाहिए और अनावश्यक तनाव तथा भड़काऊ बयानबाजी से बचना चाहिए, ताकि दोनों देशों के बीच संबंधों में सुधार हो सके।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
200000 Subscribers
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 83,200 रु./10 ग्राम
चांदी 98,000 रु./प्रति किलो



# वक्फ बिल ने देश की सियासत में जोड़ दिया नया अध्याय

## ■ पीएम मोदी और अमित शाह की जोड़ी ने एक साथ साध लिये छह निशाने

## ■ बदल गयी राजनीति की दिशा, भाजपा को मुस्लिम वोट बैंक का डर नहीं

आजाद सिपाही विशेष

करीब 25 घंटे, लोकसभा में 12 और राज्यसभा में 13 घंटे की चर्चा के बाद बहुचर्चित वक्फ संशोधन विधेयक संसद से पारित हो गया। इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अब तक के कार्यकाल का सबसे महत्वपूर्ण विधायी काम तो माना ही जा रहा है, साथ ही इस विधेयक ने देश की राजनीति की दिशा को भी बदल कर रख दिया है। अब भारतीय राजनीति में अघोषित तौर से तीन खेमे बन गये हैं। पहला खेमा भाजपा जैसी राष्ट्रवादी पार्टियों का है, जबकि दूसरा कांग्रेस, वाम दल, राजद, डीएमके, मुस्लिम लीग, एआइएमआइएम, बीआरएस और टीएमसी का है, जिनके लिए भाजपा अब भी सांप्रदायिक पार्टी है, जबकि ये खुद को सेक्युलर मानती हैं। तीसरे खेमे में ऐसी राजनीतिक पार्टियां हैं, जो पहले भाजपा को सांप्रदायिक मानती थीं, लेकिन अब उसके नीतिगत फैसलों के साथ हैं। ये पार्टियां अब मुसलमानों को कथित रूप से आहत होने वाले विषयों पर मोदी सरकार को खुलकर समर्थन देती हैं। वास्तव में इस बिल को पास कराने के साथ ही भाजपा ने एक कदम से छह निशाने साध लिये हैं। दरअसल, धर्मनिरपेक्षता का चश्मा लंबे वक्त से भाजपा और भाजपा सरकार के फैसलों के खिलाफ पहन कर विपक्ष खुद को सेक्युलरिज्म का सियासी चैंपियन दिखाता रहा, लेकिन लोकसभा में वक्फ बिल पर भाजपा ने वो बैटिंग की है, जिससे राजनीति के मैदान में फिलहाल यह साफ हो गया कि सेक्युलरिज्म की वो परिभाषा नहीं चलेगी, जो विपक्ष चाहता आया है। दूसरा यह कि मुस्लिमों से जुड़े हर फैसले को मुस्लिम विरोध के कठघरे में खड़ा करने की राजनीति अब नहीं चलती। तीसरा, मुस्लिमों को खतरा बताकर वोट की सियासी हांडी हर बार नहीं चढ़ने वाली है। चौथा, मुस्लिमों से जुड़े मुद्दे पर प्रदर्शन के बहाने फैसले बदलवाने की मंशा अब कामयाब नहीं होती। पांचवां, नीतीश और नायडू के समर्थन के दम पर चलती सरकार को कमजोर समझना विपक्ष को भूलना होगा। और छठा, विपक्ष को ये बात भी समझनी होगी कि भले इस बार सीट उनकी बढ़ी हैं, लेकिन पीएम मोदी के हाथ से फैसलों की ताकत ढीली नहीं पड़ी है। क्या है वक्फ बिल का सियासी असर और मोदी-शाह की जोड़ी ने कैसे हर परिस्थिति को अपने अनुकूल बनाया, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

संसद के दोनों सदनों में वक्फ संशोधन विधेयक पारित हो गया। सतही तौर पर यह एक सामान्य विधायी कार्य प्रतीत होता है, लेकिन इस एक विधेयक ने वास्तव में देश की राजनीति की दिशा बदल दी है। इस बिल के पास होने के साथ ही देश की राजनीति में नयी सेक्युलर पार्टियों की नयी जमात भी सामने आ गयी, जो मुस्लिम वोटिंग पैटर्न से बेखौफ होकर भाजपा के एजेंडे के साथ खड़ी हैं। जदयू, तेलुगुदेशम, जेडीएस, एनसीपी, लोजपा (रामविलास), राष्ट्रीय लोकदल और असम गण परिषद जैसी पार्टियों ने वक्फ संशोधन बिल के समर्थन में मतदान किया। इन दलों ने माना कि मोदी सरकार इस बिल के जरिये वक्फ बोर्ड की संपत्तियों को बचाने का प्रयास कर रही है। एनडीए के बाहर रहने वाले बीजू जनता दल ने राज्यसभा में समर्थन देकर नये सेक्युलरों के ग्रुप को और विस्तार दे दिया। मुस्लिम वोट बैंक के सहारे चलने वाले इन राजनीतिक दलों ने वक्फ बिल पर न सिर्फ भाजपा के साथ कंधा मिलाया, बल्कि चर्चा के दौरान सेक्युलरिज्म की नयी परिभाषा भी गढ़ी। इन नव धर्मनिरपेक्ष दलों के लिए भाजपा सांप्रदायिक नहीं रही। इस बदलाव का असर दशकों तक दिखेगा।

ऐसे में ये भी सवाल है कि क्या एक बिल से मोदी सरकार ने देश में धर्मनिरपेक्षता की राजनीति का गणित बदल दिया? क्या एक बिल से मोदी सरकार ने दिखाया कि मुस्लिमों को डराकर वोट की सियासत नहीं चलेगी? क्या एक बिल ने बता दिया कि मुस्लिमों के हित में बदलाव का मतलब सेक्युरिज्म का विरोध नहीं होता? क्या सरकार ने दिखा दिया कि सीटें घटने से संसद में आक्रामक फैसले लेने की गति नहीं घटी है? क्या वक्फ बिल पर मुहर के साथ अब देश में सियासत की नयी सेक्युलरिज्म देखी जायेगी?

### फैसला लेने में पीएम मोदी का कोई सानी नहीं


विपक्ष को ये लगता रहा होगा कि बिहार में नीतीश कुमार और आंध्र प्रदेश में चंद्रबाबू नायडू के सांसदों के भरोसे चलती सरकार वक्फ पर फैसला लेने में हिचकिचायेगी, लेकिन 240 सीट के साथ भी संसद में भाजपा वैसी ही दिखी, जैसी 303 सीट के साथ थी। 2019 में जब मोदी सरकार दूसरी बार सत्ता में आयी, तो छह महीने के भीतर सरकार ने तीन तलाक, धारा 370 से आजादी और सीएए कानून तीनों को पास करा दिया। तब भाजपा के पास अपने दम पर 303 सीट का बहुमत था। अबकी बार जब 2024 में सरकार बनी तो भाजपा की खुद की सीटें 240 ही आयीं, लेकिन कुछ ही महीने में वक्फ संशोधन बिल को पेश करके उस पर आखिरकार अब मुहर लगा ली। बिल पर मुहर सबूत है कि बहुमत भले सरकार के पास अपने दम पर ना हो, लेकिन सर्वमत से फैसला लेने में पीएम मोदी का कोई सानी नहीं।

### क्या चुनावी राजनीति में इसका असर दिखेगा

वक्फ बिल का असर क्या आगे चुनावी राजनीति में दिखेगा? ये सवाल इसलिए, क्योंकि आगे बिहार का चुनाव है, फिर पश्चिम बंगाल का चुनाव एक साल से कम वक्त में है। इस चुनावी सियासत को गृह मंत्री अच्छे से समझते हैं, तभी तो जब टीएमसी ने बिल पर सदन में सवाल उठाया, विरोध किया, तो अमित शाह का जवाब चर्चा में आया।

### विपक्ष के आरोपों को सरकार ने किया खारिज

सवाल ये है कि जहां विपक्ष के नेता कहते रहे कि सड़क पर उतरकर विरोध होगा। क्या उनकी इस राजनीति में खुद मुस्लिमों ने साथ नहीं दिया है। क्या इसकी वजह ये है कि जहां विपक्ष ये



कहता रहा कि वक्फ बोर्ड में गैर मुस्लिम बहुसंख्यक हो जायेंगे, मस्जिद-दरगाह पर कब्जा हो जायेगा, सरकार मुस्लिमों की संपत्ति छीन लेगी, ऐतिहासिक वक्फ स्थल की परंपरा प्रभावित होगी, वहां सरकार ने लगातार मुखरता से इन सारे दावों को खारिज करके सच बताया। नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू को विपक्ष और मुस्लिम संगठनों ने क्या-क्या याद नहीं कराया, लेकिन जब आज समर्थन और विरोध की बारी आयी, तो जदयू और टीडीपी दोनों ने विरोधियों के सपनों पर पानी फेर दिया

### मुस्लिम वोट की सियासत का गणित बदला

नीतीश कुमार के पलटने का इतिहास देखकर इस बार विपक्ष को लगा होगा कि इफ्तार पार्टियां करते सुशासन बाबू क्या पता फिर पलटेंगे, इसीलिए ओवैसी की पार्टी के नेता तक नीतीश कुमार को मुस्लिम वोट के नाम पर भाजपा के खिलाफ जगाने में अंत तक जुटे रहे, लेकिन सबका सपना टूट गया। नीतीश की पार्टी ने बता दिया कि मुस्लिम वोट की सियासत का गणित बदल चुका है। दिल्ली, बिहार की राजधानी पटना और आंध्र प्रदेश का विजयवाड़ा। इसी से आप समझ लीजिए कि नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू को बिल के विरोध में लाने के लिए विपक्षी दलों से लेकर मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड तक ने कितने डोरे डाले, कितना दबाव बनाया, यहां तक कि मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के प्रदर्शन तक में नीतीश-नायडू का नाम लिखकर ही पोस्टर तक लगाये गये, ताकि ये बिल का विरोध कर दें, लेकिन मोदी-शाह की जोड़ी ने ऐसा गणित बिल पर सेट किया कि विपक्ष की नहीं चली, बल्कि नीतीश की पार्टी ही भाजपा के लिए बिल पर खुलकर सदन में खेलती दिखी।

### देवगौड़ा की तारीफ, प्रफुल्ल पटेल के तंज के मायने

राज्यसभा में आलम यह था कि जनता दल (सेक्युलर) के नेता और पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा ने वक्फ संपत्तियों की रक्षा के लिए पीएम मोदी की तारीफ की। उद्धव सेना के सांसद संजय राउत से जो भाजपा नहीं कह सकी, उसे एनसीपी सांसद प्रफुल्ल पटेल ने सीना ठोककर सुना दिया। उन्होंने कांग्रेस से भी सवाल किया कि क्या वह शिवसेना के साथ रहकर खुद को सेक्युलर मानती है। जदयू के ललन सिंह ने भाजपा के मुस्लिम विरोधी होने के आरोपों को खारिज किया। उन्होंने कहा कि विपक्ष यह नैरेटिव बनाने का प्रयास कर रहा है कि वक्फ संशोधन बिल मुसलमान विरोधी है। उनका एक बयान काफी चर्चा में रहा, जिसमें उन्होंने विपक्ष को ललकारते हुए कहा कि आपको मोदी का चेहरा पसंद नहीं है, तो मत देखिए। पूर्व पीएम देवेगौड़ा और प्रफुल्ल पटेल सेक्युलर राजनीति के दो बड़े चेहरे रहे, जिन्होंने वक्फ बिल के पक्ष में भाजपा की नीतियों का समर्थन किया।

### 90 के दशक में कई दलों के लिए अछूत थी भाजपा

90 के दशक में भाजपा शिवसेना, अकाली दल और जदयू के अलावा करीब-करीब सभी पार्टियों के लिए अछूत थी। जदयू लालू विरोध और बिहार की राजनीतिक मजबूरी के कारण एनडीए का हिस्सा बना। 1998 और 1999 में अटल बिहारी वाजपेयी ने गठबंधन की सरकार बनायी, लेकिन उन्हें तेलुगुदेशम, डीएमके, एआइएडीएमके जैसे दलों का बारी-बारी समर्थन भी शर्तों के साथ मिला। शर्त यह थी कि भाजपा मुसलमानों को आहत करने वाले मुद्दों से परहेज करेगी। इन शर्तों के साथ असम गण परिषद और आरएलडी जैसी पार्टियां भी एनडीए में आती-जाती रहीं। गठबंधन की मजबूरियों के कारण भाजपा ने भी दो दशक तक धारा-370, राम मंदिर, समान नागरिक संहिता जैसे कोर मुद्दों को ठंडे बस्ते में डाल दिया। रामबिलास पासवान जैसे नेता ने भी गुजरात दंगों के बाद वाजपेयी मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था और सेक्युलर जमात में शामिल हो गये थे।

### भाजपा के लिए क्यों नरम पड़े पुराने सेक्युलर

2019 में भाजपा की दूसरी पूर्ण बहुमत सरकार बनने के बाद सीएए और धारा-370 पर बड़ा फैसला हो गया। वैचारिक तौर से भाजपा के साथ रही शिवसेना ने इन फैसलों का समर्थन किया। जदयू और बीजेडी ने बिना शोर मचाये संसद में इन बिलों का समर्थन किया। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट के आदेश ने राम मंदिर बनाने का रास्ता साफ कर दिया। इसके साथ ही राम मंदिर और धारा 370 जैसे विषय विवादित राजनीतिक मुद्दों की लिस्ट से बाहर हो गये। भाजपा ने चुनावों में खुलकर इन मुद्दों पर अपनी पीठ थपथपायी। नरेंद्र मोदी सरकार और अमित शाह बोल्ड फैसले के नायक बन गये। एनडीए समर्थक राजनीतिक दलों ने भी भाजपा को इसका क्रेडिट देकर अपनी मुस्लिम समर्थक छवि बरकरार रखी।

### चुनावी जीत ने नये सेक्युलर दलों को निडर बनाया

सबसे बड़ा फर्क यह आया कि 370 और सीएए के समर्थन देने के बाद एनडीए की पार्टनर रही पार्टियों के जनसमर्थन में कमी नहीं आयी। 2020 में बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा-जदयू को पूर्ण बहुमत मिला। महाराष्ट्र में भाजपा-शिंदे सेना और अजित पवार को बड़ी जीत मिली। आंध्र प्रदेश में चंद्रबाबू नायडू को ऐतिहासिक जीत पर सीएए और 370 की छाया भी नहीं पड़ी। लोकसभा चुनावों में लोजपा, असम गण परिषद, आरएलडी को भाजपा के वोट बैंक का फायदा मिला। भाजपा ने असम, यूपी, हरियाणा समेत कई राज्यों में सरकार बनायी। एनडीए में शामिल पार्टियों ने राज्यों में सेक्युलर दलों कांग्रेस, आरजेडी, सपा को हराया, जो मुस्लिम वोट बैंक का काफी ख्याल रखती हैं। इन चुनावी नतीजों ने एनडीए में शामिल दलों के लिए मुस्लिम वोटरों के सामने यह जताने की मजबूरी भी खत्म कर दी कि वह इन मुद्दों पर भाजपा से अलग स्टैंड रखते हैं।

---

# बीएसएल और सीआइएसएफ अधिकारी पर हत्या का मुकदमा दर्ज हो: राजेंद्र प्रसाद

**श्वेता सिंह का आचरण प्रजातंत्र के विरुद्ध**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** बीएसएल में नियोजन की मांग पर आंदोलित विस्थापित अप्रेंटिस संघ के आंदोलनकारियों पर सीआइएसएफ द्वारा लाठी चार्ज कर प्रेम महतो की हत्या करने और बेरहमी के साथ पिटाई कर पंद्रह लोगों को घायल करने की घटना की मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कड़े शब्दों में निंदा की है। राजेंद्र प्रसाद ने कहा बीएसएल अधिकारियों और सीआइएसएफ के जिम्मेवार अधिकारियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज होना चाहिए। राजेंद्र प्रसाद ने



कहा कि झारखंड विस्थापन का दंश झेल रहा है। राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि झारखंड में हमारे लोगों की जमीन पर कल, कारखाना -फैक्ट्री बनी है, जिसके कारण झारखंड के लोग विस्थापित हुए हैं। आज हमारे लोग हमारी जमीन पर बने फैक्ट्री पर नौकरी मांग रहे हैं, तो उनके ऊपर लाठी चार्ज कर उनकी हत्या की जा रही है। राजेंद्र प्रसाद ने बीसीएल से मांग की है मारे गये प्रेम महतो को एक करोड़ और घायलों को दो-दो लाख रुपये और सभी आंदोलित विस्थापित अप्रेंटिस संघ के सदस्यों को नौकरी तुरंत दें।

### बोकारो विधायक का आचरण निंदनीय

**प्रसाद ने कहा कि बोकारो विधायक का आचरण प्रजातंत्र के खिलाफ है। राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि कोई भी व्यक्ति कहीं भी आ जा सकता है। कहा बोकारो विधायक को अपने ससुर स्व समरेश सिंह से सीख लेनी चाहिए। प्रसाद ने कहा कि मूलवासी सदान -आदिवासी द्वारा आयोजित धरना पर मंत्री होते हुए भी समरेश सिंह आकर बैठ जाते थे। राजेंद्र प्रसाद ने डुमरी विधायक जयराम महतो का विरोध करने और उनकी गाड़ी पर लगे नेम प्लेट को तोड़ने की भर्त्सना की है।**

---

जिला प्रशासन की लापरवाही से हुई विस्थापित प्रेम प्रसाद की हत्या

# एक करोड़ मुआवजा और आश्रित को नौकरी दें : चंद्र प्रकाश चौधरी

**सांसद आज मिलेंगे मृतक के परिजन से, घायलों का जानेंगे हाल**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने बोकारो स्टील सिटी में शांतिपूर्वक धरना-प्रदर्शन के दौरान जिला प्रशासन की लापरवाही की वजह से हुई विस्थापित प्रेम प्रसाद की हत्या पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने राज्य सरकार से मृतक के परिवार को एक करोड़ मुआवजा, आश्रित को नौकरी व घायल विस्थापितों को पांच लाख का मुआवजा देने की मांग की है। उन्होंने इसको



लेकर राज्य के मुख्य सचिव का ध्यान आकृष्ट कराया है। उन्होंने मुख्य सचिव को इस बात से अवगत कराया है कि तीन अप्रैल को हुई इस घटना के दोषियों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। इस घटना में नाम दर्ज अभियुक्तों की तत्काल गिरफ्तारी सुनिश्चित हो, इसको लेकर जिला प्रशासन को तत्काल आदेश दिए जाने की जरूरत है। साथ ही प्राथमिकी के अनुसंधान में लापरवाही नहीं हो इसके लिए सक्षम विशेष लोक अभियोजन की नियुक्ति किया जाना भी सुनिश्चित किया जाये ताकि मृतक को न्याय मिल सके। उन्होंने मुख्य सचिव से इस विषय को प्राथमिकता के साथ प्रशासनिक रूप से निष्पादित कर सात दिनों में रिपोर्ट तलब किया है। सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी पांच अप्रैल को मृतक के परिजन मिलेंगे और घायलों का भी हाल जानेंगे।

---

### देवी महागौरी



*श्वेत वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बरधरा शुचिः ।*
*महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोददा ।।*

**अर्थ**

***सफेद बेल पर विराजित, सफेद कपड़े पहने महादेव की प्रसन्नता के लिए हमेशा ध्यान में रहने वाली देवी महागौरी को प्रणाम।***

**पूजा विधि**

***देवी का ध्यान कर कलश पर चावल चढ़ाने के बाद पंचामृत और गंगाजल छिड़कें। हल्दी, मेहंदी, कुमकुम, अक्षत और गुलाब के फूल चढ़ायें। नारियल के साथ सोलह श्रृंगार सामग्री चढ़ायें। नारियल या खोपरे से बनी मिठाइयों का भोग लगयें।***

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 35.5 °c | 21.1 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.05 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.38 बजे |



## एसीबी के हत्थे चढ़ा नामकुम का घूसखोर सब-इंस्पेक्टर

# 30 हजार रुपये घूस लेते गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नामकुम थाना के दारोगा को गिरफ्तार किया है। एसीबी ने नामकुम थाने के दारोगा चंद्रदीप प्रसाद को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। एक केस को मैनेज करने के नाम पर दारोगा 30 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा गया है। राजधानी रांची में ये दूसरा दारोगा है जो घूस लेते गिरफ्तार हुआ है। इससे पहले कोतवाली थाने के एक सब इंस्पेक्टर को 5 हजार रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। ताजा मामला नामकुम थाने का है। एसीबी ने नामकुम थाने के दारोगा चंद्रदीप प्रसाद को एक केस को मैनेज करने के नाम पर पीड़ित से 30 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ



गिरफ्तार किया है।

एंटी करप्शन ब्यूरो के द्वारा जारी की गयी प्रेस रिलीज में बताया गया है कि आशीष यादव नाम के व्यक्ति ने एसीबी में यह शिकायत की थी कि उनकी एक लड़की के साथ सगाई हुई थी, लेकिन किसी कारणवश सगाई टूट गयी। इस दौरान पंचों के माध्यम से सभी सामान का आदान-प्रदान हो गया था। पूर्व में मामले को लेकर नामकुम थाने में लड़की के परिजनों के द्वारा भी नामकुम थाने में कांड संख्या 262/24 दर्ज करवाया गया था। कांड के अनुसंधानकर्ता चंद्रदीप प्रसाद थे। मामले को लेकर पीड़ित ने न्यायालय से जमानत भी ले ली थी। लेकिन चंद्रदीप प्रसाद एक लाख रुपये की लगातार डिमांड कर रहा था। केस मैनेज करने को लेकर आशीष कुमार यादव को आइओ चंद्रदीप प्रसाद के द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा था। इसके बाद आशीष यादव ने एंटी करप्शन ब्यूरो के पास लिखित शिकायत दी। जांच के बाद मामला सही पाया गया और आरोपी को रंगे हाथ रिश्वत लेते हुए पकड़ने के लिए एक टीम तैयार कर शुक्रवार को नामकुम थाना भेजा गया। जहां से पीड़ित के द्वारा दारोगा को एसीबी के द्वारा दिये गये 30 हजार रुपये देते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गया।

# झारखंड के लिए ऐतिहासिक होगा एयर शो : संजय सेठ

**राज्य मंत्री की पहल पर रांची में 19 और 20 अप्रैल को होगा विश्वस्तरीय एयर शो**

**वायुसेना के कई जाबांज दिखायेंगे सेना का कौशल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ की पहल पर रांची में 19 और 20 अप्रैल को भव्य एयर शो किया जायेगा। यह एयर शो भारतीय वायु सेना के द्वारा होगा। इस बाबत रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की पहल पर वायुसेना इसकी तैयारी कर रही है। इस उद्देश्य से भारतीय वायु सेवा के अधिकारियों के एक दल ने जिला प्रशासन से मुलाकात भी की है और भव्य एयर शो के आयोजन के लिए सहयोग मांगा है। रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ



ने बताया कि 19 और 20 अप्रैल को सुबह 9:45 से 10:45 तक एक-एक घंटे का एयर शो नामकुम के आर्मी ग्राउंड में किया जायेगा। यह एयर शो विश्वस्तरीय होगा और यह झारखंड के लिए ऐतिहासिक होगा, जिसमें वायु सेवा के जांबाज कई लड़ाकू विमान और अन्य विमान का ऐतिहासिक प्रदर्शन करेंगे। यह जनता के लिए रोमांचक और प्रेरणा देने वाला क्षण होगा। श्री सेठ ने कहा कि इसकी पूरी तैयारी रक्षा मंत्रालय और वायु सेवा संयुक्त रूप से कर रहे हैं। इसकी तैयारी में वायु सेना ने जिला प्रशासन को भी शामिल किया है। इस एयर शो में राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी अतिथि के रूप में उपस्थित होकर, इसकी गरिमा बढ़ायेंगे। वहीं इसमें शामिल होने के लिए वायु सेवा प्रमुख एपी सिंह को भी आमंत्रित किया गया है।

### सूर्य किरण की टीम करेगी प्रदर्शन

यह शो सूर्य किरण एरोमेटिक टीम के द्वारा किया जायेगा, जो देश-विदेश में साल भर अलग-अलग स्थान पर शो करते हैं। अब तक 70 से अधिक शहरों में 500 से ज्यादा प्रदर्शन उनके द्वारा किया गया है। रांची के शो में 19 और 20 को प्रमुख शो किया जायेगा। 17 अप्रैल को पूर्वाभ्यास किया जायेगा। इस शो के दौरान कुल 12 वायुयानों और लड़ाकू विमानों का प्रदर्शन किया जायेगा।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि।
- **वृष** — समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।
- **मिथुन** — आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रूचि बढ़ेगी।
- **कर्क** — काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना।
- **सिंह** — कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा।
- **कन्या** — बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।
- **तुला** — कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।
- **वृश्चिक** — चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।
- **धनु** — आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।
- **मकर** — नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।
- **कुंभ** — रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।
- **मीन** — किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

# वक्फ संशोधन विधेयक से न्याय और पारदर्शिता का मार्ग प्रशस्त : बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि संसद द्वारा पारित वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 वर्षों से चले आ रहे अन्याय और भ्रष्टाचार पर विराम लगाने वाला कदम है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक न्याय और समानता के एक नये युग का द्वार खोलता है।

मरांडी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि इस ऐतिहासिक संशोधन से वक्फ बोर्ड और वक्फ संपत्तियां पहले से कहीं अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और न्यायसंगत बनेंगी। उन्होंने विधेयक के लिए प्रधानमंत्री और अल्पसंख्यक कार्य मंत्री एवं इसका समर्थन करने वाले सभी दलों एवं सांसदों का हार्दिक आभार जताया है।

### सरना झंडे का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जायेगा : मरांडी

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने रांची के पिठौरिया में सरहुल पर्व के दौरान दूसरे समुदाय की ओर से आदिवासी समुदाय पर हमले की निंदा की है। उन्होंने कहा है कि आदिवासी भाइयों-बहनों पर जानलेवा हमला, जातिसूचक टिप्पणी और पवित्र सरना झंडे का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

उन्होंने कहा है कि आदिवासी समाज ने सदियों तक मुगलों और बाहरी आक्रांताओं से संघर्ष कर अपने संस्कृति की रक्षा की है, लेकिन राज्य सरकार की नाकामियों के कारण अब फिर से मुगलों की मानसिकता वाले उपद्रवी हमारी संस्कृति पर कुठाराघात कर रहे हैं।

### बेरोजगारी की स्थिति गंभीर, राज्य सरकार उदासीन : बाबूलाल मरांडी



**रांची (आजाद सिपाही)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष ने राज्य में बढ़ती बेरोजगारी को लेकर राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा। श्री मरांडी ने कहा कि झारखंड में बेरोजगारी की स्थिति दिनों-दिन गंभीर होती जा रही है। श्रम विभाग के ताजा आंकड़ों के अनुसार, राज्य में तीन लाख 44 हजार 823 लोग नौकरी की तलाश में हैं, जिनमें दो लाख 45 हजार 420 पुरुष और 99,382 महिलाएं शामिल हैं। यह जीबी आंकड़े राज्य में रोजगार संकट की गंभीरता को दर्शाते हैं, लेकिन सरकार की ओर से इसे दूर करने के लिए कोई ठोस और प्रभावी कदम नहीं उठाये जा रहे हैं।

# आयुष्मान योजना में हुआ बड़ा घोटाला : सरयू राय

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** झारखंड के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के निजी सचिव के ठिकाने पर छापामारी की गयी है। इस मामले में जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान घोटाले के मामले में उन्होंने कई बार आवाज उठायी। तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्रालय और उससे जुड़े लोगों पर भी कार्रवाई हो सकती है।

जमशेदपुर में पूर्व स्वाथ्य मंत्री के निजी सचिव के ठिकाने पर कार्रवाई मामले में जमशेदपुर पश्चिमी के जदयू विधायक ने कहा कि उन्होंने इसे विधानसभा सभा सत्र में भी उठाया था। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकार में झारखंड स्वास्थ्य मंत्रालय से जुड़े लोग भी जांच के दायरे में हैं। जेडीयू विधायक ने कहा कि कोरोना काल में आयुष्मान योजना में सबसे अधिक घोटाला हुआ है।

सरयू राय ने कहा कि झारखंड में आयुष्मान का अभी भी 40 करोड़ का बिल बकाया है। तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री के



कार्यकाल में कई ऐसे फर्जी अस्पताल हैं जो रजिस्टर्ड हो गये हैं। जबकि कई ऐसे अस्पताल हैं जिनके द्वारा आयुष्मान लाभ के लिए फर्जी बिल बनाया गया। उन्होंने बताया कि सरकार का मंत्रालय और सचिवालय इसमें शामिल हैं। जांच पूरी होने के बाद सच सामने आ जायेगा। उन्होंने कहा कि एजेंसियों के पास इसके पुख्ता सबूत हैं तभी यह कार्रवाई हुई है।

# विवि में विद्यार्थियों को गुणात्मक शिक्षा सुनिश्चित की जाये : राज्यपाल







आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शुक्रवार को राज भवन में राज्य के दो प्रमुख विश्वविद्यालयों के कुलपतियों से मुलाकात की और उच्च शिक्षा की स्थिति पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि विश्वविद्यालयों में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाये और सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाये। राज्यपाल से मुलाकात करने वालों में कोल्हान विश्वविद्यालय, चाइबासा की कुलपति प्रो अंजिला गुप्ता और बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद के कुलपति डॉ राम कुमार सिंह शामिल थे। दोनों कुलपतियों ने राज्यपाल को विश्वविद्यालयों की शैक्षणिक और प्रशासनिक गतिविधियों की जानकारी दी।

राज्यपाल ने कुलपतियों को निर्देशित किया कि विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों को गुणात्मक शिक्षा सुनिश्चित की जाये और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाये। उन्होंने शैक्षणिक कैलेंडर के अनुपालन एवं सत्र को नियमितीकरण पर बल दिया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय टीम भावना के साथ कार्य करे और शोध के स्तर में सतत सुधार लाये। उन्होंने यह भी कहा कि विश्वविद्यालय ऐसा कार्य करे, जिससे उसकी सभी क्षेत्रों में सकारात्मक छवि स्थापित हो।

वहीं दूसरी ओर राज्यपाल से राज भवन में लेफ्टिनेंट जनरल पीएस शेखावत, पीवीएसएम, एवीएसएम, एसएम, जीओसी, मध्य भारत एरिया ने भेंट की और राज्यपाल को स्मृति चिह्न भेंट किया।

# बंधु तिर्की ने मुख्यमंत्री से की जमीन व्यापारियों की सूची तैयार करने की मांग

**जमीन के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए नियमावली के तहत सही जमीन कारोबारियों को हर संभव सहायता सरकार के स्तर पर प्रदान की जाये**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अनुरोध किया है कि झारखंड में जमीन और उससे संबद्ध सभी व्यापारियों की सूची तैयार की जाये। इस संबंध में उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि झारखंड में जमीन और उससे संबंधित सभी कारोबारियों,



रियल एस्टेट डेवलपर्स, जमीन दलालों के साथ ही जमीन खरीदारों और कॉरपोरेट जमीन खरीदारों की भी सूची तैयार करने के साथ ही उनके पंजीकरण और दस्तावेजीकरण की अनिवार्य व्यवस्था की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि उन सभी लोगों को भी उस सूची में सम्मिलित किया जाना चाहिए जो जमीन के कारोबार में जुड़े हों भले ही उनका मुख्य काम राजनीति, समाजसेवा, व्यवसाय, उद्योग या कुछ और हो। पत्र में तिर्की ने कहा कि झारखंड की आदिवासी सभ्यता-संस्कृति में बेहद महत्वपूर्ण जमीन ही आज उसके लिये अभिशाप बनती जा रही है और जो लोग छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम (सीएनटी एक्ट) और संथाल परगना काश्तकारी अधिनियम (एसपीटी एक्ट) के महत्व के साथ ही आदिवासियों की सभ्यता-संस्कृति को नहीं समझ रहे हैं वही आज जमीन के उल्टे-सीधे कारोबार में संलिप्त हैं। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि इन सभी परिस्थितियों के कारण आज रांची सहित पूरे झारखंड में ना केवल जमीन का अवैध कारोबार बढ़ा है बल्कि वैसे अपराध की संख्या भी अच्छी-खासी है जिसकी पृष्ठभूमि में जमीन संबंधी विवाद ही सामने आ रहा है।

उन्होंने कहा है कि जमीन के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए नियमावली के तहत सही जमीन कारोबारियों को हर संभव सहायता सरकार के स्तर पर प्रदान की जाये। बंधु तिर्की ने यह भी कहा है कि झारखंड सरकार को जमीन के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए कार्रवाई करने के संदर्भ में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करना चाहिए।

# अल्पसंख्यकों और आदिवासियों को गुमराह ना करे कांग्रेसः राफिया नाज

**कांग्रेस समाज में सौहार्द्र और एकता बनाये रखने में सहयोग करे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी की नीतियों को लेकर विपक्ष द्वारा लगातार झूठ और भ्रामक प्रचार किया जा रहा है। भाजपा झारखंड की प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज ने मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की द्वारा दिये गये बयान पर गहरी आपत्ति जतायी है, जिसमें उन्होंने भाजपा पर अल्पसंख्यकों और आदिवासियों के अधिकारों के हनन का आरोप लगाया है। यह बयान तथ्यों से परे और भ्रामक है, जो समाज में अनावश्यक भय और भ्रम फैलाने का प्रयास करता है।

राफिया ने कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि आज कांग्रेस आदिवासी समुदाय के हितों



की बात कर रही है जो हास्यपद है। झारखंड में पेसा कानून अभी तक लागू नहीं किया गया है, जिससे आदिवासी समुदाय को उनके अधिकारों से वंचित रखा गया है। साथ ही, कांग्रेस पार्टी सरना धर्म कोड की बात करती है जबकि केंद्र की मनमोहन सिंह सरकार ने इसके खिलाफ निर्णय लिये थे। कांग्रेस आज उस पार्टी से हाथ मिला कर बैठी है जिसके प्रमुख झारखंड अलग राज्य के विरोध में थे और कहा करते थे कि झारखंड मेरी लाश पर बनेगा। यहां तक रांची सीरम टोली स्थित सरना स्थल की समस्याओं का समाधान भी कांग्रेस से नहीं हो पा रहा ।

राफिया ने कांग्रेस से सवाल किया कि जब 1994, 1995 और 2013 में कांग्रेस द्वारा 3 बार वक़्फ बोर्ड का संशोधन किया तब क्या ये लोकतंत्र या अल्पसंख्यक विरोधी नहीं था? भाजपा सरकार चाहती है कि वक्फ बोर्ड संसोधन के द्वारा वक्फ संपत्ति को भू-माफियाओं और लुटेरों के चंगुल से मुक्त हो और गरीब मुसलमानों के हित में इस्तेमाल हो। लेकिन कुछ लोग इसे गरीब मुसलमानों के हित में इस्तेमाल करने की बजाय भू-माफियाओं की कठपुतली बनकर काम कर रहे हैं। यह दुखद है, कांग्रेस को गरीब मुसलमानों की चिंता करनी चाहिए ।

उन्होंने कहा जो विधेयक लाया जा रहा है वह सच्चर समिति की रिपोर्ट (जिसमें सुधार की बात कही गयी थी) पर आधारित है, जिसे कांग्रेस ने बनाया था। इस विधेयक से किसी भी धार्मिक संस्था की स्वतंत्रता में कोई हस्तक्षेप नहीं होगा।

राफिया ने कहा भाजपा सरकार हमेशा से आदिवासियों और अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए काम करती रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की नीति अपनायी है। राफिया ने अल्पसंख्यक समुदाय से अपील की के वह विपक्ष के भ्रामक प्रचार से सावधान रहें और सच्चाई को समझें। भाजपा सरकार सबके विकास के लिए काम कर रही है और आगे भी करती रहेगी।

# लोक आस्था का महापर्व चैती छठ संपन्न

**व्रतियों ने उदीयमान सूर्य को दिया अर्घ्य**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लोक आस्था का महापर्व चैती छठ शुक्रवार को संपन्न हो गया। चार दिवसीय छठ के मौके पर व्रतियों ने चौथे दिन उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया। तीसरे दिन गुरुवार की शाम छठ व्रतियों ने अस्ताचलगामी भगवान भास्कर(डूबते सूर्य) को पहला अर्घ्य अर्पित किया था। राजधानी रांची में छठ व्रतियों ने हजारों की संख्या में अलग-अलग तालाब



और नदियों एवं घरों में भगवान भास्कर की पूजा की।

रांची के बड़ा तालाब, कोकर तिरिल तलाब, डिस्टलरी तलाब, जुमार नदी, धुर्वा डैम सहित अन्य स्थानों पर सुबह से ही लोग स्नान कर पूजा की सामाग्री दउरा और सूप में सजाकर पहुंचे थे। इस दौरान लोगों ने उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया।

छठ पूजा के चौथे दिन उगते सूर्य यानी उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद छठ व्रतियों ने 36 घंटे का अपना निर्जला उपवास का पारण किया। सभी के बीच ठेकुआ सहित अन्य प्रसाद का वितरण किया गया। पुरोहित मनोज पांडेय ने बताया कि उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के पीछे पौराणिक मान्यताएं हैं। मान्यताओं के अनुसार, सूर्य षष्ठी का व्रत आरोग्य की प्राप्ति, सौभाग्य और संतान के लिए रखा जाता है। स्कंद पुराण के अनुसार, राजा प्रियव्रत ने भी छठ व्रत रखा था। उन्हें कुष्ट रोग हो गया था। इस रोग से मुक्ति के लिए भगवान भास्कर ने भी छठ व्रत किया था।

# पुलिस ने रामनवमी से पहले ड्रोन से किया छतों का निरीक्षण

**संवेदनशील इलाकों में तैनात होंगे जवान**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची पुलिस ने रामनवमी के मद्देनजर शहर के विभिन्न इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए ड्रोन की मदद से घरों की छतों का निरीक्षण किया। पुलिस ने खासतौर पर उन इलाकों की निगरानी की, जहां रामनवमी जुलूस निकलेगा, ताकि किसी प्रकार की असामाजिक गतिविधि को रोका जा सके।

**ड्रोन से निरीक्षण :** रांची पुलिस ने मेन रोड, हिंदपीढ़ी और डेली मार्केट इलाकों की ड्रोन से निगरानी की,



जहां यह देखा गया कि कहीं भी घरों की छतों पर ईंट-पत्थर तो नहीं रखे गये हैं। यह कदम सुरक्षा के मद्देनजर उठाया गया, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

**पुलिस की तैयारियां :** डीआइजी सह एसएसपी चंदन सिन्हा ने पुलिस अधिकारियों को आदेश दिया है कि वे स्वयं इन इलाकों में भ्रमण करें और संवेदनशील स्थानों की पहचान कर वहां सुरक्षा बलों की तैनाती करें। एसएसपी ने यह भी चेतावनी दी कि अगर किसी भी इलाके में गड़बड़ी होती है, तो वहां के थाना प्रभारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

### सिटी कंट्रोल रूम की भूमिका

सिटी कंट्रोल रूम में बैठे पुलिसकर्मियों को भी आदेश दिये गये हैं कि वे पूरे शहर में लोगों की गतिविधियों पर पैनी नजर रखें। अगर किसी इलाके से कोई संदिग्ध सूचना मिलती है, तो तत्काल लोकल थाना की पुलिस को सूचित किया जाये।

### यातायात व्यवस्था में बदलाव

रामनवमी और चैती दुर्गा पूजा के विसर्जन को लेकर शहर में यातायात व्यवस्था में भी बदलाव किये गये हैं। पुलिस और प्रशासन पूरी तरह से तैयार हैं ताकि त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाया जा सके और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 05 अप्रैल, 2025
www.azadsipahi.in
04

# झुमरीतिलैया में खुला तनिष्क का नया शोरूम

**ब्रांड की हर खरीदारी पर निःशुल्क सोने के सिक्का**

गौतम पाल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा के झुमरीतिलैया शहर में शुक्रवार को तनिष्क ज्वैलरी रिटेल ब्रांड के नये स्टोर का शुभारंभ किया गया। जिसका उद्घाटन तनिष्क के रिटेल हेड सुनील राज, बिहार झारखंड के रीजनल बिजनेस मैनेजर मोनीशंकर सेनगुप्ता, बंधुब्रोतो बनर्जी, फ्रेंचाइजी कमल कुमार फोगला और संतोषी देवी फोगला ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और दीप प्रज्वलन के साथ किया। इस दौरान आयोजित पत्रकार वार्ता में रिटेल हेड सुनील राज ने कहा की नई स्टोर के शुरू होने की खुशी उपभोक्ताओं के साथ बांटी जायेगी। उन्होंने कहा ब्रांड की हर खरीदारी पर निःशुल्क सोने का सिक्का उपहार स्वरूप भेंट की जायेगी और यह आकर्षक उपहार का लाभ ग्राहक 6 अप्रैल तक ही उठा सकते है। श्री राज ने कहा तनिष्क का कोडरमा में खोला गया यह 16वां नया स्टोर है, और इस तरह तनिष्क बिहार/झारखंड का 50वां और पूरे भारतवर्ष में 530 वां शोरूम है। उन्होंने कहा देश का पसंदीदा ज्वेलरी ब्रांड होने के नाते हमारे उपभोक्ताओं को बेहतर ग्राहक सेवा प्रदान करना हमेशा से हमारा उद्देश्य रहा है। तनिष्क परंपरा को कायम रहने की प्रतिबद्धता को निभाने के लिए निरंतर प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा 6400 स्क्वायर फीट के इस नये तनिष्क स्टोर में प्लेन सोने, हीरे, मूल्यवान कुंदन और खूबसूरत पोल्की में बने तनिष्क के बेहद खूबसूरत डिजाइन की विशाल श्रेणी मौजूद है। वहीं बिहार/झारखंड के रीजनल बिजनेस मैनेजर सेन गुप्ता ने कहा कि तनिष्क ब्रांड हमेशा से गुणवत्ता युक्त ज्वेलरी का प्रतीक रहा है। भारतीय परंपरा और लोगों की पसंद को ध्यान में रखते हुए तनिष्क में बेहतरीन डिजाइन की ज्वेलरी उपलब्ध है, और शादी विवाह के खास अवसर को यादगार बनाने के लिए एक से बढ़कर एक खास और आकर्षक कलेक्शन उपलब्ध है। उन्होंने कहा महाराजाओं के दरबार शाही महल और समृद्ध विरासत से प्रेरित होकर बनाया गया फेस्टिव कलेक्शन नव-रानी भी पेश किया गया। यहां ओल्ड गोल्ड पर 100प्रतिशत एक्सचेंज की सुविधा उपलब्ध है। कलेक्शन में महिलाओं और पुरुषों के लिए सभी प्रकार के आभूषणों का समावेश है। इसके अलावा इस नये स्टोर में तनिष्क का वेंडिंग ज्वेलरी सब ब्रांड रीवाह के शानदार आभूषण भी खरीदे जा सकते हैं। एक सवाल के जवाब में सेन गुप्ता ने कहा कि गहनों की शुद्धता माप के लिए यहां कैरटमीटर भी उपलब्ध है। मौके पर विधायक डॉ नीरा यादव, चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष प्रदीप केडिया, अविनाश सेठ, रामरतन महर्षि, महेश दारूका, वीरेंद्र यादव उर्फ विरू, निवर्तमान वार्ड पार्षद अनुराग सिंह, तनिष्क के एच.आर रवि कुमार शहीद दर्जनों गणमान्य लोग मौजूद थे।



**टाटा समूह का यह ब्रांड लोगों के दिलों पर कर रहा राज**

गोल्ड और डायमंड ज्वेलरी की खरीदारी का महज एक जरिया नहीं रह गया, बल्कि आज यह ब्रांड भारतीय नारी की पहली पसंद बन गयी है। यह एक ऐसा ब्रांड बन गया है, जहां से लोग खास मौके के लिए खरीदारी करने के बाद भी एक भावनात्मक जुड़ाव महसूस करते हैं। टाटा समूह का यह ब्रांड बीते दो दशकों से बेहतरीन कारीगरी, आकर्षक डिजाइन, उत्पादों की गुणवत्ता का प्रतीक माना जाता है।

**तनिष्क देता है ज्वेलरी का विस्तृत रेंज**

स्टोर में हर बजट में गुणवत्तापूर्ण आभूषण उपलब्ध है। हर वर्ग के लोग यहां खरीदारी कर सकते हैं। यहां ग्राहकों को साधारण और उन्नत दोनों किस्म की ज्वेलरी मिल जायेगी। इसके अलावा सभी ग्रहों से संबंधित पत्थर भी उपलब्ध है।

## राष्ट्रपति की दावत में शामिल हुए सांसद



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल शुक्रवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन के सांस्कृतिक केंद्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा आयोजित विशेष नाश्ते में शामिल हुए। इस दौरान बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर और मेघालय राज्य के सांसदों ने एक साथ मिलकर राष्ट्रपति के निमंत्रण पर उनके आवास में आयोजित इस इवेंट का आनंद उठाया ।

## टाटीझरिया में महा अष्टमी की पूजा आज



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** टाटीझरिया प्रखंड में बासंतिक दुर्गा पूजा झरपो, बेड़मक्का, और होलग में हो रही है शुक्रवार को महासप्तमी पूजन के साथ मां दुर्गे का पट खुला। पट खुलते ही दुर्गा मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। झरपो में माता रानी के भक्त नवपत्रिका स्नान के लिए गाजे बाजे शंख ध्वनि के साथ आचार्य महेंद्र पंडा ज्योतिष पंडा, गंगाधर पंडा चतुर्भुज पांडेय, विकास पांडेय, छोटी ठाकुर और बननी राम झरपो खुटाहि तालाब में नवपत्रिका का स्नान होलंग में आचार्य गोपाल पंडा, शंकर पंडा, अरुण पंडा और बेडमक्का में राजेंद्र पांडेय रामचंद्र पांडेय और अन्य के द्वारा पूजा अर्चना की गयी। साथ ही स्नान ध्यान कर वापिस मंदिर में स्थापित कर पूजा अर्चना कलश स्थापना और मां दुर्गा की प्राण प्रतिष्ठा किया गया। आरती और प्रसाद का वितरण के साथ महा सप्तमी पूजा समाप्त हो गयी। आज महा अष्टमी पूजा है माता रानी का अष्टम रूप महागौरी देवी का पाठ पूजा होगी और संध्या समय आज रात्रि में 12 बजकर 06 मिनट पर संधि बलि पूजा होगी।

## विष्णुगढ़ में नवपत्रिका प्रवेश के साथ पूजा पंडाल में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ प्रखंड में शुक्रवार को चैती दुर्गा मंदिर में नवपत्रिका प्रवेश के पश्चात महासप्तमी पूजा की गयी। इसके पूर्व मंदिर में आरती पूजन के बाद पारंपरिक ढोल-बाजे के साथ पालकी यात्रा बड़की बांध पहुंचा जहां ब्राह्मणों द्वारा विधिवत पूजा अर्चना के बाद पालकी यात्रा में मां जगदंबे को दुर्गा मंदिर पूरे सम्मान के साथ लाया गया। इसके साथ ही श्रद्धालुओं के सप्तमी पूजन के लिए मंदिर पट खोल दिया गया। मंदिर का पट खुलते ही श्रद्धालु भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। वहीं पूजा अर्चना में दिनभर जुटे रहे भक्त लोग। शुक्रवार रात्रि में भोग आरती, शनिवार को अष्टमी पूजा और रात में संधि पूजा, महानवमी को पूजा, हवन आरती, दशमी को नवपत्रिका विसर्जन और शाम में प्रतिमा विसर्जन किया जायेगा। इस पूजा को सफल बनाने में रोहितानंद मिश्र, अजीत मिश्रा, अनंत कुमार वैद्य, राजेंद्र पांडे, विनोद मिश्र, विवेक मिश्रा, रविंद्र कुमार राय, रामजन्म राय, विजय राय, रोहित सोनी, प्रदीप सोनी, अयोध्या सोनी, सरयु ठाकुर समेत तमाम श्रद्धालु भक्त जुटे हुए हैं।

## बादम में यज्ञ ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत ग्राम बादम में होने वाले श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ के लिए ध्वजारोहण का कार्यक्रम किया गया। यज्ञ 29 अप्रैल से 7 मई तक होना है। ध्वजारोहण कार्यक्रम से पहले पूरे बादम पंचायत के सभी गांव का भ्रमण किया गया, इस भ्रमण मे दो हजार से भी अधिक महिला और पुरुष सामिल हुए, और बच्चों कि भी संख्या अधिक थी जो काफी उत्साहित दिखे। ग्राम भ्रमण के दौरान कुतुलवा, उपरैली बागी, बादम सहित अन्य स्थानों पर गुड़ का शर्बत, दही लस्सी, शर्बत, पानी कि उत्तम व्यवस्था की गयी थी, यह यात्रा मां पंचवाहिनी मंदिर से होते हुए बाबु पारा, बादम, कुतुलवा, उपरैली बागी, कॉलोनी, राउतपारा होते मां पंचवाहिनी मंदिर यज्ञ स्थल पहुंच कर आर्चाय मनोज कुमार पांडेय सहित सुरेन्द्र महतो, देवन्ती देवी, जुगेश्वर महतो, मंजु देवी, भूदेव महतो, राधा देवी, मुरली साव, भिखनी देवी और अन्य पुजारियों द्वारा विधिवत पूजन कर ध्वजारोहण का कार्य संपन्न किया गया। मौके पर उपस्थित संतोष कुशवाहा, नितेश वर्मा, रवि कुमार दांगी, शुभनाथ महतो, कालीचरण कुमार, रंजीत गुप्ता, अरुण गुप्ता, प्रेम गुप्ता, गौतम वर्मा, टिकेंद्र महतो, प्रकाश राम, प्रमोद कुमार, दशरथ कुमार, गोविंद महतो, संजय कुमार, कैलाश कुमार, त्रिवेणी महतो, ज्ञानी महतो सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित थे।

## पूर्व मुख्यमंत्री का भाजपाइयों ने किया स्वागत



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भाजपा नेता रघुवर दास का बड़कागांव आगमन पर काली मंदिर प्रांगण में भाजपाइयों द्वारा ढोल नगाड़े, माला और पगड़ी पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी की अध्यक्षता में स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वागत पश्चात रघुवर दास केरेडारी के लिए रवाना हो गये। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से विधायक रोशन लाल चौधरी, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, भाजपा जिला कार्य समिति सदस्य डॉक्टर बालेश्वर महतो, विधानसभा सांसद प्रतिनिधि पूनम साहू, विधानसभा सांसद सह प्रतिनिधि कृष्णा राम, बड़कागांव पश्चिमी मंडल सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार, बड़कागांव उरीमारी मंडल सांसद प्रतिनिधि महेंद्र महतो, विधानसभा सांसद मीडिया प्रतिनिधि उमेश दांगी, बड़कागांव पश्चिम मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी, बड़कागांव उरीमारी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, मनोज गुप्ता, जुगनू सिंह, शिबू कुमार, रामपति राम, अरुण मालाकार के अलावा दर्जनों भाजपाई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा आज

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा 5 अप्रैल को झुमरीतिलैया स्थित मॉडर्न पब्लिक स्कूल और डीएवी पब्लिक स्कूल में होगी। परीक्षा का आयोजन नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा किया जा रहा है। इसमें लगभग 750 छात्र भाग लेंगे। परीक्षा के सफल आयोजन के लिए मॉडर्न पब्लिक स्कूल के प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार को सिटी कोऑर्डिनेटर के रूप में नियुक्त किया गया है। इस परीक्षा के लिए मॉडर्न पब्लिक स्कूल में राहुल मिश्रा और डीएवी पब्लिक स्कूल में कृष्णा कुमार सिंह को सेंटर सुपरिंटेंडेंट नियुक्त किया गया है।

# हजारीबाग आंदोलन की धरती है: मंत्री योगेंद्र महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** झारखंड सरकार के मंत्री योगेंद्र महतो ने कहा कि हजारीबाग आंदोलन की धरती है। झारखंड आंदोलन में यहां के लोगों ने अग्रणी भूमिका निभायी है। झारखंड हेमंत सोरेन के नेतृत्व में विकास के पथ पर अग्रसर हो गया है। यह बातें हजारीबाग में आयोजित झामुमो के 46वें स्थापना दिवस पर योगेंद्र महतो ने कहीं।

मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि आज हजारीबाग में जुटी भीड़ यह साबित कर रही है कि वह अपने नेता हेमंत सोरेन को कितना चाहती है। यह स्थापना दिवस संकल्प लेने का दिन है। हमसबों को मिलजुल कर गुरुजी के सपनो को सच करना है।

मंत्री का दर्जा प्राप्त राज्य समन्वय समिति के सदस्य बिनोद पांडे ने कहा कि भाजपा वाले बोलते हैं कुछ और करते हैं कुछ और। भाजपा को झारखंडियों से नफरत है, क्योंकि वे नहीं चाहते कि झारखंड का कोई भाई बेटा आगे बढ़े।



राज्य समन्वय समिति सदस्य फागू बेसरा ने कहा कि यह स्थापना दिवस हक और अधिकार के संकल्प लेने का दिन है।

जिला अध्यक्ष संजीव बेदिया ने कहा कि झारखंड को सिर्फ झामुमो ही संवार सकता है। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड विकास के राह पर अग्रसर है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष संजीव कुमार बेदिया और संचालन जिला सचिव नीलकंठ महतो ने किया। कार्यक्रम को केंद्रीय नेता डॉ कमल नयन सिंह, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, रामगढ़ जिला अध्यक्ष बिनोद किस्कू, राजकुमार महतो, दिलीप वर्मा, गौरव पटेल, पूर्व मेयर अंजली कुमारी, विकास राणा, आरके मेहता, संजय गुप्ता, मनोहर राम, बड़कागांव प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह ने भी संबोधित किया। मौके पर मो इजहार, सोनाराम मांझी, टेकोचन्द महतो, सुनील शर्मा, मुखिया संघ जिला अध्यक्ष रंजीत मेहता, उप प्रमुख सतेंद्र कुमार, राजेश मेहता, बिक्की धवन, रवि सिंह, उज्ज्वल सिंह, कुदूस अंसारी, सरफराज अहमद प्रमोद गुप्ता, नईम राही, कलीम खान, यासीन खान, बीरेंद्र राणा, महताब आलम, बासुदेव महतो, कुदुश अंसारी, सलीम अंसारी, राजाराम मांझी, चंद्रदीप पांडेय, निजाम अंसारी, देवानंद, लखनलाल महतो, बालकुमार महतो, राजा मोहम्मद, दीपक राय, कौशर अंसारी, कमाल कुरैशी समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह और डीआईजी संजीव कुमार खुद सीएम हेमंत सोरेन की सुरक्षा की मॉनिटरिंग कर रहे थे। हर गतिविधि पर नजर रखते हुए पुलिस पदाधिकारियों को दिशा निर्देश दे रहे थे।


कार्यक्रम के उपरांत सैकड़ों लोगों ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण किया। जिनमें रामा सोनी, पदमा मुखिया अनिल मेहता, बेलाल साव, पारस सरण देव, मनोज किस्कू, रामचंद्र किस्कू, विवेक मेहता समेत अन्य शामिल है।

## झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री पहुंचे हजारीबाग

# वर्तमान सरकार तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है: रघुवर दास

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास शुक्रवार को हजारीबाग पहुंचे। वे सबसे पहले केरेडारी में एक कार्यक्रम में शरीक हुए उसके बाद हजारीबाग शहर में सदर विधायक प्रदीप प्रसाद द्वारा आयोजित रामनवमी शोभा यात्रा में शामिल होकर धर्मप्रेमियों का हौसला बढ़ाया। हजारीबाग परिसदन में मीडिया कर्मियों से बात करते हुए बताया कि वर्तमान की हेमंत सरकार तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है। इनके शासन काल में कोई सुरक्षित नहीं है। हिंदुओं और आदिवासियों को पर्व और त्योहार मनाने से रोका जा रहा है। सरकार और प्रशासन मूक दर्शक बनी हुई है। सरकार अगर गिरिडीह में हुई पत्थर बजी की घटना को गंभीरता से लेती तो हजारीबाग के मंगला



जलूस और कोडरमा के जलयात्रा पर एक समुदाय द्वारा पत्थरबाजी की घटना नहीं होती। आदिवासी भाई अब सरहुल भी शांति से नहीं मना पाते उनके त्योहार को भी एक समुदाय निशाना बना पत्थर बरसाने का काम किया है। इस सरकार में बहुसंख्यक समाज के पर्व त्योहार में बाधा पहुंचाने का काम किया जा रहा है। हमारी सरकार ने सरहुल और रामनवमी में हेलीकॉप्टर से फूल बरसाने का काम किया था। आज झामुमो कांग्रेस की सरकार में फूल की जगह पत्थर और पेट्रोल बम बरसाने का काम किया जा रहा है। यह राज्य के लिए अच्छी बात नहीं है। मगर अब हिंदू समुदाय भी चुप रहने वाला नहीं। मौके पर बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक यादव, टुन्नु गोप, भैया अभिमन्यु प्रसाद, कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**पीड़ित परिवार में मिले पूर्व सीएम**



**केरेडारी।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और उड़ीसा के पूर्व राज्यपाल शुक्रवार को एक दिवसीय दौरे पर केरेडारी पहुंचे इन्होंने सबसे पहले कंडाबेर स्थित मां अस्टभुजी माता स्थान में पूजा-अर्चना कर मां का आशीर्वाद लिया। साथ ही झारखंड वासियों के लिए मंगलकामना किया। पूजा-अर्चना के बाद इन्होंने बेंगवरी प्रखंड का दौरा कर बीते दिनों रांची में अपराधियों के द्वारा निर्मम हत्या किये गये। स्व भूपल साव के परिजनों से मिलकर इन्हें ढांढस बंधाया और सरकार से अपराधियों पर नकेल कसने की मांग किया है। पूर्व सीएम रघुवर दास ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा की वर्तमान सरकार में अपराधियों का बोलबाला है और सरकार अपराधियों पर नकेल कसने में नाकाम है। मौके पर सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, सिमरिया के पूर्व विधायक किसुन दास, पूर्व जिलाध्यक्ष टुन्नू गोप, केरेडारी मंडल अध्यक्ष कर्मचारी साव, उपेन्द्र सिंह, बद्रीनारायण सिंह, महेंद्र सिंह, मूलचंद साव, बालगोविन्द सोनी, नारायण यादव, नरेश महतो, पूनम साव, प्रीतम साहू, अमित प्रसाद गुप्ता, सुनील राज सिंह उर्फ शेर सिंह सहित दर्जनों कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

## अखाड़ों और समितियों के साथ महासमिति ने की बैठक

# उमंग हो, लेकिन उन्माद न हो: एसडीपीओ

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** बड़कागांव पश्चिमी पंचायत भवन में रामनवमी महासमिति की बैठक सभी अखाड़ों के अध्यक्ष, सचिव और सदस्यों के साथ हुई। इसकी अध्यक्षता रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष विवेक सोनी और संचालन मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष सह पश्चिम मंडल के सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि एसडीपीओ पवन कुमार, विशिष्ट अतिथि सीओ मनोज कुमार, बीडीओ जितेंद्र मंडल, थाना प्रभारी नेमधारी रजक, सांसद प्रतिनिधि पूनम साव, सांसद मीडिया प्रतिनिधि उमेश दांगी, उप मुखिया सत्यदेव कुमार, बसंती दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र सोनी उपस्थित हुए। बैठक में अपने अध्यक्षीय भाषण देते हुए विवेक सोनी ने कहा कि झांकी जुलूस में कोई भी व्यक्ति शराब का सेवन नहीं करें। शांति और सौहार्द पूर्वक समय पर जुलूस निकालें। बैठक में मुख्य अतिथि एसडीपीओ पवन कुमार ने कहा कि धर्म के नियमों का पालन करते हुए पर्व मनाये है। उमंग हो, उन्माद न हो। मौके पर नरेश साव, मनीष गुप्ता, अमित ठाकुर, सोनू कुमार, विक्रम ठाकुर, दीपक कुमार साव, प्रकाश कुमार, कुलदीप सोनी, विक्रम सोनी, अंकित कुमार, उपेंद्र राम, अनु विश्वकर्मा, चोहन साव, दीपक कुमार साहू, आशीष कुमार, सुभाष राणा समेत कई लोग शामिल हुए।




**मुख्य निर्णय**

इसके बाद बैठक में सभी अखाड़ों और समितियों के सदस्यों की राय मशवरा से रूट चार्ट तैयार की गयी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि अष्टमी की रात 5 अप्रैल को कुशवाहा रामनवमी समिति द्वारा महावीर झंडा के साथ जुलूस निकाला जायेगा। 6 अप्रैल को नवमी के दिन रामनवमी का जुलूस 12 अखाड़ों द्वारा निकाला जायेगा। विजयदशमी की रात 9:00 बजे से 14 समितियों द्वारा झांकी के साथ जुलूस निकाला जायेगा। पुलिस प्रशासन द्वारा शांति बनाने वाले सदस्यों टी शर्ट दी जायेगी।

## भाजपाइयों ने वक्फ बिल पास होने पर जतायी खुशी



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल के भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने लोकसभा और राज्यसभा में वक्फ बिल पास होने की खुशी में गौतम भारती की अगुवाई में मिठाइयों का वितरण किया और खुशी जताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, जेपी नड्डा जिंदाबाद, अमित शाह जिंदाबाद मनीष जायसवाल के नारे लगाते हुए एक दूसरे से गले मिलकर एक दूसरे को बधाई दी। दोनों सदन में वक़्फ बिल के पास होने पर भाजपाइयों में खुशी की लहर देखने को मिल रही है। कहा कि बक्फ बिल को समय की मांग बताया, इससे लोगों को भला होगा किसी को कोई नुकसान नहीं होगा। मौके पर मुख्य रूप से विष्णुगढ़ पश्चमी मंडल मंत्री राजेश सोनी, महिला मोर्चा अध्यक्षा अंजु देवी, युवा मोर्चा मंत्री कन्हाई यादव, रंजना यादव, सुरेश साव, सुरेश रवानी, पप्पु बरनवाल, गोलु, मनोज सोनी, चंदन सोनी इत्यादि मौजूद थे।

## ड्रोन से जुलूस मार्ग का किया गया निरीक्षण



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र में अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह के देखरेख में ड्रोन कैमरा के माध्यम से जयनगर क्षेत्र के विभिन्न जुलुस मार्गो का निरीक्षण किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह ने कहा कि रामनवमी त्योहार शांति सौहार्द वातावरण में दोनों समुदाय के लोग मनायें। उन्होंने कहा कि रामनवमी त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की शांति व्यवस्था भंग नहीं हो इस बात का पूरा-पूरा ध्यान रहे। सोशल मीडिया और अफवाहों से लोगों को बचने का निर्देश दिया और आसामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। मौके पर अंचल अधिकारी सारांश जैन, थाना प्रभारी बबलू कुमार सहित पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

## उदीयमान सूर्य को अर्घ्य के साथ चैती छठ संपन्न



**सतगावां (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के विभिन्न छठ घाटों पर शुक्रवार को लोक आस्था का महापर्व चैती छठ उदयमान भगवान भास्कर को छठव्रतियों ने अर्घ्य दिया। चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व चैती छठ शुक्रवार को संपन्न हुआ। सभी छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी चहुंओर छठ गीत से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। प्रखंड के शिवपुर घाट, कटहरा घाट, समलडीह घाट, माधोपुर, नरायडीह, मरचोई, टेहरो, मीरगंज, नावाडीह, दुमदुमा घाट समेत दर्जनों छठ घाटो पर श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखी गयी। हालांकि सभी छठ घाटों पर प्रशासन के तरफ से पुख्ता इंतजाम देखा गया। अंचलाधिकारी केशव प्रसाद चौधरी और थाना प्रभारी सौरव कुमार शर्मा घाट पर अंतिम समय तक मौजूद रहे। जिनके साथ स्वास्थ्य विभाग के कर्मी और डॉक्टर भी मौजूद रहे। एहतिहात के तौर पर एम्बुलेंस की सेवा भी उपलब्ध रही। जबकि सतगावां थाना प्रभारी श्री शर्मा के साथ थाना के कई पदाधिकारी अपने दलबल के साथ सभी घाटों का निरीक्षण करते दिखे। श्रद्धालुओं में काफी उमंग देखी गयी। ढोल, बाजा गाजा के साथ घाट पर पहुंचे। जहां उदयमान भगवान भास्कर अर्घ्य दिया गया और साथ ही साथ मुंडन संस्कार कार्यक्रम भी खूब हर्षोल्लास के साथ किया गया।

## महिला के आवेदन पर कई लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** तिलैया थाना अंतर्गत बेलाटांड में दो दिन पूर्व नाबालिग बच्ची के साथ छेड़छाड़ मामले में आरोपी बनाये गये 60 वर्षीय बाबू यादव ने जहर खा लिया था। इलाज के दौरान रांची में उसकी मौत के बाद बाबू यादव के शव के साथ उसके परिजनों ने सुभाष चौक को घंटो जाम रखा। शाम से शुरू हुआ यह जाम करीब 12 बजे रात के बाद पुलिस के आश्वासन पर जाम को समाप्त किया गया। इस मामले में परिजनों ने कहा कि बाबू यादव को प्रताडित कर आत्महत्या के लिए प्रेरित किया गया। इस मामले में बाबू यादव की पत्नी के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। इस मामले में सोशल मीडिया पर खबर चलाने वाले दो लोगों के अलावा एक दर्जन लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया है, जिसमें राजन गुप्ता, लक्ष्मण गुप्ता, भरत गुप्ता, रौशन गुप्ता चारो के पिता सुरेश गुप्ता, नेहा गुप्ता, पति राजन गुप्ता, रिम्पी गुप्ता, पति लक्ष्मण गुप्ता, कुणाल गुप्ता, पिता महेश गुप्ता, सूरज गुप्ता, गायत्री गुप्ता, अमर गुप्ता के नाम शामिल हैं।

## मां कालरात्रि की पूजा-अर्चना हुई



रजरप्पा (आजाद सिपाही)। रजरप्पा कोयलांचल क्षेत्र में विभिन्न क्षेत्र में चैत्र दुर्गा पूजा का विधि विधान से मंत्र उच्चारण के साथ शुभारंभ हुआ शुक्रवार को मां कालरात्रि की पूजा अर्चना की गयी, दुर्गा पूजा को लेकर कई दुर्गा मंदिरों में चैती दुर्गा की स्थापना की गयी। इस दौरान चितरपुर क्षेत्र के छोटकी पोना प्राचीन दुर्गा मंदिर कुंदरु कला प्राचीन दुर्गा मंदिर, छतरमांडू दुर्गा मंदिर में दुर्गा प्रतिमा स्थापित किया। इसके अलावा कई अन्य ग्रामीण इलाकों में भी चैती दुर्गा पूजा धूमधाम से मनायी जा रही है, सुबह से शाम आचार्य के द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ पूजा अर्चना की जा रही है दुर्गा पूजा और रामनवमी त्योहार होने के चलते चारों ओर भक्तिमय गीत से पूरा क्षेत्र गूंजाय मान रहा और भक्ति में डूबा रहा रहा।

## शिरोमणि बाबा चौहरमल की मनी जयंती



उरीमारी (आजाद सिपाही)। पासवान कल्याण केंद्रीय समिति सयाल भुरकुंडा के तत्वावधान में सयाल में शुक्रवार को शिरोमणी बाबा चौहरमल की 712 वीं जयंती मनायी गयी। अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष उपेंद्र पासवान और संचालन संरक्षक खजांची राम ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत समिति के लोगों ने महाबली बाबा चौहरमल के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर की। मौके पर समाज के उत्थान और शिक्षा पर जोर देते सबों को एकजुट रहने की बात कही गयी। वक्ताओं ने कहा कि बाबा चौहरमल का जन्म 1313ई में हुआ था। वे एक किसान परिवार से थे। उन्होंने अपने समाज के उत्थान के लिए कई सराहनीय कार्य किये। इस दौरान बाबा चौहरमल के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताये मार्ग पर चलने का सामुहिक संकल्प भी लिया गया। मौके पर समिति के संरक्षक खजांची राम, उपेंद्र पासवान, वीरेंद्र पासवान, इंद्रदेव पासवान, राम प्रवेश पासवान, गणेश पासवान, शयन बिहारी पासवान, सुरेंद्र पासवान, बिजेंद्र कुमार, ब्रिंदा पासवान, बटाई पासवान, राजेंद्र प्रसाद चौहान, रामदयाल सिंह, निर्मल मुंडा सहित समाज के दर्जनों लोग मौजूद थे।

## झामुमो सीसीएल सौंदा पंचायत कमेटी का पुनर्गठन



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। झारखंड मुक्ति मोर्चा सीसीएल सौंदा पंचायत के कार्यकर्ताओं द्वारा शुक्रवार को सौंदा में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से झामुमो के पूर्व जिला सचिव उदय मालाकार उपस्थित थे। बैठक में संगठन की मजबूती सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा करते हुए सर्वसम्मति से सीसीएल सौंदा पंचायत कमेटी का पुनर्गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार, उपाध्यक्ष फिरोज खान और रवि पाठक, सचिव पप्पु लिंडा, संयुक्त सचिव छोटेलाल रजक, सह संयुक्त सचिव बजरंगी साव, संगठन सचिव सुजित साव, सहायक संगठन सचिव अजय साव, कोषाध्यक्ष शिबु शर्मा, सह कोषाध्यक्ष मनोज साव चुने गये। वहीं कार्यकारिणी सदस्यों में उदय मालाकार, राजेश कुमार प्रसाद, अशोक भुंइया, रामवृक्ष राम, जितेंद्र साव, राजु साव, विनोद प्रसाद, डब्लू उरांव, विक्की भुंइया, दीपक साव, करण साव, भोला प्रसाद, सुरेश साव शामिल हैं। मौके पर राजेश प्रसाद, राजेश पासवान, सुकरा साव, केशव कुमार, भोला यादव, प्रकाश मेहरा, गुरुाली देवी, सबिता देवी, प्रमिला देवी, सुनिता देवी, रेखा तिर्की सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## आदिवासी छात्र संघ ने सरहुल पूजा सह मिलन समारोह का किया आयोजन




रामगढ़ (आजाद सिपाही)। आदिवासी छात्र संघ के तत्वावधान में शहर के सुभाष चौक में सरहुल पूजा सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि विधायक ममता देवी, कल्याण विभाग के आप्त सचिव विजय कच्छप, सिमडेगा के जिलाध्यक्ष आलोक बागे, आदिवासी नेता महेंद्र मुंडा, समाजसेवी कमल बगड़िया, पीएचडी विभाग के एसडीओ मनीराम मुंडा, 20 सूत्री उपाध्यक्ष दिनेश मुंडा, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष सुनील करमाली, गुरुद्वारा के प्रधान परमदीप सिंह कालरा सहित अन्य अतिथि शामिल हुए। मौके पर विधायक ममता देवी ने कहा कि सरहुल जिले में रिश्तों की डोर को मजबूत करते हुए सामाजिक सद्भाव का संदेश दे रहा है। सरहुल के जुलूस में सभी समुदायों के लोगों ने पूरे उत्साह के साथ आयोजन में भाग लिया। जुलूस में जनजातीय संस्कृति के अनुरूप नाचते-गाते भाईचारगी की अदभुत मिसाल पेश की। उन्होंने कहा कि सरहुल का त्योहार प्रकृति से जुड़ने का त्योहार है। प्रकृति जब भेदभाव नहीं करती है तो प्रकृति में रहने वाले लोगों को भी भेदभाव नहीं रखना चाहिए। आदिवासी छात्र संघ के द्वारा आयोजित सरहुल पूजा सह मिलन समारोह में शामिल हुए अतिथियों का स्वागत संघ के पदाधिकारी ने परंपरागत तरीके से किया। समारोह की अध्यक्षता सुनील मुंडा और संचालन प्रकाश करमाली और जगनारायण बेदिया ने संयुक्त रूप से किया। जिले के विभिन्न स्थानों से आदिवासी समाज के लोग पारंपरिक वेशभूषा में ढोल-मांदर की थाप पर थिरकते हुए और लोक नृत्य करते हुए सुभाष चौक स्थित समारोह स्थल पहुंचे। इस दौरान झांकी का भी प्रस्तुत किया गया। जिनका स्वागत आदिवासी छात्र संघ के द्वारा किया गया। इस दौरान पूरा शहर जय सरना से गूंज उठा। मौके पर राजी पडहा सरना प्रार्थना सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष छोटेलाल करमाली, प्रदेश महासचिव संदीप उरांव, प्रदेश सलाहकार सुभाष उरांव, जिला धर्मगुरु संदीप टोप्पो, आदिवासी छात्र संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष संतोष मानकी, अधिवक्ता शिवकुमार करमाली, अनिल मुंडा, इंद्रजीत मुंडा, पंचदेव करमाली, दिनेश मुर्मू, तिवारी टोप्पो, बुधन करमाली, बनवारी मुंडा, माधव करमाली, संजय करमाली, विजय कच्छप, दीपक बेदिया, कृष्ण सोरेन, उचित नारायण करमाली, गणेश पाहन, राजन मुंडा, चरका मुंडा, अशोक करमाली, अशोक मुंडा सहित कई लोग उपस्थित थे।

# अस्त्र-शस्त्र चालन की महा प्रतियोगिता का आयोजन

## विजयी अखाड़ों को नगद राशि और ट्रॉफी देकर किया सम्मानित



आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। श्री श्री रामनवमी पूजा महासमिति के द्वारा जिला स्तरीय महा अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन छावनी फुटबॉल मैदान रामगढ़ में किया गया। महासमिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र साव भोपाली के नेतृत्व में इस कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी, मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो और विशिष्ट अतिथि में युवा नेता सह समाज सेवी पियूष चौधरी और रामगढ़ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार, महासमिति के मुख्य संरक्षक राजेश ठाकुर, रंजन फौजी, छोटू वर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों, विशिष्ट अतिथियों के अलावे धनंजय कुमार पुटूस, रविंद्र शर्मा, कोषाध्यक्ष आशीष कुमार सिंहा ने सामूहिक रुप से द्वीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अमरदीप समिति यंग क्लब, द्वितीय स्थान श्री श्री पवन पुत्र रामनवमी समिति, तृतीय स्थान श्री श्री विष्णु बाल मंडली, चतुर्थ स्थान श्री श्री रामनवमी समिति हुप्पू गोला, एवं पंचम स्थान शिवनंदन अखाड़ा ने प्राप्त किया। महासमिति के द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को नगद पुरस्कार 11000, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को नगद पुरस्कार 5100 और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को नगद पुरस्कार 2100 के साथ-साथ सभी को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। साथ ही सभी मंडली और विशेष करतब दिखने वाले कलाकार को प्रोत्साहन राशि के साथ ट्रॉफी भी दिया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से अपने कला की प्रदर्शनी दिखाने वाले में गुनगुन भारती, आरवी भारती, इशिका कुमारी, आभा शर्मा, वीपाषा शर्मा, धनराज सोनकर, पियुष सोनकर, राजवीर कुमार, हर्ष सोनकर, दीपक मेहता, देविका कुमारी ने अपना करतब दिखाया। जिसमें महासमिति के द्वारा ट्रॉफी के साथ नगद रुपए देकर पुरस्कृत किया गया।

मौके पर मुख्य रूप से महासमिति के महासचिव विशाल जयसवाल, सरदार अनमोल सिंह, संरक्षक अयोध्या वर्मा, प्रोफेसर संजय सिंह, उपाध्यक्ष गौतम महतो, सचिव रोहित सोनी, मीडिया और सोशल मीडिया प्रमुख प्रवीण कुमार सोनू, दिपक तिवारी, विशाल राणा, नीतीश कुशवाहा रोहित सोनी, मुन्ना खटीक, श्याम सुंदर शर्मा, ओमप्रकाश कुशवाहा, दिपक साव, राहुल शर्मा, अभय गप्पू, संदीप महतो, संदीप जयसवाल, रोहित सोनी, शौर्य प्रसाद, सौरभ वर्मा, मनोज महतो, जीतू साव, सुजीत सोनकर, विकास सोनकर, अजीत दांगी, अंकित जायसवाल, सौरभ कुमार, राजीव कुमार, शिवम कुमार, सनी करमाली, संदीप शर्मा, विशाल आर्यवीर, रवि चंद्रवंशी, शिबू दांगी, मणिशंकर ठाकुर, मुकेश राम, दीपक सिंह, वरुण सिंह, धीरज राम, मुकेश नायक, राधिका देवी, मुकेश नायक, अविनाश राम, अजीत कुमार, अशोक विश्वकर्मा, अतुलेश सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

### दर्जनों अखाड़ों के प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

इस प्रतियोगिता में रामगढ़ जिले के सभी प्रखंडों के कई अखाड़ों ने भाग लिया। जिनमें से श्री श्री रामनवमी पूजा हुप्पू गोला, शिवनंदन अखाड़ा रामगढ़, बाल भारती मंडली, श्री श्री पवन पुत्र रामनवमी समिति रामगढ़, अमरदीप समिति यंग क्लब क्वाटर रामगढ़, श्री श्री विष्णु बाल मंडली बीआर क्वाटर रामगढ़ के अखाड़ों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अखाड़ों ने अपने कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम देखने के लिए लोगों की काफी भीड़ रही। निर्णायक मंडली में मुख्य रूप से मनोज प्रसाद, शेखर राम, बबलू राम, राज कुमार भंडारी, आशीष कुमार सिंहा, संजय सोनकर उपस्थित रहे। जिन्होंने कार्यक्रम में भाग लिए हुए अखाड़ों के कला का प्रदर्शन को जज कर रहे थे।

# पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास का रामगढ़ में स्वागत

**मैं सदैव राज्य और जनता के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध रहूंगा: रघुवर दास**



आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। रांची से हजारीबाग जाने के क्रम में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह उड़ीसा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास का रामगढ़ जिले में भव्य स्वागत किया गया। रामगढ़ स्थित होटल सैनी में आयोजित इस स्वागत समारोह में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। जैसे ही रघुवर दास होटल सैनी पहुंचे, पार्टी कार्यकर्ताओं ने फूल माला और पारंपरिक तरीकों से उनका जोरदार अभिनंदन किया। इस अवसर पर रघुवर दास ने सभी कार्यकर्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि झारखंड की धरती से उनका विशेष लगाव है और वे सदैव राज्य के विकास और जनता के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे। मौके पर सांसद प्रतिनिधि मीडिया धनंजय कुमार पुटूस, जिला के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रंजन फौजी, जिला महामंत्री विजय जायसवाल, जिला मंत्री सरदार अनमोल सिंह, लक्ष्मी देवी, वरिष्ठ नेता उमेश प्रसाद, अनु जाति प्रदेश मंत्री विनोद कुमार, रंजीत राम, नगर अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव, नगर महामंत्री ऋषिकेश सिंह, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य सुरजीत सिंह छाबड़ा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष शीतल सिंह, एबीवीपी के प्रदेश नेता गौतम कुमार महतो, युवा मोर्चा जिला महामंत्री रुद्रल कुमार, संजय कुमार श्रीवास्तव, अजीत गुप्ता, अभिषेक चौधरी, मिथिलेश मंडल, राबिन गुप्ता, ब्रजेश पाठक, सत्यजीत सिंह, अरविन्द कुमार सिंह, कुणाल दास, अंकित सिंह, राहुल पासवान सहित कई भाजपा कार्यकर्ता स्वागत कार्यक्रम में उपस्थित थे।

### नये कानून से वक्फ व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ेगी : रघुवर दास



कुजू (आजाद सिपाही)। लोकसभा और राज्यसभा में वक्फ बोर्ड बिल पारित होने पर मुस्लिम समाज के लिए संशोधित बिल सामाजिक-आर्थिक न्याय और पारदर्शिता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उक्त बातें राज्य के पूर्व सीएम रघुवर दास ने नयामोड़, कुजू में पत्रकार वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि इस नए कानून से वक्फ व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ेगी और गरीब मुसलमानों के अधिकारों की रक्षा होगी। कहा कि सूबे की हेमंत सोरेन की सरकार पूर्ण रूप से घोटालों की सरकार है। इस सरकार में कोई ऐसा विभाग बाकी नहीं है, जिसमें घोटाले न हो रहा हो। यह पैसा झारखंड के जनता के टैक्स का पैसा है। केंद्र की मोदी सरकार पाई पाई का हिसाब लेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार द्वारा झारखंड की जल, जंगल और जमीन को सुरक्षित करने का काम किया गया है। इससे झारखंड में जो बड़े पैमाने पर बांग्लादेशी घुसपैठी लव जिहाद की तरह लैंड जिहाद कर रहे हैं, उस पर भी अंकुश लगेगा। इपूर्व सीएम रांची से हजारीबाग जाने के क्रम में नयामोड़ में कुछ पल के लिए रुके थे। स्वागत करने वालों में प्रवीण मेहता, जगेश्वर प्रजापति, राजू चतुर्वेदी, प्रो खिरोधर साहू, पंकज साहा, मनोज गिरी, संजय शाह, तोकेश सिंह, अशोक कुमार, निर्मल करमाली, अरूण कुमार कुशवाहा, रवि साहू, डिंपल प्रजापति, आशीष साहू, पंचित महतो, सुनील साहू, जयराम प्रजापति, प्रकाश केशरी, सुखदेव सोनी, राजेश करमाली, सुधान सिंह, देवंती देवी, छोटन प्रजापति सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।

## माता वैष्णो देवी मंदिर में सजी माता की चौकी



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। झंडा चौक स्थित माता वैष्णों देवी मंदिर में बासंती नवरात्र के अवसर पर पंजाबी हिन्दू बिरादरी व माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में शुक्रवार को मंदिर परिसर में माता की चौकी सजायी गयी। जिसमें नव दुर्गा जागरण मंडली रामगढ़ के भजन गायक राजू कंठ, विक्की कुमार ने संयुक्त रूप से गणेश वंदना से माता की चौकी का शुभारंभ किया। इसके बाद मंडली के गायक विक्की कुमार ने मेरे सिर पर रख दे मैया अपने दोनों हाथ, नंगे नंगे पांव चल उपर गया तेरा पुजारी, मां तेरी तुलना किससे करूंगा, तुझ ना और कोई आदि भजन प्रस्तुत किया। इसके अलावे रामगढ़ के प्रसिद्ध भजन गायक कमल बगड़िया और ध्रुव सिंह ने भी एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किया। इस दौरान सभी श्रद्धालु भक्त झूमने पर मजबूर हो गये और माता रानी के जयकारे लगाकर ओतप्रोत होते नजर आये। इससे पूर्व सजायी गयी माता की चौकी में माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरत चंद वासुदेव और सचिव महेश मारवाह की मौजूदगी में पंडित किशोर शर्मा द्वारा सभी धार्मिक अनुष्ठानों के मुख्य यजमान सुमित मारवाह और उनकी पत्नी जया मारवाह को विधिवत पूजन कराया गया। इसके बाद माता रानी का जयकारा लगाते हुए मुख्य यजमान द्वारा ज्योत प्रज्वलित किया गया।

# 48 घंटे बाद भी नहीं हुआ जब्त अवैध कोयला लदा ट्रेलर पर मामला दर्ज

**समय के साथ बदले विभाग के सुर, बोले कागजात जांच के कारण मामला दर्ज में देरी**

आजाद सिपाही संवाददाता



रामगढ़/मांडू। 2 अप्रैल की देर शाम करीब 9 बजे मांडू वन क्षेत्र के रंगमटिया से डीएफओ के आदेश पर पकड़ा गया अवैध कोयला लदा ट्रेलर पर 48 घंटे बाद भी मामला दर्ज नहीं हो पाया है। जिसके कारण वन विभाग पर कई सवाल उठ रहे हैं। विभाग समय के साथ अपना सुर बदलना शुरू कर दिया है। पहले तो रंगमटिया से अवैध कोयला लदा ट्रेलर पड़कर मामला दर्ज करने की बात कह रहे थे। लेकिन अचानक रातों-रात ट्रेलर पर लदे अवैध कोयला की कागजात होने की बात बोलकर मामले को जांच की ओर ले जा रही है। जिससे चर्चा है कि विभाग पर ट्रेलर छोड़ने की भारी दवाब है। जिसके कारण विभाग मामला दर्ज करने छोड़ जांच की प्रक्रिया में उलझी है।

**क्या कहते मांडू रेंजर**

मांडू रेंजर अनिल कुमार ने कहा कि जब्त कोयला लदा ट्रेलर के मामले में कागजात उपलब्ध कराया गया है। उपलब्ध कागजात को अवलोकन कर जांच पड़ताल किया जा रहा है। जांच पड़ताल के बाद ही मामले में कोई निर्णय लिया जायेगा।

### रंगमटिया से पकड़े गये ट्रेलर को घाटो से लोडिंग दिखाने की तैयारी

विभाग से जुड़े सूत्रों ने बताया कि रंगमटिया से पकड़े गये अवैध कोयला लदा ट्रेलर को छोड़ने के लिए झूठी कहानी तैयार की जा रही है। जांच के नाम पर मामले को रफ्त दफ्त करने की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। इसीलिए अवैध कोयला लदा ट्रेलर को जब जब्त किया गया तब उसपर कोई कागजात नहीं मिला। लेकिन जैसे ही अवैध कोयला लदा ट्रेलर वन विभाग कार्यालय रांची रोड पहुंचा तो कारोबार से जुड़े लोग पेपर उपलब्ध करा कर अपनी गाड़ी को छुड़ाने के लिए दिन-रात एक कर दिये हैं। विभागीय सूत्रों की माने तो उक्त ट्रेलर को छोड़ने के लिए ठोस रणनीति बनायी गयी है। जिसमें बताया गया है कि ट्रेलर पर लदा अवैध कोयला को घाटो क्षेत्र से दिखाया जायेगा। ताकि कोई प्लांट का पेपर लगाकर अवैध कोयला लदा ट्रेलर को छोड़ा जा सके। इसी रणनीति के तहत जांच के नाम पर विभाग मामले को खींच रही है। यही वजह है कि रंगमटिया से पकड़ा गया ट्रेलर पर 48 घंटे बाद भी मामला दर्ज नहीं किया गया है। जिसे स्पष्ट होता है कि ट्रेलर को छोड़ने के लिए बड़ी साजिश रची जा रही है। सबसे बड़ी बात यह है कि मामले में वरीय अधिकारी का कुछ भी नहीं बोलना और मोबाइल को स्विच ऑफ कर देना ही कई सवालिया निशान खड़ी करती है।

## झोलाछाप डॉक्टर ने ली एक और प्रसूता की जान

चतरा (आजाद सिपाही)। जिले में झोलाछाप चिकित्सक ने फिर एक प्रसूता की जान ले ली। जबकि नवजात की स्थिति गंभीर बनी हुई है। प्रसव के दौरान गलत उपचार और अत्यधिक रक्त श्राव होने के कारण प्रतापपुर थाना क्षेत्र के एघारा पंचायत के कौरा गांव की रहने वाली 28 वर्षीय सुबी कुमारी की प्रसव के दौरान मौत हो गयी। प्रसूता के मौत के बाद बिहार का रहने वाला झोलाछाप डॉक्टर श्याम गोविंद प्रसाद मौका देख फरार हो गया। मृतका के पति बूटा भुईयां की भी कई माह पूर्व मौत हो चुकी है। झोलाछाप मृतक के परिजनों को फोन कर मामले को मैनेज करने का दबाव बना रहे हैं।

## बच्चों की लड़ाई में आपस में भिड़े अभिभावक



हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)। हंटरगंज थाना क्षेत्र के खुटीकेवाल पंचायत के डुमरीखुर्द गांव से दो बच्चों की लड़ाई में अभिभावक आपस में भीड़ गये। जिसमें एक बच्चे की मां की हल्की चोट पहुंची है। इस संबंध में डुमरीखुर्द गांव निवासी 30 वर्षीय रूबी कुमारी ने हंटरगंज पुलिस को गुरुवार देर शाम आवेदन दी है। उन्होंने कहा कि गुरुवार को दोपहर 3 बजे मेरी गोतनी रिंकू देवी और उसके 3 बच्चे चारों मिलकर मेरे बेटा अमरजीत शर्मा को मारपीट कर रहे थे। मैं जब बचाने गयी तो उक्त लोगों ने मेरे साथ भी मारपीट की जिससे मेरे आंख के नीचे चोट पहुंची और मैं घायल हो गयी। इधर इस संबंध में दूसरे पक्ष रिंकू देवी ने बताया कि मेरा बेटा और उसका बेटा आपस में मारपीट कर रहे थे। इसी बीच मैं उन दोनों बच्चों को छुड़ाने गयी। इसी दौरान रूबी कुमारी आई और हमारे साथ मारपीट करने लगी। फिलहाल हंटरगंज पुलिस मामले की गहनता से जांच कर दी है। खबर लिखे जाने तक दूसरा पक्ष द्वारा आवदेन नहीं दिया गया था।

## प्रशासन से नहीं मिली स्वीकृति, धरी की धरी रह गयी महोत्सव की पूरी तैयारी



हंटरगंज (आजाद सिपाही)। कौलेश्वरी मंदिर विकास प्रबंधन समिति में आपसी फूट का शिकार हो गया महोत्सव। कौलेश्वरी मंदिर विकास प्रबंधन समिति के पदेन अध्यक्ष सह सदर अनुमंडल पदाधिकारी जहूर आलम द्वारा कौलेश्वरी महोत्सव के आयोजन करने का आदेश नहीं दिये जाने के कारण महोत्सव कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत चार और पांच अप्रैल को कौलेश्वरी महोत्सव का आयोजन होना तय था। महोत्सव की तैयारी भी लगभग पूरी कर ली गयी। लेकिन अचानक प्रशासन द्वारा महोत्सव के आयोजन की अनुमति नहीं मिलने के कारण पूर्व निर्धारित महोत्सव कार्यक्रम रद्द कर दिया गया। स्टेज लाइट सहित अन्य सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी थी। कुछ घंटे में महोत्सव का उद्घाटन होना था। लेकिन उद्घाटन से पहले कार्यक्रम स्थल से सामान समेट लिए गये, और समिति के सदस्यों द्वारा मजबूरन समापन करना पड़ा। महोत्सव के पहले दिन के कार्यक्रम प्रस्तुति देने वाली गायिका डिंपल भूमि निर्धारित समय पर हंटरगंज आने के लिए अपने गंतव्य स्थल से निकल चुकी थी। लेकिन उन्हें बीच रास्ते से वापस कर दिया गया। इसके लिए गायिका ने खेद भी प्रकट किया। महोत्सव के अचानक रद्द होने से क्षेत्र के लोगों में नाराजगी व्याप्त है। वही महोत्सव नहीं होने के पीछे विधि व्यवस्था की पर्याप्त व्यवस्था नहीं हो पाना बताया जा रहा है। जबकि स्थानीय लोगों में चर्चा है कि आपसी राजनीति के कारण प्रशासन ने महोत्सव कार्यक्रम का आदेश नहीं दिया। महोत्सव कार्यक्रम रद्द होने के पीछे अलग-अलग कारण बता रहे हैं। कारण जो भी हो लेकिन महोत्सव रद्द होने से क्षेत्र की जनता में मायूसी है और लोगों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है।

## एसबीआइ ने छात्र-छात्राओं का मनोबल बढ़ाने के लिए दी साइकिल : डीडीसी



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। शहर के सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के बच्चों का मनोबल बढ़ाने के लिए एक तरफ जहां जिले के अधिकारी तत्पर हैं, वही भारतीय स्टेट बैंक भी अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन कर रही है। शुक्रवार को डीडीसी रोबिन टोप्पो, डीएसई संजीत कुमार और एसबीआइ के क्षेत्रीय प्रबंधक प्रसून कुमार की मौजूदगी में बच्चों के बीच साइकिल का वितरण किया गया। डीडीसी रोबिन टोप्पो ने कहा कि छात्र-छात्राओं का मनोबल बढ़ाने के लिए बैंक प्रबंधन ने बेहद अच्छी पहल की है। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं से मन लगाकर पढ़ने और स्वच्छता का ध्यान रखने की अपील की। गांधी स्मारक सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस और गर्ल्स हाई स्कूल सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण किया। साथ ही विद्यालय में सेनेटरी पैड इंसीनरेटर लगवाया गया। भारतीय स्टेट बैंक ने सीएसआर योजना के तहत सभी सामग्रियों का प्रबंध किया। क्षेत्रीय प्रबंधक प्रसून कुमार ने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक सबसे बड़ा वित्तीय संस्थान होने के साथ-साथ एक ऐसा संस्थान भी हैं जो अपने सामाजिक दायित्वों को भी बखूबी निभाता आ रहा है। साइकल पाकर सभी छात्राओं में हर्षो उल्लास का माहौल था। सभी ने परीक्षा में उत्तीर्ण होने का वादा किया। इस कार्यक्रम में भारतीय स्टेट बैंक की ओर से मुख्य प्रबंधक अश्विनी कुमार, मुख्य प्रबन्धक पुष्पा कुमारी और रामगढ़ शाखा के उप शाखा प्रबंधक जयदीप सेन उपस्थित थे। दोनों विद्यालयों के प्रधानाध्यापक और शिक्षक सुमित्रा कुमारी, मारकंडे मिश्रा, संजय कुमार भी उपस्थित थे।

## दवा व्यवसायी की माता का निधन

कुजू (आजाद सिपाही)। बोंगाबार निवासी दवा व्यवसायी प्रवीण और बीरेंद्र साव की 65 वर्षीय माता मुनिया देवी पति रामजतन साव का हृदयगति रुकने से निधन हो गया। निधन की खबर पाकर शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया। मुनिया देवी का अंतिम संस्कार टूटी झरना मुक्ति धाम में किया गया। जहां उनके पति रामजतन साव ने मुखाग्नि दी। मुनिया देवी अपने पीछे पुत्र दवा व्यवसायी प्रवीण साव और बीरेंद्र साव, कांग्रेस नेता राजू साव, मोबाइल दुकान संचालक दिनेश साव समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गयी।


**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 1807 date 26.03.2025, I, KIRAN KUMARI, W/o SANJAY SAW, aged about 35, by faith- Hindu, by profession-Housewife, by Nationality- Indian R/o at Main Road, Chitarpur, P.O.-Chitarpur, P.S.-Rajrappa, Dist-Ramgarh (Jharkhand), do hereby solemnly affirm and declare as follows:

1. That my daughter's name is SWETA KUMARI which has been mentioned in her previous Aadhar Card and passbook of Post Office of A/c No.- 700052.
2. That my daughter's name has been mentioned as NITYA RANI in her present Aadhar Card, PAN Card and passbook of Post Office.
3. That SWETA KUMARI and NITYA RANI both names is the name of same and single girl who is my daughter.
4. That I want to rectify my daughter's correct name as NITYA RANI in place of SWETA KUMARI in my daughter's aforesaid passbook of Post Office bearing No.- 700052.
5. That this affidavit is required for knowledge of related authority concern for doing needful purpose.
6. That the above statements made by me are true and correct to the best of my knowledge and belief.

# विश्व शांति के लिए नीतियां

जैसा कि दुनिया ने देखा कि रूस 2022 की शुरुआत में यूक्रेन पर आक्रमण करने की तैयारी कर रहा था। अमेरिका भर में सबसे आम भविष्यवाणी यह थी कि रूसी सेना कुछ ही समय में यूक्रेनी रक्षकों पर भारी पड़ जायेगी। रूस के 900,000 सक्रिय-ड्यूटी कार्मिक, 2 मिलियन रिजर्व बल, तथा 45 बिलियन डॉलर का रक्षा बजट, यूक्रेन के बजट से बहुत बड़ा था, जिसके पास आक्रमण के समय अनुमानित 196,000 सक्रिय-ड्यूटी सैनिक, 900,000 रिजर्व सैनिक तथा रक्षा व्यय रूस के व्यय का दसवां हिस्सा था। एक विवरण के अनुसार तत्कालीन अमेरिका के संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष जनरल मार्क मिली ने कांग्रेस के सदस्यों के समक्ष निजी तौर पर भविष्यवाणी की थी कि यूक्रेन 72 घंटों में घुटने टेक देगा। ऐसा प्रतीत हो रहा था कि द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति के बाद विश्व किसी यूरोपीय राष्ट्र पर पहली विजय देखेगा। मास्को के गलत आकलन के कारण रूस को अरबों डॉलर का नुकसान हुआ। लाखों रूसी बड़ी संख्या में मारे गये तथा रूसी अर्थव्यवस्था के कई हिस्से तबाह हो गये। यदि पुतिन को उस महत्वपूर्ण संघर्ष का सही अनुमान होता तो शायद उन्होंने हमला न किया होता। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से वियतनाम से लेकर क्यूबा, कोरिया, कोसोवो तक, प्रमुख युद्धों की समीक्षा दृढ़ता से सुझाव देती है कि लड़ने के लिए प्रतिद्वंद्वी की इच्छा को गलत समझना अमेरिकी सैन्य और राजनीतिक उद्देश्यों को प्राप्त करने के उन प्रयासों की विफलता में एक प्रमुख योगदानकर्ता रहा है।

**वर्तमान और भविष्य के प्रस्तावों की गणना में त्रुटियां राष्ट्रीय पराजय का कारण बन सकती हैं, परंतु यह विश्व को युद्धों में घेर सकती है और वैश्विक अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचा सकती है।**

कोरिया में संयुक्त राज्य अमेरिका ने अक्टूबर 1950 में जनरल डगलस मैकआर्थर के यालू नदी के पास पहुंचने पर संघर्ष में शामिल होने की चीन की इच्छा का गलत अनुमान लगाया। इसके बाद लगभग तीन साल तक खूनी युद्ध चला। राष्ट्रपति लिंडन जॉनसन के प्रशासन ने 1965 में वियतनाम में अमेरिकी सैन्य प्रयासों को नाटकीय रूप से बढ़ा दिया था, क्योंकि उन्हें लगा था कि संयुक्त राज्य अमेरिका उत्तरी वियतनाम की किसान सेना को हरा सकता है, जबकि वे लगभग एक दशक तक फ्रांसीसी अभियान को संघर्ष करते हुए देख रहे थे। हाल ही में अफगानिस्तान में अमेरिका ने तालिबान की पुनः वापसी और हमले पुनः शुरू करने की क्षमता का कितना गलत आकलन किया था। आज न केवल युद्ध लड़ने का तरीका बदल गया है, बल्कि युद्ध में शत्रु की ताकत का सही आकलन लगाने का तरीका भी बदलना होगा। वर्तमान और भविष्य के प्रस्तावों की गणना में त्रुटियां राष्ट्रीय पराजय का कारण बन सकती हैं, परंतु यह विश्व को युद्धों में घेर सकती है और वैश्विक अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचा सकती है। ट्रंप भी गल्फ में अपना वर्चस्व चाहते हैं। यह सब अपने हित में होता है। ट्रंप अपने देश के लिए किसी दूसरे को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

अभिमत
आजाद सिपाही

**पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय की न्यायाधीश निर्मलजीत कौर द्वारा पुलिस में दर्ज करायी गयी एफआइआर के अनुसार, एक व्यक्ति उनके आधिकारिक आवास पर एक बैग छोड़ गया था। जब बैग खोला गया तो उसमें से 15 लाख रुपये की नकदी निकली। नकदी को देखकर वह चौंक गयीं, जिसकी उन्हें उम्मीद नहीं थी, उन्हें एक साजिश की बू आयी और शायद उन्हें फंसाने की कोशिश की गयी। उन्होंने तुरंत पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश को सूचित किया, जिन्होंने उन्हें एफआइआर दर्ज करने की सलाह दी।**

# नागरिकों के लिए न्याय की आखिरी उम्मीद है न्यायपालिका

**विपिन पब्बी**

चंडीगढ़ में उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश के आवास पर 15 लाख रुपये की नकदी पहुंचाये जाने के 17 साल बाद, केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) की एक अदालत ने सबूतों के अभाव के आधार पर एक पूर्व उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को बरी कर दिया है। हालांकि तथ्य यह है कि 15 लाख रुपये की नकदी पहुंचाई गयी थी और शायद वह पुलिस के मालखाने में पड़ी है, लेकिन यह सवाल अनुत्तरित है कि नकदी किसलिए और किसके लिये भेजी गयी थी। जो लोग बहुत छोटे थे और जिन्हें 13 अगस्त, 2008 को हुआ यह मामला याद नहीं है, उनके लिए यहां कुछ विवरण दिये गये हैं। पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय की न्यायाधीश निर्मलजीत कौर द्वारा पुलिस में दर्ज करायी गयी एफआइआर के अनुसार, एक व्यक्ति उनके आधिकारिक आवास पर एक बैग छोड़ गया था। जब बैग खोला गया तो उसमें से 15 लाख रुपये की नकदी निकली।

नकदी को देखकर वह चौंक गयीं, जिसकी उन्हें उम्मीद नहीं थी, उन्हें एक साजिश की बू आयी और शायद उन्हें फंसाने की कोशिश की गयी। उन्होंने तुरंत पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश को सूचित किया, जिन्होंने उन्हें एफआइआर दर्ज करने की सलाह दी। स्थानीय पुलिस ने तब नकदी को अपने कब्जे में ले लिया और एफआइआर दर्ज की। पुलिस ने उस व्यक्ति का पता लगाया, जिसने नकदी पहुंचायी थी। उसने कहा कि वह सिर्फ एक कोरियर था और नकदी उसे दिल्ली के एक होटल व्यवसायी ने डिलीवरी के लिए दी थी। बाद की जांच में पता चला कि नकदी न्यायमूर्ति निर्मलजीत कौर के लिए नहीं, बल्कि उसी उच्च न्यायालय की न्यायमूर्ति निर्मल यादव के नाम से मिलती-जुलती किसी अन्य के लिए थी। हालांकि, उन्होंने इस बात से जोरदार इंकार किया कि नकदी उनके लिए थी। मामला सीबीआइ को सौंप दिया गया, जिसने अपनी रिपोर्ट में कहा कि यह पैसा हरियाणा के पूर्व अतिरिक्त महाधिवक्ता संजीव बंसल के एक क्लर्क द्वारा पहुंचाया गया था, जिसने कथित तौर पर न्यायमूर्ति कौर को फोन किया था और कहा था कि यह गलती से उनके आवास पर पहुंचा दिया गया था। एक साल बाद, सीबीआइ ने एक क्लोजर रिपोर्ट दायर की लेकिन सीबीआइ अदालत ने आगे की जांच का आदेश दिया।

**अदालतें अक्सर कहती हैं कि सूरज की रोशनी सबसे अच्छा कीटाणुनाशक है। इसका मतलब हर काम में पारदर्शिता है।**



**एक रिपोर्ट के अनुसार, देश भर के उच्च न्यायालयों के 770 न्यायाधीशों में से केवल 97 ने सार्वजनिक रूप से अपनी संपत्ति और देनदारियों की घोषणा की है। यह बताना जरूरी है कि कार्मिक, लोक शिकायत और विधि एवं न्याय पर संसद की समिति ने 2023 में सिफारिश की थी कि सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों की संपत्ति और देनदारियों का अनिवार्य खुलासा सुनिश्चित करने के लिए कानून पेश किया जाना चाहिए।**

जांच के एक और दौर और आरोपपत्र दाखिल करने के बाद, जनवरी 2014 में विशेष सीबीआइ अदालत ने आरोपियों के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया, जब सुप्रीम कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट की कार्रवाई पर रोक लगाने की उनकी याचिका खारिज कर दी। अब सीबीआइ अदालत ने सबूतों के अभाव और गवाहों के बयानों में विरोधाभास के आधार पर जस्टिस निर्मल यादव और अन्य आरोपियों को बरी कर दिया है। अदालत द्वारा विस्तृत फैसला अभी जारी किया जाना बाकी है। यह फैसला हाइकोर्ट के मौजूदा जज जस्टिस यशवंत वर्मा के आवास से करोड़ों रुपये की आंशिक रूप से जली हुई नकदी बरामद होने के कुख्यात मामले के तुरंत बाद आया है। यह मामला इतना हालिया है कि इसे याद नहीं किया जा सकता, लेकिन दोनों मामलों ने न्यायिक जवाबदेही और भ्रष्टाचार को सुर्खियों में ला दिया, हालांकि दोनों ही मामलों में किसी को भी दोषी नहीं ठहराया गया है।

अन्य लोक सेवकों के विपरीत, न्यायाधीश अपनी सम्पत्ति या नेटवर्क के बारे में जानकारी सार्वजनिक करने के लिए बाध्य नहीं हैं और अधिकांश मामलों में उन्होंने ऐसा नहीं किया है। 1997 में, भारत के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश जेएस वर्मा की अध्यक्षता में एक बैठक में, सुप्रीम कोर्ट ने एक प्रस्ताव पारित किया था, जिसमें कहा गया था, प्रत्येक न्यायाधीश को अपने नाम पर, अपने जीवनसाथी या उन पर निर्भर किसी अन्य व्यक्ति के नाम पर अचल संपत्ति या निवेश के रूप में सभी संपत्तियों की घोषणा मुख्य न्यायाधीश के समक्ष करनी चाहिए। यह न्यायाधीशों की संपत्तियों के सार्वजनिक प्रकटीकरण का आह्वान नहीं था, बल्कि केवल संबंधित मुख्य न्यायाधीश के समक्ष प्रकटीकरण था। बाद में 2009 में, सुप्रीम कोर्ट की एक पूर्ण पीठ ने न्यायालय की वेबसाइट पर न्यायाधीशों की संपत्ति घोषित करने का संकल्प लिया, लेकिन साथ ही कहा कि यह शुद्ध रूप से स्वैच्छिक आधार पर किया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट और उच्च न्यायालयों के कुछ न्यायाधीशों ने अपनी संपत्ति घोषित की, लेकिन वेबसाइट को 2018 से अपडेट नहीं किया गया है और इस प्रकार वर्तमान में बैठे न्यायाधीशों का ऐसा कोई रिकॉर्ड नहीं है।

एक रिपोर्ट के अनुसार, देश भर के उच्च न्यायालयों के 770 न्यायाधीशों में से केवल 97 ने सार्वजनिक रूप से अपनी संपत्ति और देनदारियों की घोषणा की है। यह बताना जरूरी है कि कार्मिक, लोक शिकायत और विधि एवं न्याय पर संसद की समिति ने 2023 में सिफारिश की थी कि सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों की संपत्ति और देनदारियों का अनिवार्य खुलासा सुनिश्चित करने के लिए कानून पेश किया जाना चाहिए। हालांकि अभी तक इस सिफारिश पर कोई प्रगति नहीं हुई है। सभी सांसदों को अपनी संपत्ति की सूची लोकसभा अध्यक्ष या राज्यसभा के सभापति को देनी होती है। हालांकि इन्हें सार्वजनिक नहीं किया जाता है, लेकिन सूचना के अधिकार (आरटीआइ) के माध्यम से इन्हें प्राप्त किया जा सकता है।

अदालतें अक्सर कहती हैं कि सूरज की रोशनी सबसे अच्छा कीटाणुनाशक है। इसका मतलब है कि हर काम में पारदर्शिता है। जाहिर है कि ऐसा तब नहीं किया जाता, जब न्यायपालिका पर नजर रखी जाती है, चाहे वह न्यायाधीशों के चयन में हो या न्यायाधीशों की संपत्ति का खुलासा करने में। न्यायपालिका की विश्वसनीयता पवित्र है, क्योंकि यह नागरिकों के लिए न्याय की आखिरी उम्मीद है।

## कोल्हान की खबरें

# सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में संगठन की भूमिका अहम : संजीव सरदार

**झामुमो पोटका प्रखंड कमेटी की बैठक में शामिल हुए विधायक, संगठन की मजबूती पर दिया जोर**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर/ पोटका।** झामुमो पोटका प्रखंड कमिटी की एक महत्वपूर्ण बैठक तेतला स्थित इम्पेरियल रिसोर्ट में आयोजित हुई। शुक्रवार को प्रखंड अध्यक्ष सुधीर सोरेन की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि पोटका के विधायक संजीव सरदार शामिल हुए। प्रखंड कमिटी के द्वारा विधायक का स्वागत किया गया। बैठक में प्रखंड के 34 पंचायतों से पंचायत कमिटी, प्रखंड कमिटी एवं केंद्रीय सदस्यगण शामिल हुए। इस अवसर पर झामुमो संगठन की मजबूती और विकास कार्यों को प्राथमिकता देने के लिए 10 सूत्री प्रस्ताव पारित किये गये। जिसमे प्रत्येक पंचायत में तीन योजनाओं का चयन, मासिक बैठकों का आयोजन, सोशल मीडिया पर सक्रियता, लाभुक समितियों का गठन, शाह स्पंज में मजदूर चयन की जिम्मेदारी प्रखंड कमिटी को देना, बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करना एवं नये मतदाताओं को जोड़ने पर विशेष ध्यान देना शामिल है। विधायक संजीव सरदार ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए संगठन की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर सक्रिय रहकर सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने और ग्रामीणों तक उसका लाभ पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं ने भी संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने और आगामी चुनावों में पार्टी को मजबूती प्रदान कराने का संकल्प लिया। मौके पर झामुमो नेता सुनील महतो, हीरामणि मुर्मू, बबलू चौधरी, विधासागर दास, भुवनेश्वर सरदार, अनुपम मंडल, समीर मंडल, सीताराम हांसदा, भूपति महतो, चक्रधर महतो, हितेश भगत, अब्दुल रहमान, मुकेश सीट, रमेश सोरेन, भुगलु टुडू, दुखु मार्डी, देव पालित, जितराय मुर्मू, श्यामचरण सरदार समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वक्फ विधेयक पारित होने पर भाजपा नेता ने पीएम मोदी को सराहा



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** वक्फ (संशोधन) विधेयक 2025 संसद के दोनों सदनों से पारित होने पर भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और एनडीए सरकार की सराहना करते हुए इसे लोकतंत्र की जीत और सबका साथ, सबका विकास मंत्र का साकार रूप बताया। उन्होंने कहा यह विधेयक वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करेगा तथा झारखंड में आदिवासियों के हितों की रक्षा करेगा। साथ ही यह मुस्लिम समुदाय को उनका अधिकार दिलाने और वक्फ व्यवस्था को आधुनिक व सशक्त बनाने में मददगार साबित होगा। उन्होंने इस उपलब्धि को एनडीए की एकता और प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शिता का परिणाम बताया।

## राष्ट्र स्तरीय कांग्रेस जिला अध्यक्षों की बैठक

# मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी ने संगठन की मजबूती पर दिया जोर

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** नयी दिल्ली के इंदिरा सभागार में अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में राष्ट्र स्तर के कांग्रेस जिला अध्यक्षों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। शुक्रवार को बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने की। मुख्य वक्ता के रूप में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, प्रदेश प्रभारी के राजू, प्रदेश सह प्रभारी सिरीबेला प्रसाद और झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश उपस्थित रहे। बैठक में देशभर के जिलाध्यक्षों ने भाग लिया। झारखंड से पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे सहित झारखंड के सभी जिलाध्यक्षों ने सक्रिय भागीदारी की। बैठक को संबोधित करते हुए मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी ने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने, जिला अध्यक्षों को उनके संवैधानिक अधिकारों और जिम्मेदारियों से जोड़ने, प्रखंड स्तर तक संगठनात्मक जिम्मेदारी का गंभीरता से निर्वहन सुनिश्चित करने, जनहित से जुड़े मुद्दों पर आंदोलन की रणनीति अपनाने, जिम्मेदार कार्यकर्ताओं को संगठन में दायित्व सौंपने व युवाओं और नये चेहरों को पार्टी से जोड़ने सहित कई अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गयी। यह जानकारी पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष संजय सिंह आजाद ने दी।

# पटमदा प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय में नामांकन के लिए अभियान जारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**पटमदा।** बीते दिनों विधायक प्रतिनिधि चन्द्रशेखर टुडू की पहल पर विधायक मंगल कालिंदी द्वारा विधानसभा के शून्यकाल में विद्यालय को प्लस टू का दर्जा दिलाने की मांग उठाने के बाद पटमदा विधानसभा क्षेत्र के छात्राओं, शिक्षकों और अभिभावक काफी उत्साहित है। प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय पटमदा में नामांकन को लेकर प्रधानाध्यापिका डॉ प्रियंका झा के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाया गया। डॉ प्रियंका झा ने बताया बालिकाओं की सुरक्षा एवं शिक्षा की दृष्टि से इस क्षेत्र में प्लस टू की शिक्षा अत्यंत आवश्यक है। वर्षों से यह मांग अभिभावकों द्वारा की जा रही है। इस अभियान के तहत विद्यालय प्रबंधन और एसएमसी के सदस्य क्षेत्र के विभिन्न मध्य विद्यालयों में जाकर छात्राओं को प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय में नामांकन के लिए प्रेरित कर रहे हैं। उन्होंने बताया विद्यालय में छात्राओं को कई प्रमुख सुविधाएं दी जारही है। जिसमे योग्य और प्रशिक्षित शिक्षक, आइसीटी क्लासरूम और डिजिटल बोर्ड, पूरे कैंपस में सीसीटीवी निगरानी, निःशुल्क पुस्तकें, कॉपी एवं चिकित्सा सुविधा,योगा कक्षाएं, भौतिकी, रसायन और जीवविज्ञान की प्रयोगशालाएं, गृह विज्ञान पढ़ाई की शुरूआत,सरकार की सभी योजनाओं का समय पर लाभ शामिल है। शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के द्वारा विद्यालय को उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कृत भी किया गया। उल्लेखनीय है विद्यालय को इस वर्ष मैट्रिक परीक्षा केंद्र के रूप में भी चयनित किया गया। एनइपी 2020 के इंप्लीमेंटेशन हेतु चाकुलिया में आयोजित सेमिनार में विकसित भारत के निर्माण में नेतृत्व की भूमिका विद्यालय को सौंपी गयी। विद्यालय के एसएमसी सदस्यों ने जिला शिक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा विद्यालय की प्रगति में उनका विशेष योगदान रहा है। मौके पर प्रधानाध्यापिका ने सभी अभिभावकों, शिक्षकों और समुदाय से अपील की वे अपनी बेटियों को बेहतर भविष्य के लिए इस विद्यालय में नामांकन जरूर करायें। ताकि छात्राओ का भविष्य आगे और उज्जवल हो सके।

# गांजा तस्करी के मामले में फरार अभियुक्त गिरफ्तार

**चांडिल (आजाद सिपाही)।** चांडिल अनुमंडल अंतर्गत कपाली ओपी पुलिस को गांजा तस्करी के मामले में बड़ी सफलता हाथ लगी है। शुक्रवार को पुलिस ने 5 वर्षों से फरार नामजद अभियुक्त मोहम्मद अकरम उर्फ अकरम खान को घाटशिला थाना क्षेत्र के फूलपाल गांव से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त को पूछताछ के उपरांत न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। गौरतलब है कपाली ओपी कांड संख्या 139/2020 के तहत यह मामला दर्ज हुआ था।

# नवरात्र के अवसर पर सरयू राय के आवास में फलाहार कार्यक्रम

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** नवरात्रि के पावन अवसर पर जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय द्वारा बिष्टुपुर स्थित आवास सह कार्यालय में फलाहार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुक्रवार को धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन में शहर की राजनीतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक क्षेत्रों की कई प्रतिष्ठित हस्तियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में आम नागरिकों के साथ-साथ अतिथियों को भी आमंत्रित किया गया था। मौके पर आगंतुकों को फलाहार परोसा गया और नवरात्रि की शुभकामनाएं दी गयी। इस अवसर पर विधायक सरयू राय ने कहा, यह आयोजन हमारी सांस्कृतिक परंपराओं को सहेजने और समाज में आध्यात्मिक चेतना को प्रबल करने का एक प्रयास है।उन्होंने कहा इच्छा है नवरात्र के हर दिन इस तरह के आयोजन होते रहें, ताकि हमारी संस्कृति और अधिक सशक्त हो सके। कार्यक्रम के अंत में सभी आगंतुकों ने सरयू राय द्वारा किये गये इस धार्मिक-सामाजिक प्रयास की सराहना की और नवरात्रि की शुभकामनाएं एक-दूसरे को दीं। इस अवसर पर पारडीह कालीबाड़ी के महंत विद्यानंद सरस्वती, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा,अमरप्रीत सिंह काले, जुस्को के एमडी ऋतुराज सिन्हा, शंभू नाथ सिंह, भाजपा नेता नीरज सिंह, शिवशंकर सिंह, शरत चंद्रन, गणेश नायर, संजीव सिन्हा, रघुनाथ पांडेय, सुबोध श्रीवास्तव, आशुतोष राय, अमृता मिश्रा, कुलविंदर सिंह पन्नू, नीरू सिंह, मंजू सिंह सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 05 अप्रैल, 2025
www.azadsipahi.in


## गढ़वा एसपी होंगे आंतरिक सेवा सुरक्षा पदक से सम्मानित



गढ़वा (आजाद सिपाही)। गढ़वा पुलिस अधीक्षक दीपक पांडेय सहित झारखंड कैडर के 18 आईपीएस अधिकारी को मिलेगा आंतरिक सेवा सुरक्षा पदक। सभी आईपीएस अधिकारी को आंतरिक सुरक्षा सेवा पदक का मिलेगा सम्मान। पुलिस सेवा में अहम योगदान आंतरिक सुरक्षा सेवा पदक से नवाजा जायेगा। सभी आईपीएस अधिकारी को गृह मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा पत्र जारी कर दी गयी है।

# एसडीएम ने अनुमंडलीय पुस्तकालय का किया औचक निरीक्षण, अभ्यर्थियों की समस्याएं सुनीं

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने शुक्रवार को अनुमंडलीय पुस्तकालय का औचक निरीक्षण कर वहां अध्यनरत अभ्यर्थियों से संवाद किया। पूर्व के भ्रमण के दौरान अभ्यर्थियों द्वारा उठाये गये समस्याओं की दिशा में अब तक जो प्रयास हुये उसके बारे में परिचर्चा हुई। पेयजल, साफ सफाई, वाईफाई आदि के बारे में फीडबैक लिया गया। ज्यादातर अभ्यर्थियों ने कहा कि वे यहां की सभी व्यवस्थाओं से संतुष्ट हैं। कुछ छात्राओं ने कहा कि उन्हें अंग्रेजी माध्यम की पुस्तकों की आवश्यकता है, इस पर संजय कुमार ने उन्हें आश्वस्त किया कि वे सूची बनाकर दें उन्हें कहीं से भी जरूरी पुस्तकें उपलब्ध करा कर दी जायेंगीं। कुछ अभ्यर्थियों ने ऊपरी तल पर आरओ वॉटर फिल्टर, एसी तथा इनवर्टर की मांग रखी, इस पर सभी को आश्वस्त किया गया कि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई की जायेगी। अनुमंडल पदाधिकारी ने पुस्तकालय के प्रथम तल पर स्थित वाटर फिल्टर को दुरुस्त कराने तथा वाईफाई सुविधा को स्पांसर करने की दिशा में स्वैच्छिक सहयोग देने के लिए गढ़वा के समाजसेवी और शिक्षाविद अलख पांडेय को धन्यवाद दिया।

**प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के बारे में विस्तार से बताया :** अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी छात्र-छात्राओं को प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के बारे में बताते हुए कहा कि पात्रता के दायरे में आने वाले सभी लोग 15 अप्रैल तक उक्त आवेदन को ऑनलाइन माध्यम से जरूर भर दें, ऐसे सभी छात्र-छात्राओं को जो अभी बेरोजगार हैं और उनके परिवार की आय 8 लख रुपये से कम है उन्हें 5000 रुपये मासिक छात्रवृत्ति इस योजना के दौरान मिलती है, साथ ही देश की टॉप 500 कंपनियों में इंटर्नशिप का मौका मिलता है। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र सिंह जेएमडी हीरो शोरूम के मालिक मणिभद्र सिंह, अभिमन्यु सिंह आदि मौजूद थे। व्यवसायी मणिभद्र सिंह ने कहा कि वे भी अपने सीएसआर दायित्व के तहत इस पुस्तकालय में यथासंभव सहयोग करेंगे।

# छठ घाटों पर बेहतर प्रबंधन के लिए छठ समितियों को किया गया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने स्टूडेंट क्लब गढ़वा और जय देवी संघ टंडवा को चैती छठ के दौरान दानरो नदी किनारे धूमधाम के साथ छठ संपन्न कराने के लिए किए गए प्रबंधन और सकारात्मक प्रयासों के लिए सम्मानित किया।

उन्होंने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में स्टूडेंट क्लब के संरक्षक विनोद जायसवाल, अध्यक्ष नमन केसरी तथा जय देवी संघ टंडवा के संरक्षक टिंकू गुप्ता को अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि विनोद जायसवाल का दानरो नदी तट पर किये गये किसी भी धार्मिक सांस्कृतिक आयोजन में सदैव से सराहनीय योगदान रहता है। वे न केवल बढ़-चढ़कर ऐसे हर सार्वजनिक कार्यक्रम में सदैव तत्पर रहते हैं, बल्कि प्रशासनिक नियम कानूनों के अनुपालन करने हेतु सदैव स्थानीय लोगों को प्रेरित करते हैं। इसी तरह स्टूडेंट क्लब के अध्यक्ष नमन केसरी तथा जय देवी संघ टंडवा के अध्यक्ष टिंकू गुप्ता ने भी सदैव छठ पर्व आयोजन में बढ़ चढ़ कर अपना योगदान दिया है। एसडीएम ने उक्त दोनों समितियों के अलावा फ्रेंड्स क्लब की भूमिका की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि इस बार छठ पर्व के दौरान खतरनाक डीजे का उपयोग नहीं किया गया, इसके लिए इन सामाजिक संगठनों की महत्वपूर्ण सकारात्मक भूमिका के लिए वे साधुवाद देते हैं। उन्होंने रामनवमी और चैत्र नवरात्रि के उपलक्ष्य में गढ़वा अनुमंडल क्षेत्र के श्रद्धालुओं और सभी धार्मिक, सामाजिक संगठनों को शुभकामनाएं दीं।

## रामनवमी में ड्रोन कैमरे की नजर रहेगी पूरे गढ़वा पर : एसपी



गढ़वा (आजाद सिपाही)। गढ़वा एसपी दीपक पांडेय ने कहा है कि रामनवमी का त्योहार शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो, तथा विधि-व्यवस्था बनी रहे, यह सुनिश्चित करने के लिए गढ़वा पुलिस पूरी तरह से तैयार है। इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए, पुलिस ने शहरी और ग्रामीण इलाकों में उन क्षेत्रों में विशेष ध्यान केंद्रित किया है जहां असामाजिक और शरारती तत्वों द्वारा अशांति फैलाने की आशंका हो सकती है। इन तत्वों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए, गढ़वा पुलिस ड्रोन जैसे आधुनिक तकनीक का सहारा ले रही है। जिससे शरारती तत्वों की पहचान करने और उनके खिलाफ समय पर कार्रवाई करने में मदद मिलेगी। पुलिस का यह प्रयास है कि रामनवमी के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो और सभी नागरिक शांतिपूर्वक इस पवित्र त्योहार को मना सकें।

## बीडीओ ने की मनरेगा योजनाओं की समीक्षा



कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सह सीओ राकेश सहाय के द्वारा प्रखंड के सभी मनरेगा कर्मीयों के बीच बैठक कर मनरेगा योजना संबंधित कई बिंदुओं पर विस्तार रूप से चर्चा किया गया। जिसमें लंबित योजना बंद करते हुए नयी योजना प्रारंभ की जाए। प्रखंड अंतर्गत संचालित योजना जिनमें एनएमएमएस किया जाना है उसे सह समय निष्पादन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि किसी प्रकार की कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। मौके पर बीपीओ सोनू कुमार, मनरेगा कनीय अभियंता योगेंद्र यादव, देव कुमार सिंह, यशवंत कुमार, पंचायत सचिव सुदर्शन राम, विश्वनाथ राम, संजीव ठाकुर, प्रवीण पांडे के अलावे अन्य मनरेगा कर्मी उपस्थित थे।

## कशौधन वैश्य महिला मंच रामनवमी पूजा में शीतल पेयजल की व्यवस्था करेगा



गढ़वा (आजाद सिपाही)। कशौधन वैश्य समाज महिला मंच के द्वारा श्रीरामनवमी पूजा जन्मोत्सव के अवसर पर श्रीराम भक्तों के लिए मेन रोड में कोयल इलेक्ट्रोनिक के पास शीतल पेयजल मुरब्बा, गुड़ और चना की व्यवस्था करने का कार्य करेगी। पूर्व में भी महिला मंच के द्वारा यह कार्यक्रम करते आ रहे हैं। कशौधन महिला मंच के अध्यक्ष कंचन कश्यप ने कहा कि महिला मंच सामाजिक कार्य में हर समय बढ़ चढ़कर हिस्सा लेती है। रक्तदान का कार्य हो पुराने वस्त्र वितरण हो ठंड में कंबल वितरण हो अनेकों कार्यक्षेत्र में हम सभी महिलाएं हिस्सा लेती हैं। हम अपने राम भक्तों से आग्रह करेंगे कि हमारी स्टॉल पर आयें और शीतल पेयजल और मिष्ठान का लुत्फ उठाये। मौके पर उपस्थित सचिव अर्चना कश्यप उपाध्यक्ष नमिता कश्यप, कोषाध्यक्ष निधि कश्यप, संगठन मंत्री सीमा कश्यप, ममता कश्यप, गुड़िया कश्यप, प्रतिमा, ललिता, सोनी, वंदना कश्यप आदि उपस्थित थीं।

# शारदा पब्लिक स्कूल का विधायक ने किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**मझिआंव।** मझिआंव थाना से महज 700 मीटर दूर करमडीह अंतर्गत शारदा पब्लिक स्कूल का क्षेत्रिय विधायक नरेश प्रसाद सिंह के द्वारा दीप प्रज्वलित कर, केक काटकर और फिता काटकर उद्घाटन किया गया। स्कूल उद्घाटन के बाद विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने कहा कि क्षेत्र में अच्छे-अच्छे विद्यालय खुलने से क्षेत्र की तरक्की हो रहा है। अच्छे विद्यालय खुलने से यहां के बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। इस क्षेत्र के लोगों को पास के ही शारदा पब्लिक स्कूल में अच्छा शिक्षा मिलेगा। साथी उन्होंने कहा कि अगर विद्यालय में बेहतर व्यवस्था और शिक्षा दिया जायेगा तो और विकास करेगा और यहां के भी बच्चे उच्च शिक्षा पाकर आगे बढ़ेंगे। विद्यालय के डायरेक्टर अनुराग सिंह ने कहा कि शारदा पब्लिक स्कूल में नर्सरी से 5 क्लास तक के बच्चों के लिए एडमिशन जारी है। उन्होंने कहा कि इस विद्यालय में बाहर के शिक्षक रहेंगे और उच्च शिक्षा के साथ-साथ विद्यालय में हर तरह के फैसिलिटी दिया जायेगा। प्रिंसिपल धीरज चौधरी ने कहा कि आसपास के विद्यालय से यहां सीबीएसई पैटर्न के द्वारा बेहतर शिक्षा दिया जायेगा। मौके पर शंकर सिंह, विजय प्रसाद सिंह, ललन प्रसाद सिंह, रामजस सिंह, सीधी सिंह, ददन प्रसाद सिंह, दीनानाथ प्रसाद, प्रवीण सिंह, अनिल ठाकुर, दुर्गेश सिंह, शिक्षक पूजा, सबरीन आदि उपस्थित थे।

## कलश यात्रा के साथ श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ शुरू



डंडई (आजाद सिपाही)। डंडई प्रखंड के लवाही गांव के पंचायत भवन के समीप आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर शुक्रवार को गाजे बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा सह कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा में कुंवारी कन्याओं के साथ बड़ी संख्या में महिला और पुरुष श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गयी। तत्पश्चात कलश यात्रा लवाही व पचौर गांव के सिवान पर मंगरदहा नदी के तट पर पहुंचा। जहां पर यज्ञाचार्य 1008 श्री स्वामी शत्रुध्यानाचार्य जी महाराज के साथ कई विद्वान पंडितों के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत पूजा-अर्चना के साथ कलश में जल को उठाया गया। कलश यात्रा व मंडप प्रवेश के साथ ही पांच दिवसीय लक्ष्मी नारायण महायज्ञ प्रारंभ हो गया। कलशयात्रा में विधायक अनंत प्रताप देव, मानवेंद्र प्रताप देव, जीप सदस्य मोहन पासवान, झामुमो नेता जितेंद्र ठाकुर, यज्ञ कमेटी के अध्यक्ष सुदर्शन प्रसाद, सचिव बैजनाथ प्रसाद, कोषाध्यक्ष लाल बिहारी पासवान, संरक्षक घुरबीगन बैठा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

## भाजपा कार्यकर्ता विश्वास प्रसाद के निधन पर भाजपा नेताओं ने दी श्रद्धांजलि



गढ़वा (आजाद सिपाही)। गढ़वा विधानसभा के चिनियां निवासी वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता और एक प्रमुख सामाजिक व्यक्तित्व, विश्वास प्रसाद का आकस्मिक निधन, भाजपा परिवार और समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उनके निधन पर वरिष्ठ भाजपा नेता और गढ़वा जिले के प्रसिद्ध शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय, वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश निरंजन सिंहा, भाजपा नेता शिव नारायण चंद्रा, भाजपा नेता कपिल प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि चंद्रिका सिंह, उमेश प्रसाद, मनोज प्रसाद, राजेश प्रसाद, सहित अन्य उपस्थित लोगों ने भाजपा कार्यकर्ता विश्वास प्रसाद के घर जाकर उनके सुख कुल परिवार से मिलकर उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। विश्वास प्रसाद के निधन पर दुख जताते हुए अलखनाथ पांडेय ने कहा कि उनकी असामयिक मृत्यु से हम सभी मर्माहत हैं। उन्होंने कहा कि विश्वास प्रसाद का समर्पण, समाज सेवा और भाजपा के प्रति निष्ठा अद्वितीय थी। अलखनाथ पांडेय ने कहा कि विश्वास प्रसाद का निधन भाजपा परिवार और समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है। श्री पांडेय ने विश्वास प्रसाद के परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में उनका और उनके परिवार का हौंसला बढ़ाने की आवश्यकता है।

## लापता युवक को पुलिस ने परिजनों को सौंपा

भंडरिया (आजाद सिपाही)। बिहार राज्य से भटक कर नाबालिग लड़का पहुंचा भंडरिया। थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर अभिजीत गौतम मिश्रा के पहल पर परिजनों को सौंपा गया। मिली जानकारी के अनुसार बिहार राज्य के आरा जिला के भोजपुर थाना क्षेत्र के पंडुरा पामपूर निवासी मुटी राम के 11 वर्षीय पुत्र अखिलेश कुमार बीते एक सप्ताह पूर्व से अपने घर से लापता था, जिसे परिजनों के द्वारा रिश्तेदार समेत आसपास खोजा जा रहा था। इस संबंध में थाना प्रभारी सा इंस्पेक्टर अभिजीत गौतम मिश्रा ने बताया कि पुलिस जवानों के द्वारा गस्ती के दौरान भंडरिया इंदिरा गांधी के चौक के पास अनजान सा लड़का को देखकर पूछताछ करने पर पता चला कि यह बच्चा बिहार राज्य का है भटककर इधर आ गया है।

## रेड क्रॉस सोसाइटी ने पेंशनरों को स्वास्थ्य जांच के लिए किया आमंत्रित



गढ़वा (आजाद सिपाही)। पेंशनर्स कल्याण समाज के अध्यक्ष केके यादव ने कहा है कि गढ़वा जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के निदेशक डॉक्टर मुरली प्रसाद और सदस्य दयानंद प्रसाद ने सूचित किया है कि 7 अप्रैल 2025 को पुराने समाहरणालय के कैंपस में रेड क्रॉस सोसाइटी के कार्यालय का उद्घाटन होना है तथा उसी दिन 10:00 बजे से झारखंड पेंशनर्स कल्याण समाज के सदस्यों का स्वास्थ्य जांच भी किया जाना है। इन्होंने हमारे संगठन के पेंशनरों को स्वास्थ्य जांच के लिए आमंत्रित किया है। ऐसी स्थिति में जिले के सभी पेंशनरों से अपील है कि आप अधिक से अधिक संख्या में आकर ईस स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाएं। इस शिविर में स्वास्थ्य संबंधी सभी प्रकार की जांच और दवाएं निःशुल्क दी जायेगी।अतः हर हाल में इस शिविर में आना सुनिश्चित करें।

## गोपियों और भक्तों के साथ भगवान श्री कृष्ण ने रचाया रास



गढ़वा (आजाद सिपाही)। श्री रामलला मंदिर में आयोजित श्री रामचरित मानस पाठ सह अमृत प्रवचन के चौथे दिन भगवान की रास लीला की कथा सुनायी गयी। साथ ही स्थानीय बच्चियों ने रास लीला की अनोखी प्रस्तुति कर सभी भक्तों को नाचने के लिए विवश कर दिया। इस मौके पर मंदिर समिति के अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय और उपाध्यक्ष नंद कुमार गुप्ता ने आचार्य संजय कृष्ण शास्त्री को माल्यार्पण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर अध्यक्ष ने कहा कि हम सब बड़े ही स्वभाग्यशाली हैं कि अयोध्या के बाद झारखंड के गढ़वा में भगवान रामलला बालरूप में मौजूद हैं। इस मौके पर रासलीला की कथा सुनाते हुए आचार्य संजय कृष्ण शास्त्री ने कहा कि गोपियां कोई सुंदर महिलाएं और युवतियां नहीं थी। ये गोपियां त्रेता युग के दंडक वन के संत थे जो भगवान राम पर मोहित हो गये थे और उनका संसर्ग चाहते थे। मौके पर मंदिर समिति के सचिव धनंजय सिंह, कोषाध्यक्ष धनंजय गोंद, विकास दुबे, सुदर्शन सिंह, श्यामा पांडेय, किशोर सिंह, दिलीप कमलापुरी, आशीष अग्रवाल, धनंजय ठाकुर शर्मा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## मां शायर देवी धाम महोत्सव : जालंधर वध उर्फ सती वृंदा की लीला का किया गया मंचन



मेराल (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय के प्रसिद्ध मां शायर देवी धाम का पांचवा वार्षिक महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। महोत्सव के पांचवा दिन महावीर मंडली बाजार टोला के कलाकारों ने जालंधर वध उर्फ सती वृंदा का मनमोहक लीला का मंचन कर दर्शकों को खूब रिझाया। दिखाया गया कि देवराज इंद्र की जिद से महादेव जब क्रोधित हुए तो जालंधर उत्पन्न हुआ। उसने अपने तपोबल से तमाम शक्तियां हासिल की और अजेय हो गया। उसकी पत्नी वृंदा भी पतिव्रता थी। इस कारण वह और शक्तिशाली हो गया। बाद में छल के जरिए भगवान विष्णु और शंकर मिलकर उसका वध कर देते हैं और पूरा पंडाल रोमांचित हो उठता है।

सचेत झारखण्ड! सुरक्षित झारखण्ड!

उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग
(जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार)

गर्म हवाएँ/लू : साधारण सावधानियों से अपने आपको सुरक्षित रखें।

गर्म हवाएँ/लू की स्थिति में शारीरिक तनाव की संभावना होती है और कभी–कभी मौत का कारण भी बन जाता है। लू के प्रभाव को कम करने और इसके वजह से होने वाले गंभीर बीमारी /फीवर या मौत को रोकने के लिए निम्न उपाय उपयोगी है–

क्या करें :–
- जहाँ तक संभव हो सके घर के अन्दर रहने का प्रयास करें।
- रेडियो, टेलीविजन, समाचार पत्रों या मौसम सूचना से संबधित Mobile App आदि के माध्यम से स्थानीय मौसम पूर्वानुमान के द्वारा लू/हीट–वेव की स्थिति के बारे में जानकारी लेते रहे और सजग रहें।
- खिड़की को रिफ्लेक्टर जैसे एल्युमीनियम पन्नी, गत्ते इत्यादि से ढंक कर रखें, ताकि बाहर की गर्मी को अन्दर आने से रोका जा सके।
- जितनी बार संभव हो सके पर्याप्त पानी पीते रहें, भले ही प्यास नहीं लगा हों। यात्रा के समय अपने साथ पीने का पानी लेकर आवश्य चलें। ध्यान रहे कि मिर्गी या हृदय, किडनी अथवा लिवर समस्या से ग्रसित व्यक्ति, जो द्रव्य प्रतिबंधित आहार पर हैं, वैसे व्यक्ति चिकित्सक की सलाह लेने के पश्चात् ही पानी/द्रव्य की मात्रा को बढ़ायें।
- हल्का, ढीले–ढाले, छिद्रित और हल्के रंग का सूती कपड़ा पहनें। धूप में बाहर जाने वक्त सुरक्षा के लिए चश्मा, छाता/टोपी, जूते/चप्पल का प्रयोग करें।
- यदि आप बाहर काम करते है तो टोपी या छाता का उपयोग करें, साथ ही अपने सिर, गर्दन, चेहरे और अंगों पर नम कपड़े का उपयोग आवश्य करें।
- संतुलित, हल्का व नियमित भोजन करें। अधिक पानी वाले फल जैसे तरबूज, खीरा, नींबू, संतरा आदि का सेवन आवश्य करें। ओ0आर0एस0, घर का बना पेय जैसे लस्सी, तोरानी (चावल का पानी), नीबू पानी, छाछ आदि का प्रयोग करें जिससे आपके शरीर में पानी की कमी नहीं होगा।
- जानवरों को छांव में रखें और पीने के लिए पर्याप्त पानी दें।
- अपने घर को ठंडा रखें, पर्दे, शटर या चंदवा का उपयोग करें और रात में खिड़कियों को खोल कर रखें।
- पंखे/नम कपड़ें का प्रयोग करें और ठंडे पानी में अक्सर नहा लें।
- कार्यस्थल के समीप पीने के लिए ठंडा पेयजल की व्यवस्था रखें।
- सीधे धूप से अपने आप को बचाएँ। कठीन कार्य करने के लिए दिन के ठंडे समय में कार्ययोजना तैयार करें।
- खुले जगह में कार्य करने के बीच में आराम करने के समय व अंतराल में बढ़ोतरी करें। गर्भवती श्रमिकों और चिकित्सकीय शर्त वाले श्रमिकों को विशेश ध्यान देने की जरूरत है।
- हीट स्ट्रोक, हीट रैश या हीट कम्पस/ऐंठन के लक्षणों का पहचान करें जैसे कमजोरी, चक्कर आना, सिरदर्द, मतली, पसीना आदि। अगर आप बेहोशी या बीमार महसूस करतें हैं तो तुरंत डॉक्टर से मिलें।
- आपात् स्थिति से निपटने के लिए प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण लें।

क्या नहीं करें :–
- नंगे पाँव या चेहरा व सिर को ढंके बिना बाहर जाने से बचें।
- बच्चों या पालतू जानवरों को पार्क किए हुए वाहनों में अकेला नहीं छोड़ें।
- जहॉ तक संभव हो कड़ी धूप में बाहर न निकले। विशेश रूप से दोपहर 12 बजे एवं 3 बजे अपराह्न के बीच धूप में बाहर जाने से बचें।
- गहरे रंग वाले कपड़े, भारी या चुस्त कपड़े पहनने से बचें।
- बाहर का तापमान अधिक रहने पर भारी व कठीन कार्य करने से बचें। दोपहर 12 बजे एवं 3 बजे अपराह्न के बीच बाहर काम करने से बचें।
- तेज धूप व गर्मी के दौरान खाना बनाने से बचें। खाना पकाने वाले क्षेत्र को हवादार रखने के लिए दरवाजे और खिड़कियों को खुला रखें।
- शरीर को निर्जलित करने वाले पेय पदार्थ जैसे शराब, चाय, कॉफी, कार्बोनेटेड शीतल पेय आदि को पीने से बचें।
- अधिक प्रोटीन वाले भोजन जैसे–माँस, मेवे आदि जो शारीरिक तापमान में वृद्धि करते हैं, उनके सेवन से परहेज करें। खराब हो गये भोजन को कतई न खाएं।

**नोट–** किसी भी आपात स्थिति में सहायता के लिए 112, पुलिस सहायता के लिये 100, अग्नि शमन सहायता के लिये 9304953423, एम्बुलेंस की सहायता के लिये 108 एवं कंपोजिट कन्ट्रोल रुम के लिये 06546–264159 एवं 265233 नम्बर पर सम्पर्क करें।

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार, हजारीबाग द्वारा जनहित में जारी

अपर समाहर्त्ता हजारीबाग। उपायुक्त –सह– अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार, हजारीबाग।

PR.NO.349711 Disaster Management(25-26):D

## शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में निकाली गयी शोभायात्रा

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। रामनवमी पूजा के अवसर पर श्रीराम सेना, बजरंग दल और अन्य रामनवमी पूजा समिति द्वारा शुक्रवार को मोटरसाइकिल से शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। इसका उद्देश्य रामभक्तों को रामनवमी के दिन पूजा, झांकी, अखाड़ा और भव्य शोभायात्रा में शामिल होने का आमंत्रण देना था। इस शोभायात्रा में सैकड़ों रामभक्त बाइक के साथ शामिल हुए। सभी जय श्रीराम के जयघोष और हिंदी नववर्ष की शुभकामनाओं के साथ आगे बढ़ते रहे। भवनाथपुर सूर्य मंदिर, टाउनशिप गोल चक्कर स्थित बजरंज बलि मंदिर एवं बस्ती देवी मंडप के प्रांगण से गाजे बाजे के साथ रामभक्त बाईक से भव्य शोभा यात्रा निकाली। शोभा यात्रा टाउनशिप, दुल्हर, कर्पूरी चौक, सिंघीताली, मकरी, बुका, अरसली मुख्य पथ होते हुए पुनः मंदिर प्रांगण में पहुंची।

# ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध चिकित्सा सेवाएं: योग्यता से परे 'डॉक्टर' कर रहे हैं इलाज, प्रशासन से कार्रवाई की मांग

### मलेरिया की गलत दवा देने पर हालत बिगड़ी

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरडीहा।** बरडीहा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत आदर में अवैध रूप से चिकित्सा सेवाएं देने और बिना योग्यता के डॉक्टरों द्वारा रोगियों का इलाज किए जाने की गंभीर शिकायत सामने आई है। यहां तक कि बिना शिक्षा के पिता पुत्र सभी इलाज करते हैं। जी हां ग्राम आदर निवासी स्वर्गीय शेख सामिमुदिन के पुत्र नवाब आलम ने इस मामले में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी मझिआंव डॉक्टर गोविंद प्रसाद सेठ को लिखित आवेदन देकर शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है।

आवेदन के माध्यम से शिकायत किया गया है कि आदर निवासी स्वर्गीय कबीर अंसारी के पुत्र गयासुद्दीन अंसारी (मुखिया पति), गयासुद्दीन अंसारी के पुत्र सुहेल अंसारी, और नन्हकूदीन अंसारी के पुत्र यूसुफ अंसारी इन तीनों के द्वारा अवैध रूप से चिकित्सा सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। और मेडिकल दुकान भी रखे हैं। नवाब आलम ने बताया कि जब वह इलाज के लिए सुहेल अंसारी के पास गया, तो उन्हें मलेरिया बताया गया, और बिना किसी वैध डॉक्टरी योग्यता के मलेरिया का इंजेक्शन तथा दवाइयां दी गयीं। दवा लेने के बाद उनकी तबीयत बिगड़ने लगी, जिससे उन्होंने आरोप लगाया कि इलाज गलत तरीके से किया गया।

नवाब आलम ने कहा कि ग्राम आदर में बिना डाक्टरी की पढ़ाई किए, फर्जी डॉक्टरों के द्वारा इलाज किया जा रहा है और मेडिकल संचालित हो रहा है। उन्होंने इस मामले की जांच की मांग की है, ताकि ऐसे अवैध रूप से चल रहे चिकित्सा केंद्रों पर अंकुश लगाया जा सके, और लोगों की जान को खतरे से बचाया जा सके।

वहीं मिली जानकारी के अनुसार यह मामला थाना क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। यह समस्या थाना क्षेत्र के कई गांवों में भी है, जहां अवैध चिकित्सा सेवाएं दी जा रही है। हालांकि, समय-समय पर संबंधित अधिकारियों द्वारा ऐसे फर्जी क्लीनिकों पर कार्रवाई की जाती तो लोगों में डर बना रहता और फर्जी डॉक्टर पैसे के लालच में गलत काम नहीं करते। इधर आवेदन के संबंध में पूछे जाने पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर गोविंद प्रसाद सेठ ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है। उक्त आवेदक को जिला के वरीय पदाधिकारी को भेज दिया गया है और दिशा निर्देशानुसार जांच कर अवैध तरीके से क्लीनिक संचालकों के खिलाफ कार्रवाई किया जायेगा।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 05 अप्रैल, 2025
www.azadsipahi.in


# 30 तक पीएम आवास योजना का सर्वे पूरा करें : बीडीओ



आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरा।** प्रखंड कार्यालय स्थित सभा भवन में शुक्रवार को बीडीओ प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता में मनरेगा योजना, आवास योजना, 15वीं वित्त योजना एवं मंईयां सम्मान योजना का समीक्षा किया गया। मनरेगा योजना अंतर्गत लंबित योजनाओं को पूर्ण करते हुए ज्यादा से ज्यादा मानव दिवस सृजन करने का निर्देश दिया गया। आवास अंतर्गत लंबित आवासों को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया गया तथा प्रधान मंत्री आवास योजना का सर्वे 30 अप्रैल 2025 तक पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। 15 वे वित्त आयोग अन्तर्गत योजनाओं में कटौती की गयी रियलिटी की राशी को 10 अप्रैल तक जिला खनन पदाधिकारी, लोहरदगा के पास जमा करने का निर्देश दिया गया। पंचायत सचिवालय में खुले ज्ञान केंद्र को सुस्सजित करते हुए एक सप्ताह के अंदर सुचारू रूप से संचालित करने का निर्देश दिया गया। बीडीओ प्रतिमा कुमारी द्वारा सभी उपस्थित कर्मियों को वित्तीय वर्ष 2025-26 में बेहतर कार्य करते हुए विकास योजनाओं को ग्रामीणों तक पहुंचाने का निर्णय किया गया।

## डीसी ने रामनवमी जुलूस मार्गों का किया निरीक्षण

# सभी सूचना तंत्र को एक्टिव करने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार आगामी रामनवमी पर्व के मद्देनजर उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने संयुक्त रूप से विधि व्यवस्था से संबंधित समीक्षा बैठक की। बैठक में उपायुक्त ने जिले के सभी अंचल अधिकारियों, थाना प्रभारियों से अपने अंचल व थाना क्षेत्रों में रामनवमी को लेकर की जा रही तैयारियों की जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिले के सभी एसडीओ, एसडीपीओ और थाना प्रभारी को अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया गया। साथ ही सभी सूचना तंत्र को भी एक्टिव करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्रकार के धार्मिक यात्राएं, कार्यक्रमों, जुलूस, झांकी आदि में विशेष रूप से निगरानी की जाये। रामनवमी



जुलूस संपन्न होने तक अपने अपने क्षेत्रों में सभी अंचल अधिकारी और थाना प्रभारी समन्वय बनाते हुए क्षेत्र का भ्रमण करेंगे और विधि व्यवस्था का जायजा लेंगे। कहीं पर भी किसी प्रकार की छोटी से छोटी समस्या हो तो तुरंत अपने सीनियर पदाधिकारी को सूचित करेंगे। इसके पश्चात उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा शहरी क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न जुलूस निकालने के मार्गों का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के क्रम में जुलूस आवागमन को सुलभ बनाने सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गयी। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने जुलूस हेतु निर्धारित मार्गों में रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी जगहों पर दण्डाधिकारी और पुलिस बल पर्याप्त मात्रा में तैनात करने का निर्देश दिया गया। सुरक्षा के दृष्टिकोण से जुलूस मार्गों पर पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी लगाने का निर्देश दिया गया। जिससे जुलूस की निगरानी की जायेगी। इस दौरान उपायुक्त ने सभी अधिकारियों से समन्वय बनाकर समय सीमा में सभी कार्यों को पूरा करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को सड़क मार्ग में पड़ने वाले पेड़ों के डालियों, अव्यवस्थित बिजली के तारों आदि को व्यवस्थित करने का निर्देश दिया। रुट का निरीक्षण बाजार टांड़, थाना चौक तक किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, एसडीपीओ अरविंद कुमार व प्रखंड विकास पदाधिकारी लातेहार, अंचल अधिकारी और अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## भाजपा नेता की पहल पर सड़क के गड्ढे भरे गये



**कुडू/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कुडू-रांची मुख्य पथ एनएच 39 में थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जिलिंग स्थित अजय ढाबा के समीप पिछले दो-तीन माह से बने गड्ढों की मरम्मती का कार्य शुक्रवार को किया गया। भाजपा नेता सरजू कुमार साहु ने एनएचएआइ की प्रोजेक्ट डायरेक्टर एकता कुमारी से मोबाइल पर संपर्क कर गड्ढों को तत्काल भरने की बात कही थी। जिसके बाद गड्ढे की मरम्मती का कार्य किया गया। गौरतलब है कि बीते गुरुवार को सुंदरू गांव निवासी नौशाद अंसारी और उसकी पत्नी भी इन्ही गड्ढों के कारण गंभीर रूप से जख्मी हो गये थे। जिन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर किया गया है। यह कोई पहला हादसा नहीं बल्कि विभागीय लापरवाही का दंश झेल रहे इस मार्ग पर बने, इसके अलावा भी कई स्थानों पर बने मौत को आमंत्रित कर रहे इन गड्ढों की वजह से आये दिन हादसे होते रहे हैं। अब तक दर्जनों लोग गंभीर रूप से जख्मी हुए हैं। प्रतिदिन हजारों छोटे बड़े और भारी वाहनों का परिचालन इस मार्ग से होता है। इसके अलावा आये दिन कोई न कोई माननीय और विभाग के पदाधिकारियों की भी आवाजाही होती रहती है। इसके बावजूद भी पदाधिकारियों की नजर इस जर्जर सड़क पर नहीं पड़ती और वे इससे अनजान बने हुए हैं।

## फरार आरोपी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**मनिका/ लातेहार (आजाद सिपाही)।** मनिका थाना क्षेत्र के डोंकी पंचायत के सैलदाग गांव में मनिका पुलिस ने कांड संख्या 51/23 के धारा 341,342, 448, 452, 323, 325, 506, 34 आइपीसी के प्राथमिक अभियुक्त अनंत सिंह एवं वैद्यनाथ सिंह दोनों ग्राम सैलदाग थाना मनिका के घर इश्तिहार चिपकाया है। मौके पर मनिका थाना सअनि मिश्रा मांझी, बिपिन मिश्रा उपस्थित थे।

# लातेहार जिला के स्थापना दिवस पर लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार लातेहार जिला स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में पंडित दीनदयाल उपाध्याय, नगर भवन, लातेहार में आयोजित विकास मेला सह परिसंपत्ति वितरण कार्यक्रम का उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव एवं जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, जनप्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने लातेहार जिला के 24 वें स्थापना दिवस पर सभी लातेहार जिला वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। कहा कि लातेहार के स्थापना दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से तमाम चुनौतियों का सामना करते



हुए विकास के उच्च स्तर को प्राप्त करने हेतु सतत प्रयत्नशील है।

लातेहार जिला पर्यटन स्थलों की खूबसूरती, हरी-भरी वादियों और संगीतमय झरना आदि के लिए विख्यात है एवं दूसरी ओर खनिज संपदा से परिपूर्ण है। जिला अंतर्गत पर्यटन और खनन के क्षेत्र में विकास हो रहा है ' सरकार विभिन्न क्षेत्रों में निवेश कर लोगों के विकास एवं रोजगार सृजन के लिए प्रयासरत है। स्वास्थ्य, शिक्षा व खेल खुद के क्षेत्र में बेहतर करने लिए राज्य सरकार और जिला प्रशासन पूरी तरह से कटिबद्ध है और पूरी तरह से प्रयासरत भी है। राज्य सरकार आप सभी के लाभ के लिए विकास के लिए अनेकों योजनाएं चला रही है। सरकार की योजनाओं का लाभ लें।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक के द्वारा जिलेवासियों को जिला स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी गयी। आगे उन्होंने कहा कि ये कहना गलत नहीं होगा कि लातेहार जिले का एक गौरवशाली इतिहास रहा है। लातेहार जिले के चारों ओर पहाड़ों की एक विशाल श्रृंखला है। हरी-भरी वादियां, ऊंचे पर्वत और जंगलों में महुआ और पलाश की खुशबू। लातेहार जिला प्राकृतिक संपदा से परिपूर्ण है। सरकार और प्रशासन के द्वारा चलाये जा रहे विकास कार्यों की वजह से आज जिला विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने आगे कहा जिला के विकास में सभी लोग अपना सहयोग दें।

विकास मेला कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित स्टॉल प्रदर्शनी लगाकर लोगों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गयी। इस दौरान विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया गया। जिलेभर में धूमधाम से जिला स्थापना दिवस मनाया गया।

# शिक्षकों की विज्ञान विषय पर कार्यशाला आयोजित



आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा/ लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड रिसोर्स कक्ष में सिनी टाटा ट्रस्ट्स के द्वारा सरकारी विद्यालय में संचालित कक्षा 6 से 8 तक का विद्यालयों के शिक्षकों का विज्ञान विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यशाला में सिनी टाटा ट्रस्ट्स के सामुंदर सिंह सेंगर ने प्रकृति से जुड़े चीजों को विज्ञान से जोड़कर किस तरह से छात्र छात्राओं को रोचक तरीके से शिक्षण दिया जा सकता है, उसके बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। वहीं अवधेश कुमार यादव ने बताया कि हम सभी कहीं न कहीं एक साथ स्टेम के तहत गतिविधियों को छात्र छात्राओं के साथ गतिविधि करते हैं और विद्यालय में उपलब्ध संसाधन के माध्यम से विज्ञान को रोचकता पूर्ण तरीके से विद्यालय स्तर पर विज्ञान के बारे में शिक्षण कार्य को कर सकते हैं। मौके पर आयोजित कार्यशाला में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी प्रकाश रंजन प्रखंड साधन सेवी अंबिका शरण पांडे, सिनी टाटा ट्रस्ट के मामूरा खान तरुण कुमार, उदित कुमार के अलावे सुमन कुमार दास समेत सरकारी विद्यालय के अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## भंडरा में रामनवमी की तैयारी जोरों पर



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** महावीर मंडल द्वारा रामनवमी की तैयारी तेज कर दी गयी है। इसके अलावा प्रशासनिक और सामाजिक स्तर पर भी रामनवमी की तैयारियां जोरों पर है। भंडरा में रामनवमी की तैयारी को लेकर महावीर मंडल के लोगों में खासा उत्साह नजर आ रहा है। प्रखंड बस्ती से लेकर प्रखंड के विभिन्न अखाड़ों में तैयारी के साथ साथ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को महावीर मंडल भंडरा के संगठन मंत्री ललन सोनार व विकास सिंह के नेतृत्व में युवाओं ने प्रखंड बस्ती के मुख्य पथ से लेकर थाना रोड मे महावीर झंडा लगाया। सड़क किनारे महावीर झंडा लगने से पूरा क्षेत्र महावीर मय हो गया है। इधर रामनवमी को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। दो दिन पहले से ही सभी अखाड़े और महावीर मंडल के लोग रामनवमी की साज-सज्जा में जुटे हुए हैं। रामनवमी को भव्य एवं आकर्षक बनाने के लिए महावीर मंडल एवं विभिन्न अखाड़े के सदस्य अपने अपने क्षेत्र में सफलतापूर्वक जुलूस निकालने के लिए तैयारी मे जुटे है। महावीर मंडल के अध्यक्ष ईश्वरी मोहन शर्मा ने बताया की 6 अप्रैल को भंडरा ठाकुर बाड़ी के समीप मेला सह अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा जिसमे प्रखंड के विभिन्न गांव के महावीर अखाड़ा भाग लेंगे। सभी अखाड़ों को निमंत्रण भेज दिया गया है। तैयारी जोरो से की जा रही है।

# जिला प्रशासन ने डीजे संचालक और अखाड़ा समिति को विशेष गाइड लाइन की जानकारी दी

आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा/ लोहरदगा।** आगामी त्यौहार रामनवमी को मद्देनजर रखते हुए डीजे संचालक एवं अखाड़ा समिति के साथ अंचलाधिकारी के अध्यक्षता में एक बैठक थाना परिसर सेन्हा में आहूत किया गया। शोभायात्रा व मेला आयोजन तथा डीजे बजाने का लिया गया जायजा और आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। विदित हो कि लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा प्रखंड क्षेत्र में आगामी त्यौहार रामनवमी के पावन अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम तथा शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर बैठक के दौरान चर्चा किया गया। गौरतलब हो कि लोहरदगा जिला प्रशासन की ओर से जारी गाइडलाइन के मुताबिक उपस्थित डीजे संचालक को लॉउडस्पीकर या डीजे के माध्यम से अश्लील गाना या दूसरे समाज के भावना को ठेस पहुंचने जैसे गाना नही बजाने तथा



सुबह 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक एक ही स्थान पर धीमी साउंड में बजाने सहित पांच बिंदुओं पर दिशा निर्देश दिया गया। गाइड लाइन के अनुसार कार्य किये जाने पर प्रोत्साहन के रूप में जिला प्रशासन की ओर से पुरस्कार दिये जाने की बात कही गयी। उक्त बैठक जिला उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण एवं जिला पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमां के निर्देशानुसार अंचलाधिकारी मोदस्सर नजर मंसूरी के अध्यक्षता में शुक्रवार को आयोजित किया गया। बैठक के दौरान रामनवमी अखाड़ा समिति से भी विधि व्यवस्था का जायजा लिया गया और मेला स्थल जाने वाला पथ तथा जुलूस के दौरान समस्या उत्पन्न होने वाली बिंदुओं पर जायजा लिया गया तथा समिति के ओर से ध्यान आकृष्ट कराया गया। प्रशासन की ओर से सहयोग का अपेक्षा किया गया। मौके पर थाना प्रभारी वारिश हुसैन, एसआइ पंकज कुमार यादव, दयानंद सरस्वती, एएसआइ अलवीना लकड़ा, अरूणकी बहेलिया के अलावे डीजे संचालक संदीप साहू एवं अखाड़ा समिति से नंदकिशोर शुक्ला, रामजीत यादव, किशोर साहू, विनोद यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

# देवी मंडप में अखंड हरि कीर्तन का समापन

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** रामनवमी के शुभ अवसर पर लोहरदगा के सिटियो स्थित ऐतिहासिक देवी मंडप परिसर में इस वर्ष भी भव्य और दिव्य 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन आयोजन संपन्न हुआ। यह आयोजन 3 अप्रैल 2025, चैत्र शुक्ल पक्ष षष्ठी को श्रद्धालु भक्तों के उत्साह और श्रीराम के नाम संकीर्तन के साथ आरंभ हुआ, जो शुक्रवार, 4 अप्रैल 2025 को शाम 4:00 बजे विधिपूर्वक संपन्न हुआ। इस अद्वितीय धार्मिक आयोजन का नेतृत्व अंजन धाम समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह द्वारा किया गया। उनके मार्गदर्शन में यह आयोजन न केवल लोहरदगा, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए एक आध्यात्मिक जागृति और सामाजिक एकता का प्रतीक बन गया। कीर्तन स्थल पर भक्ति और श्रद्धा का ऐसा अद्वितीय दृश्य था जिसमें हर आयु वर्ग के लोग, चाहे वे छोटे बच्चे हों, युवा हों या वृद्ध, सभी प्रभु श्रीराम की महिमा में लीन नजर आये। सिया राम मय



सब जग जानी, राम नाम अमृत है, जैसे भजन गूंजते रहे और सारा वातावरण राममय हो गया। शाम को कीर्तन के समापन पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा, अर्चना, हवन और महाआरती का आयोजन किया गया। उपस्थित भक्तों ने दीप प्रज्वलित कर श्रीराम की महाआरती में भाग लिया और अपने श्रद्धा भाव अर्पित किये। प्रसाद वितरण के साथ श्रद्धालुओं ने पूरे आयोजन में दिव्यता और आत्मिक शांति की अनुभूति की। इस आयोजन में ग्रामवासियों ने सेवा, सहयोग और समर्पण की मिसाल प्रस्तुत की। आयोजन में सुजीत भगत, विजय बैठा, ओम साहू, हरि बैठा, सामोद साहू, राम साहू, परमेश्वर सिंह, शिवदान साहू, पंकज माली, सुरेंद्र माली, शिवधान साहू, श्याम साहू और रंजीत माली समेत अनेक भक्तों की उपस्थिति और सक्रिय भागीदारी उल्लेखनीय रही। समिति के अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि ऐसे धार्मिक आयोजन केवल पूजा तक सीमित नहीं होते, बल्कि ये हमारी सांस्कृतिक विरासत, सामाजिक समरसता और नई पीढ़ी में संस्कारों के संचार का भी माध्यम होते हैं। उनका उद्देश्य है कि भावी पीढ़ी को भक्ति, सेवा और संस्कृति से जोड़ा जाए। रामनवमी के अवसर पर यह आयोजन लोहरदगा के लिए एक गौरवशाली अध्याय बन गया, जिसने पूरे गांव को भक्ति, श्रद्धा और एकता के सूत्र में बांध दिया।

## आदिशक्ति महावीर मंदिर की पहली वर्षगांठ मनायी



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह बस स्टैंड स्थित आदिशक्ति महावीर मंदिर का शुक्रवार को प्रथम स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंदिर के प्रथम स्थापना दिवस कार्यक्रम को लेकर मंदिर समिति के द्वारा सुबह में पंडित रंजन कुमार मिश्रा द्वारा मुख्य यजमान कमल किशोर सिंह रिंकू, राजेंद्र कुमार बबलू, समेत अन्य सदस्यों द्वारा पूजा अर्चना और हवन कार्यक्रम के साथ मंदिर स्थापना की प्रथम वर्षगांठ मनाया गया। इस अवसर पर आदि शक्ति महावीर मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। वही हवन पूजन के बाद भंडारा कार्यक्रम की शुरुआत जिप सदस्य संतोषी कुमारी, निरंजन सिंह, नरेश चौरसिया, रिंकू सिंह, चेतन वर्मा के द्वारा किया गया। जिसमें साप्ताहिक बाजार के दिन छह घंटा से अधिक समय तक चले भंडारा कार्यक्रम में श्रद्धालुओं के बीच खीर, पुड़ी, सब्जी वितरण किया गया। मौके पर अध्यक्ष राजवर्धन सिंह, सतेंद्र सिंह उर्फ डब्बू सिंह , राजेन्द्र प्रसाद, कन्हाई प्रसाद, विवेक सिंह, उपेन्द्र प्रसाद, सतीश प्रसाद, अवनीश प्रसाद, कमलेश प्रसाद, सोनू सरदार, बबलू रहमान समेत अन्य लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

# लोहरदगा और लातेहार में उदयगामी सूर्य को अर्घ्य देने के साथ चैती छठ संपन्न


आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** चैती छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान के चौथे व अंतिम दिन चैत्र शुक्ल सप्तमी यानी शुक्रवार की सुबह में उदयगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया गया। इसके साथ ही चार दिनी अनुष्ठान संपन्न हो गया। अर्घ्यदान को लेकर नदी, पोखर व तालाब में जाकर व्रतियों ने भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया। व्रती व उनके स्वजन उदयगामी सूर्य की पूजा अर्चना करने के बाद आंगन एवं छत पर मिट्टी के कोशी को छठी के रूप में पूजा किए। इसके साथ व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास खत्म हो गया और वे पारण किये। व्रती



महिला -पुरुष ने स्नान -ध्यान कर पीला व लाल वस्त्र धारण कर पूरी पवित्रता के साथ हाथों में बांस की कलसूप में ऋतुफल ठेकुआ, ईख, नारियल,कला रखकर उगते हुए सूर्य को अर्घ्य दान किया। भविष्य पुराण के अनुसार छठ पर्व लौकिक व परलौकिक दोनों ही जीवन को सुख देने वाला है। कहते हैं कि इस पर्व से मृत्यु के बाद भी सूर्य लोक में स्थान प्राप्त होता है और वहां जीवात्मा को सुख की प्राप्ति होती है। परिवार की सुख-समृद्धि तथा कष्टों के निवारण के लिए किये जाने वाले इस व्रत की एक खासियत यह भी है कि इस पर्व को करने के लिए किसी पुरोहित (पंडित) की आवश्यकता नहीं होती है और न ही मंत्रोचारण की कोई जरूरत है।


## व्रतियों ने छठी मइया की आराधना कर सुख-समृद्धि के लिए की मंगल कामना



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार से नहाय-खाय के साथ चार दिवसीय चैती छठ व्रत आरंभ हुआ था। जो अरुणोदय सूर्य को अर्घ्य अर्पण के साथ शुक्रवार को सम्पन्न हो गया। गौरतलब हो कि सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न नदी, तालाब और जलाशयों में व्रतियों द्वारा छठी मैया व भगवान सूर्य का आराधना कर अर्घ्य अर्पण किया गया। चैती छठ को लेकर बाजार की दुकान में संचालक द्वारा साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखा गया था।

## चंदवा में देवनद छठ घाट पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा भगवान भुवन भास्कर को प्रातःकालीन अर्घ्य के साथ ही लोक आस्था का ऐतिहासिक पर्व छठ संपन्न हो गया।चंदवा में छठ कि आयोजन हमेशा से ही भव्यताओं से परिपूर्ण रहा है जिसकी चर्चा राज्य भर में होती है। इस बार भी चैत के महीने में नवरात्र के पावन कालखंड में आयोजित होने वाला यह त्योहार चंदवा में अभूतपूर्व सफलता के साथ संपन्न हुआ। छठ की व्यवस्था बहाल करने में शहर में कई समितियां सक्रिय रहीं। छठ पूजा समिति चंदवा, देवनद दामोदर छठ पूजा समिति चंदवा, विवेकानंद



किशोर संस्थान आदि ने नदी घाट पर श्रद्धालुओं के सेवार्थ कई प्रकार की व्यवस्थाएं की जिससे देवनाद का छठ घाट बेहद आकर्षक लगने लगा। पूजन के सभी छह दिन, पूरा शहर छठ के मांगलिक गीतों से गुंजता रहा। देवनद नदी की सफाई हिंडलको इंडस्ट्री के सौजन्य से करायी गयी और घाट सज्जा में विभिन्न संस्थाओं ने अपने अपने स्तर से सहयोग किया जिससे घाट की छटा बेहद आकर्षक हो गयी। छठ घाट पर लाज्जा गृह का निर्माण, ठंढे पेय का वितरण, अर्घ्य के दूध का वितरण आदि कई प्रकार की सुविधाओं के साथ इस बार का छठ का आयोजन चंदवा में ऐतिहासिक रहा।

# रामनवमी को लेकर पूरे जिले में व्यापक तैयारी ड्रोन-सीसीटीवी कैमरे से होगी निगरानी : डीसी

## जिले में शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने में प्रशासन का करें सहयोग : एसपी

- रामनवमी को लेकर विभिन्न प्रखंडों में किया गया फ्लैग मार्च

आजाद सिपाही संवाददाता



विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर फ्लैग मार्च करते पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी।

**मेदिनीनगर।** रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाये जाने को लेकर जिले के विभिन्न प्रखंडों में शुक्रवार को फ्लैग मार्च निकाला गया। डीसी शशि रंजन एवं एसपी रिष्मा रमेशन के निर्देश पर फ्लैग मार्च में जिला स्तरीय प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी भी शामिल रहे। डीसी एवं एसपी ने जिलेवासियों से शांतिपूर्ण तरीके से रामनवमी पर्व मनाने की अपील की है। डीसी ने कहा कि रामनवमी पर्व को लेकर पूरे जिले में व्यापक तैयारी की गई है। ड्रोन से नजर रखी जा रही है। वहीं जुलूस मार्गों पर सीसीटीवी अधिष्टापित कर प्रशासन द्वारा नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि अराजक और असामाजिक तत्वों से निपटने के लिए प्रशासन ने पूरी तैयारी की है। ऐसे में शांति व्यवस्था बनाए रखने में सभी लोग प्रशासन का सहयोग करें। अंतराज्यीय सीमाओं पर भी विशेष नजर रखी जा रही है। उन्होंने डिजिटल एवं इंटरनेट मीडिया पर तकनीकी टीम द्वारा नजर रखे जाने की बातें कही। कहा कि किसी भी भ्रामक और अपुष्ट सूचनाओं के प्रसारण पर संबंधितों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आने वाली सूचनाओं का सत्यापन करके ही प्रसारण या प्रकाशन करना सुनिश्चित करें, ताकि शांतिपूर्ण पर्व संपन्न कराया जा सके। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष बनाया गया है, जिससे पल-पल का अपडेट लिया जा रहा है। उधर, एसपी ने रामनवमी का जुलूस निर्धारित मार्ग से ही निकालने की अपील की। कहा कि प्रशासन की टीम को शांति व्यवस्था बनाए रखने में पूरा सहयोग करें। दूसरी ओर, उंटारी रोड, मोहम्मदगंज, हैदरनगर प्रखंड क्षेत्र व देवी धाम क्षेत्र, हुसैनाबाद, छतरपुर एवं हरिहरगंज के विभिन्न मार्गों में निकाले गये फ्लैग मार्च का नेतृत्व डीडीसी शब्बीर अहमद एवं अपर समाहर्ता कुंदन कुमार ने किया। फ्लैग मार्च के माध्यम से प्रशासन ने रामनवमी पर्व को लेकर शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने की अपील की। वहीं, डीडीसी ने सभी से विधि व्यवस्था संधारण में प्रशासन की मदद करने की अपील की। कहा कि रामनवमी देश का महत्वपूर्ण पर्व है। इस पर्व में लोगों की बड़ी आस्था होती है। श्रद्धालु पर्व को उत्साह, उमंग एवं हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं। रामनवमी को लेकर विधि व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित करने के उद्देश्य से तैयारी की समीक्षा की गई है। श्रद्धालुओं की व्यवस्था एवं सुविधाओं का आकलन किया गया है, ताकि समय रहते कमियों को दूर किया जा सके। साथ ही फ्लैग मार्च के माध्यम से शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने की अपील की गई। अपर समाहर्ता कुंदन कुमार ने भी शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने की अपील की। उन्होंने किसी तरह की अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और सोषल मीडिया के दुरूपयोग से बचने की बातें कही। उधर, फ्लैग मार्च के साथ ही संबंधित क्षेत्रों में रामनवमी को लेकर विधि व्यवस्था संधारण एवं अबतक की गयी तैयारियों की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने हैदरनगर देवी धाम मंदिर और मेला क्षेत्र का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। साथ ही माता मंदिर में मत्था टेका। देवी धाम मंदिर समिति की ओर से अधिकारियों को चुनरी ओढ़ाकर स्वागत किया गया। साथ ही मंदिर समिति के सदस्यों ने देवी धाम मंदिर रिसर में शौचालय, बिजली, पेयजल आदि सुविधाएं व्यापक स्तर पर उपलब्ध कराने की मांग की। इस पर डीडीसी ने देवी धाम की व्यवस्थाएं सुदृढ़ करने का आश्वासन दिया। फ्लैग मार्च में जिला स्तरीय, अनुमंडल, प्रखंड, अंचल एवं थाना स्तरीय पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं जवान शामिल रहे।

## झारखंड-बिहार के प्रशासन ने रामनवमी को लेकर हरिहरगंज में किया संयुक्त फ्लैग मार्च



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** रामनवमी जन्मोत्सव पूजा शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी काफी सक्रिय हैं। इसे देखते हुए झारखंड और बिहार सीमा से सटे पलामू जिले के हरिहरगंज शहर में शुक्रवार को दोनों राज्यों के प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च हरिहरगंज थाना परिसर से शुरू होकर एनएच के रास्ते अररुआ कॉलेज मोड़ होते हुए बिहार के महाराजगंज सीमावर्ती क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए थाना परिसर पहुंचकर समाप्त हुआ। इस दौरान रामनवमी पूजा शांति-सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की गई। वहीं प्रशासनिक अधिकारियों ने कड़ी सुरक्षा के बीच ड्रोन कैमरे से निगरानी करने की जानकारी दी। इस अवसर पर पलामू डीडीसी शब्बीर अहमद, छत्तरपुर एसडीएम आशीष गंगवार, एसडीपीओ अवध कुमार यादव, औरंगाबाद सदर एसडीएम संतन सिंह, एसडीपीओ संजय पांडेय, पलामू डीएसओ प्रीति किस्कू, डीएसई संदीप कुमार, डीटीओ जितेंद्र कुमार यादव, जिला कल्याण पदाधिकारी सेवाराम साहू, एनडीसी विक्रम आनंद, हरिहरगंज थाना प्रभारी चंदन कुमार, बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी, सीओ मनीष कुमार सिन्हा, ईओ फैजुल रहमान अंसारी आदि फ्लैग मार्च में शामिल थे।

## अंतरराज्यीय सीमाओं पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखने का निर्देश

रामनवमी को लेकर जिला और अनुमंडल के प्रशासनिक अधिकारियों ने किया फ्लैग मार्च

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** रामनवमी त्योहार शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला के पुलिस और प्रशासनिक पदाधिकारियों ने हुसैनाबाद, हैदरनगर एवं मोहम्मदगंज में फ्लैग मार्च किया। जिसकी अगुवाई डीडीसी शब्बीर अहमद, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, एसडीओ गौरांग महतो, प्रशिक्षु आईपीएस सह हुसैनाबाद एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब, प्रशिक्षु आईपीएस सह थाना प्रभारी हैदरनगर दिव्यांश शुक्ला आदि ने की। विधि-व्यवस्था बनी रहे, यह सुनिश्चित करने के लिए अंतरराज्यीय सीमाओं पर सुरक्षा कड़ी करने का निर्देश दिया। डीडीसी शब्बीर अहमद ने कहा कि रामनवमी त्योहार को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। बिहार राज्य से लगने वाली सीमाओं दंगवार, देवरी कला, कबरा कला आदि में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। दंगवार में लगातार जांच अभियान चलाया जा रहा है। आने-जाने वाले सभी लोगों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के हुसैनाबाद, हैदरनगर एवं मोहम्मदगंज थाना पुलिस पूरी तरह से तैयार है। इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए पुलिस ने शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में उन क्षेत्रों में विशेष ध्यान केंद्रित किया है, जहां असामाजिक और शरारती तत्वों द्वारा अशांति फैलाने की आशंका हो सकती है। इन तत्वों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए ड्रोन जैसे आधुनिक तकनीक का सहारा लिया जा रहा है। ताकि शरारती तत्वों की पहचान और उनके खिलाफ समय पर कार्रवाई करने में मदद मिल सके। पुलिस का प्रयास है कि रामनवमी के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना ना हो और सभी नागरिक शांतिपूर्वक इस पवित्र त्योहार को मना सकें। मौके पर जिला कल्याण पदाधिकारी सेवा राम साहू, जिला परिवहन पदाधिकारी, शिक्षा पदाधिकारी, सीओ पंकज कुमार, बीडीओ सुनील वर्मा आदि मौजूद थे।

## धनबाद में चैती दुर्गा पूजा का हुआ भव्य आयोजन, विधायकों ने किया उद्घाटन



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** धनबाद में चैती दुर्गा पूजा हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाई जा रही है। लूबी सर्कुलर रोड यूथ क्लब दुगार्पूजा समिति की ओर से इस वर्ष भी भव्य मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई है, जिसे आकर्षक लाइटिंग से सजाया गया है। गुरुवार को पंचमी के दिन मां दुर्गा की प्रतिमा और विशेष लाइटिंग का उद्‌गाटन निरसा विधायक अरूप चटर्जी और धनबाद विधायक राज सिन्हा ने संयुक्त रूप से किया। विधायक राज सिन्हा ने कहा कि इस वर्ष भी समिति की ओर से भव्य प्रतिमा स्थापित की गई है, जो भक्तों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र है। वहीं, निरसा विधायक ने मां दुर्गा से आशीर्वाद की कामना करते हुए कहा कि माता अपनी कृपा सभी भक्तों पर बनाए रखें और समाज में सुख-शांति बनी रहे। उधर, पूजा पंडाल में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। स्थानीय प्रशासन द्वारा सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर भी विशेष इंतजाम किए गए हैं।

## बच्ची से दुष्कर्म-हत्या करने वाले को दी जाये कठोर सजा : अरुणा शंकर



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू को शर्मसार करने वाली घटना कुंड मोहल्ला में रहने वाले एक व्यक्ति की 10 वर्षीय बच्ची के साथ 35 साल के युवक द्वारा किया गया बलात्कार और हत्या है, जिसने शहर वासियों को झंझोर कर रख दिया है। इस खबर को सुनते ही मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर बच्ची के आवास पर उसके परिजनों से मिलने पहुंची और उसके मां-बाप से मिलकर दुख एवं संवेदना प्रकट किया। कहा कि इससे बड़ी घटना पलामू के इतिहास में आज तक नहीं हुई। इससे पूरा शहर शर्मसार है। बच्ची के मां-बाप ने पूरी घटना को बताते हुए कहा कि इतनी बड़ी घटना के बाद भी अब तक पलामू एसपी मिलने तक नहीं आई, तो न्याय की क्या उम्मीद करें। प्रथम महापौर ने कहा कि यह दुखद बात है। आरक्षी अधीक्षक खुद एक महिला हैं और एक 10 वर्ष की बच्ची के साथ बलात्कार और निर्मम हत्या हुई है जिसे उन्हें जरूर जाकर मां-बाप से मिलना चाहिए। इस घटना के प्रतिवाद में शुक्रवार की शाम को कई सामाजिक संस्थाओं ने मिलकर कैंडल मार्च निकालने का निर्णय लिया है। जिसमें मैं भी भाग लूंगी। प्रथम महापौर ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि तत्काल ऐसे दरिंदों पर कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि ऐसी घटना दोबारा ना घटे।

## रामनवमी पूजा को लेकर विश्रामपुर पुलिस ने नप मुख्यालय में निकाला फ्लैग मार्च

**विश्रामपुर/पलामू (आजा सिपाही)।** विश्रामपुर अनुमंडलीय पुलिस ने रामनवमी पूजा को लेकर नप मुख्यालय में शुक्रवार शाम फ्लैग मार्च निकाल। इस दौरान मुख्य सड़कों होते हुए पुलिस ने सभी गलियों में पैदल भ्रमण किया। इस क्रम मे पुलिस अधिकारियों ने आम लोगों से आपसी भाईचारे के साथ रामनवमी त्योहार मनाने की अपील की। सदर एसडीएम सुलोचना मीणा ने बताया कि रामनवमी पूजा और जुलूस को लेकर फ्लैग मार्च निकाला गया है। विश्रामपुर एसडीपीओ आलोक टूटी ने कहा कि आम लोग भयमुक्त होकर रहें। पुलिस सुरक्षा में हमेशा मुस्तैद है। असमाजिक तत्वों पर भी पुलिस कड़ी नजर रखे हुए है। किसी भी कीमत पर कानून तोड़ने और समाज में विद्वेष फैलाने वालों को बख्सा नहीं जायेगा। फ्लैग मार्च मे पुलिस निरीक्षक रामाशीष पासवान, विश्रामपुर थाना प्रभारी सौरभ चौबे, बीडीओ राजीव सिंह, सीओ राकेश तिवारी, कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खण्डेत, एएसआई भगवान सिंह और बलराम दास आदि शामिल थे।

## विश्रामपुर के केतात श्रीराम जानकी मंदिर के प्रथम वार्षिकोत्सव पर रामचरितमानस का पाठ शुरू

**विश्रामपुर/पलामू।** प्रखंड के केतात गांव स्थित श्रीराम जानकी मंदिर का प्रथम वार्षिकोत्सव समारोह का शुभारंभ शुक्रवर को विशेष पूजा अर्चना के साथ हुआ। जिसके बाद 24 घंटे के संपूर्ण श्रीरामचरितमानस पाठ भी शुरू हो गया। पहली वार्षिकोत्सव पर मंदिर को काफी आकर्षक तरीके से रंग बिरंगे लाइट और फूलों से सजाया गया है। श्रीराम जानकी मंदिर के संस्थापक अध्यक्ष सह सेवानिवृत्त डीएसओ शशिनाथ चौबे ने बताया कि पांच अप्रैल को रात भक्ति जागरण का कार्यक्रम होगा। जिसमें स्थानीय कलाकारों के अलावे बिहार के लोक कलाकार अपने भक्ति गीत संगीत प्रस्तुत करेंगे। तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का समापन रविवार को महाप्रसाद वितरण के साथ होगा।

## जामाडोबा में युवक ने की आत्महत्या

**हरिया/जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** जोरापोखर थाना क्षेत्र के जामाडोबा कोऑपरेटिव कालोनी निवासी सतनाम सिंह के इकलौता पुत्र अमरजीत सिंह उर्फ सन्नी (35) ने शुक्रवार की शाम अपने घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। स्वजनों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। वहीं, खबर पाते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेते हुए घटना की छानबीन शुरू कर दी है। मृतक सन्नी अपने पीछे माता पिता, पत्नी ट्विंकल कौर और एक महीना का एक बेटा और दो बहनें छोड़ गया है। मृतक के पिता सतनाम सिंह ने बताया कि सन्नी इस दिन दोपहर में खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चला गया था। शाम करीब चार बजे जब उसे चाय देने के लिए उसके कमरे का दरवाजा खटखटाया गया तो अंदर से कोई आवाज नहीं आया। इस पर संदेह हुआ तो दरवाजा तोड़कर अंदर जाकर देखा कि सन्नी फंदे पर लटका है। उसे आनन-फानन में जामाडोबा टाटा मेन अस्पताल ले गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

## किड्स जोन विद्यालय का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

## शिक्षा के साथ ही बच्चों को बेहतर संस्कार देना हमारी प्राथमिकता में : कामरान खान




**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल अंतर्गत हैदरनगर के किड्स जोन विद्यालय में सत्र 2024-25 के छात्र-छात्राओं का वार्षिक परीक्षा परिणाम शुक्रवार को घोषित हुआ। साथ ही पुरस्कार वितरण भी किया गया। अपने संबोधन में विद्यालय के निदेशक कामरान खान ने कहा कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए आधुनिक शिक्षा के साथ ही बेहतर संस्कार देना हमारा मुख्य उद्देश्य है। विपरीत समय में भी जिन छात्र-छात्राओं ने अनुशासन के साथ अध्ययन कर अपने भविष्य का निर्माण किया, ऐसे विद्यार्थी निश्चित तौर पर सफलता के लक्ष्य को प्राप्त करेंगे। कहा कि परीक्षाफल विद्यालय का दर्पण होता है। इस दौरान सभी कक्षा के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को विद्यालय के निदेशक और शिक्षकों ने पुरस्कृत किया। वहीं, शिक्षकों ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य होते हैं। सफलता का मूलमंत्र कठिन परिश्रम, दृढ़ संकल्प है। जो छात्र-छात्राएं कठिन परिश्रम करते हैं, उन्हें निश्चित ही सफलता मिलती है। इस मौके पर शिक्षक ऋषभ सिंह, प्रेमचंद मेहता, खुशी खान, समन अर्श, अंशु कुमारी, सोनम, हलीमा खान, ज्योति कुमारी और रानी सिंह आदि मौजूद थे।

## वीर बाबा चौहरमल की जयंती पर दी श्रद्धांजलि



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत सतगावां पीपल चौक और भगत तेंदुआ में शुक्रवार को शिरोमणि वीर बाबा चौहरमल की 712वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस दौरान सतगावां में सामाजिक कार्यकर्ता रविंद्र पासवान और भगत तेंदुआ में वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति के प्रखंड अध्यक्ष रामजी पासवान के नेतृत्व में समारोह का आयोजन किया गया। जहां मौजूद अनुयायियों ने महाबली वीर बाबा चौहरमल की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता रविंद्र और रामजी ने कहा कि वीर बाबा चौहरमल सामंती दमन के खिलाफ विद्रोह के प्रतीक थे। ऐसे वीर महाबली का जन्म बिहार के मोकामा आंचल क्षेत्र के शंकरवाड़ बंगले में हुआ था। उनका जन्म दुसाध जाति के एक किसान परिवार में चार अप्रैल 1313 को चैत्र पूर्णिमा को हुआ था। वक्ताओं ने वीर बाबा चौहरमल के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति के प्रमंडलीय सचिव जितेंद्र पासवान, जिला उपाध्यक्ष गुप्ता पासवान, प्रखंड महासचिव रंजीत पासवान, परीखा पासवान, राम विश्वास पासवान, विजय पासवान, डॉ गणपत पासवान, अमरेंद्र पासवान, राघो पासवान, सीताराम पासवान, शंकर राम, निर्भय पासवान, लक्ष्मण पासवान, सुभाष पासवान, विनय पासवान, अशोक पासवान, अनील पासवान, जितेन्द्र कुमार, राजीव पासवान, परीखा पासवान, राजेश पासवान, महेंद्र पासवान, रवि पासवान, जनेश्वर पासवान, नागेन्द्र पासवान, धर्मेंद्र पासवान, योगेन्द्र पासवान, चंदन पासवान, कामता पासवान, मनोज पासवान, चितरंजन पासवान, लवकुश पासवान, राजू कुमार, सुनील कुमार, जितेन्द्र, श्रवण कुमार, देवेंद्र कुमार और पवन कुमार आदि उपस्थित थे।

## शहीद की आदमकद प्रतिमा का अनावरण आज



**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** शहादत के 30 साल बाद पलामू के सपूत वीर विश्वनाथ सिंह को उनकी शहादत का सम्मान मिला और उनके पैतृक गांव टंडवा नौगढ़ में आदमकद प्रतिमा का निर्माण कराया गया। शहीद विश्वनाथ के 30वें शहादत दिवस पर शनिवार को उनकी प्रतिमा का अनावरण क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह और पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता संयुक्त रूप से करेंगे। शहीद विश्वनाथ सिंह 30 वर्ष पहले 27 मार्च 1996 में जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों से लड़ते हुए शहीद हुए थे। तब की सरकार कोरमपूरा कर इस शहीद सैनिक की शहादत को भूला दिया था। परिवार के सदस्य भी नियति मानकर जैसे-तैसे अपनी जिंदगी को जीने के लिए विवश रहे। हालांकि तब परिवार के सदस्यों ने सरकार के सामने वीर विश्वनाथ सिंह के शहादत को सम्मान दिलाने के लिये काफी भागदौड़ की, पर व्यवस्था के सामने थक हार कर उम्मीद ही छोड़ दिया था। भला हो क्षेत्र के विधायक शशिभूषण मेहता और संवेदनशील सांसद कालीचरण सिंह के साथ क्षेत्र के उन संवेदनशील ग्रामीणों, बुद्धिजीवियों का, जिनकी मेहनत से शहीद को 30 साल बाद ही सही सम्मान मिला और उनके जन्मस्थली टंडवा नौगढ़ में आदमकद प्रतिमा का निर्माण हुआ।


## टेमराई में पत्थर उत्खनन से ग्रामीण दहशत में : प्रमुख

**चैनपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के नेउरा पंचायत के टेमराई में प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी और पंसस ऊषा देवी ने बड़े पैमाने पर हो रहे पत्थर उत्खनन का औचक निरीक्षण किया। इस क्रम में प्रमुख ने कहा कि घनी बस्ती के बीच पत्थर माइंस का संचालन होना दुर्भाग्य की बात हैं। उन्होंने कहा कि माइंस में पत्थर उत्खनन एवं हैवी ब्लास्टिंग खनन मानक के अनुसार नहीं हो रहा हैं। जिससे ग्रामीण और उनके घरों पर हर समय दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती हैं। स्थानीय ग्रामीण पत्थर ब्लास्टिंग एवं प्रतिदिन भारी वाहन गुजरने से दहशत में जी रहे हैं। वहीं पंसस ऊषा देवी ने कहा कि पत्थर उत्खनन संचालक मनमानी तरीके से घने बस्ती के बीच कर रहा हैं। कहा कि दलित एवं शोषित ग्रामीण विरोध करते हैं तो उनकी आवाजों को दबा दिया जाता है। ग्रामीणों ने कहा कि पत्थर माइंस का संचालन होने से कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं।

## उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ लोकआस्था का महापर्व चैती छठ संपन्न

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** लोक आस्था एवं सूर्य उपासना का महापर्व चैती छठ आस्था, निष्ठा और पवित्रता के साथ शुक्रवार को संपन्न हुआ। छठव्रतियों ने परिवार के सदस्यों के साथ नदी-तालाब पहुंचकर आस्था और श्रद्धा के साथ उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पण किया। इस तरह 36 घंटे का निर्जला व्रत उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हुआ। शहर के जेपी चौक के समीप स्थित बाबा विश्वनाथ भास्कर छठ घाट में इसबार जय भवानी नवयुवक क्लब ने रौनक बढ़ाने और व्रतधारियों एवं श्रद्धालुओं के बीच पूजन सामग्री वितरण, घाट पर लाईट साउंड, महाप्रसाद वितरण सहित अन्य कार्यों को सफलता पूर्वक किया। वहीं, विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की ओर से गंगा आरती का भव्य आयोजन किया। वहीं, मंच के माध्यम से हुसैनाबाद की पुलिस और प्रशासनिक पदाधिकारियों सहित इस आयोजन को सफल बनाने में लगे पुलिस कर्मियों को धन्यवाद दिया गया। मौके पर लोकनाथ केशरी, देवेंद्र गुप्ता, संतोष कश्यप, मोहन सोनी, गोतम कांस्यकार, क्लब के सदस्यों अमृत कांस्यकर, राकेश चंद्रवंशी, अकिंत कुमार आकाश पटेल, राजा गुप्ता, सोनू विश्वकर्मा, बजरंग दल से मनीष शर्मा, रवि चंद्रवंशी, मनीष सोनी, गोपाल सोनी आदि उपस्थित थे।

## डीडीयू-गया-धनबाद रेलखंड पर 160 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ी ट्रेन



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** डीडीयू-गया-धनबाद रेलखंड पर तेज रफ्तार ट्रेन संचालन की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। इस रूट पर 160 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से निरीक्षण यान से सफल ट्रायल किया गया। इस अवसर पर हाजीपुर जोन के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह, धनबाद रेल मंडल के डीआरएम कमल किशोर सिन्हा सहित रेलवे के कई बड़े अधिकारी मौजूद रहे। महाप्रबंधक ने बताया कि इस सफल ट्रायल के बाद अब इस रेलखंड पर 160 किमी प्रति घंटे की गति से नियमित ट्रेन संचालन की अनुमति की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस खंड पर कुछ दिनों से ट्रायल चल भी रही थी। शुक्रवार को पुनः ट्रायल किया गया। अब इसके आरएसडीओ ट्रायल करेगी। ट्रायल के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। धनबाद रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ और जीआरपी के जवान भारी संख्या में तैनात रहे। बता दें कि भविष्य में इस रेलखंड पर तेज और आधुनिक ट्रेनों का संचालन संभव हो सकेगा, जिससे यात्रियों के समय की बचत के साथ-साथ सुविधाजनक यात्रा का लाभ मिलेगा।

## बिजली तार की चपेट में आने से एक घायल

**रायडीह (आजाद सिपाही)।** रायडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत मांझा टोली गांव निवासी 50 वर्षीय विल्स दान तिर्की शुक्रवार की अपराह्न 4 बजे इमली के पेड़ से नीचे गिरने के क्रम में 33 हजार वोल्ट तार की चपेट में आ गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजन तत्काल उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रायडीह लाये। जहां प्राथमिक इलाज के उपरांत उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक व्यक्ति इमली तोड़ने पेड़ में चढ़ा था तभी पेड़ की डाली में 33 हजार वोल्ट का तार का करंट प्रवाहित हो गया। इसके बाद वह पेड़ से नीचे गिरने लगा और तार के चपेट में आ गया। जिससे उसका पैर और चेहरा पूरी तरह से झुलस गया। वह डालियों में गिरते गिरते जमीन पर गिर गया। लोगों ने बताया 35 फीट की ऊंचाई से वह जमीन पर गिरा लेकिन डाली के ऊपर गिरते गिरते जमीन पर गिरा जिससे बड़ी दुर्घटना टल गयी। वरना उसकी मौत भी हो सकती थी। ग्रामीणों ने बताया बिजली विभाग की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ।

## इडी ने आयुष्मान अधिकारी के आवास पर की छापेमारी

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला शहर के जवाहर नगर में शुक्रवार की सुबह 9 बजे इडी ने आयुष्मान अधिकारी जवाहर नगर निवासी शंकर चौधरी के आवास पर छापेमारी की। शंकर चौधरी कोडरमा में आयुष्मान का अधिकारी है और गुमला स्थित जवाहर नगर में उनका अपना आवास है। जहां शुक्रवार की सुबह 9 बजे दो गाड़ी में ईडी के एक दर्जन अधिकारी छापामारी करने पहुंचे। जहां आवास के अंदर कई घंटे तक जांच चल रहा है। कई दस्तावेज और फाइलों को खंगाल गया। साथ ही कंप्यूटर और लैपटॉप की बारीकी से जांच की गयी। हालांकि इस दरमियान मीडिया को किसी प्रकार की जानकारी नहीं दी गयी। जानकारी के मुताबिक आयुष्मान कार्ड घोटाला को लेकर झारखंड के 21 स्थानों पर एक साथ इडी का छापा हुआ है। शंकर चौधरी कोडरमा में आयुष्मान अधिकारी हैं। घोटाले को लेकर उनके मकान में इडी ने छापामारी की है। हालांकि एक अधिकारी ने बताया अब तक जांच में कुछ नहीं मिला है। खबर लिखे जाने तक इडी की कार्रवाई जारी रही।

## सिसई पुलिस-प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च



**सिसई (आजाद सिपाही)।** रामनवमी पर्व के दौरान शांति-सुरक्षा व विधि व्यवस्था कायम रखने को लेकर स्थानीय पुलिस -प्रशासन के द्वारा शुक्रवार शाम फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च थाना परिसर से शुरू होकर थाना रोड, मेन रोड, बसिया रोड होते हुए प्रखंड कार्यालय परिसर और वापस थाना परिसर पहुंची। इस दौरान अधिकारियों ने लोगों से शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने और आपसी भाईचारा के साथ रामनवमी पर्व मनाने,अफवाहों पर ध्यान नहीं देने, असामाजिक तत्वों व अफवाह फैलाने वालों, शांति व सौंदर्य माहौल बिगाड़ने वालों, असामाजिक तत्वों की जानकारी तत्काल प्रशासन को देने की अपील की। इस मौके पर सिसई बीडीओ रमेश कुमार यादव, सीओ नितेश रौशन खलखो, थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह, सीआइ दिलीप कुमार सिंह सहित कई प्रशासनिक अधिकारी व पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

## आरसीसी पुल बन गया, लेकिन 19 मजदूरों को नहीं मिली मजदूरी : मिशन बदलाव



**गुमला (आजाद सिपाही)।** मिशन बदलाव मिशन बदलाव टीम का रेडी प्रखंड के सुदूरवर्ती इलाका काशीर जामटोली गांव का दौरा किया दौर के क्रम में ग्रामीणों ने गांव की समस्याओं को अवगत कराया। बताया कि काशीर जमटोली के सभी मजदूर आरसीसी पुल निर्माण में मजदूरी कार्य किये और उसमें लगभग 20 दिनभर काम किया और गांव का पुल का निर्माण भी पूरा हो गया। गांव की भलाई सोच कर सभी ग्रामीणों ने बांस बल्ली से लेकर हर तरीके का हर संभव मदद किया, लेकिन ठेकेदार और मुंशी ने आश्वस्त किया था, जैसे ही पुल का निर्माण हो जायेगा आप सभी लोगों को मजदूरी का उचित भुगतान किया जायेगा। काम पूरा होने के बाद भी ठेकेदार काम पूरा करके भाग गया। पिछले 3 सालों से ग्रामीण अपने मजदूरी का भुगतान को ठेकेदार और मुंशी को कॉल कर कर थक चुके हैं। जानकारी के अभाव के वजह से उन्होंने अपनी बातों को प्रशासन तक नहीं पहुंचा पाया। ग्रामीणों ने बताया जब मिशन बदलाव की बैठक ग्रामीणों के साथ हुई, तब ग्रामीणों ने पूरी बातों से अवगत कराया कि हमारे गांव से लगभग 20 मजदूर लोग 20 दिन तक आरसीसी पुल निर्माण में काम किये थे लेकिन कोई भी मजदूरी का पैसा नहीं दिया गया। मिशन बदलाव के भूषण भगत ने मजदूरों की समस्या को देखते हुए श्रम अधीक्षक को एक पत्र जिला अध्यक्ष बिनोद साहू के माध्यम से प्रेषित किया। बताया कि बहुत जल्द बकाया मजदूरी के मामलों को लेकर लेकर प्रशासन को सभी मामलों को लेकर लेकर अवगत कराया जायेगा और लेबर कोर्ट के माध्यम से ही मजदूरी भुगतान का पहल किया जायेगा।

## आद्या शक्ति दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन



**गुमला (आजाद सिपाही)।** आद्या शक्ति दुर्गा पूजा पंडाल का एसडीपीओ गुमला एस यादव ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर उनकी अगुवाई मुख्य संस्थापक रमेश कुमार चीनी और सदर थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह कर रहे थे। एसडीपीओ श्री यादव ने कहा कि आस्था और धर्म, मानवता की रक्षा के लिए बनाया गया है और इससे स्वच्छ समाज का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि इस पावन अवसर पर भक्तों को मातारानी से गुमला जिला की खुशहाली, अमन और चैन की मनोकामना करनी चाहिए। पंडाल में सामूहिक पूजन का भी अयोजन किया गया। जिस में लोगों ने जिले के लिए अच्छी अच्छी मनोकामनाएं की। सनातन धर्म प्रेमी पूजा का आशीर्वाद प्राप्त करने हेतु सभी से आग्रह किया गया है।

## उदीयमान सूर्य को अर्घ्य के साथ छठ संपन्न

**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर के सफी नदी घाट पर शुक्रवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ चैती छठ महापर्व की समापन हो गई। गुरुवार को छठ व्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य भगवान को अर्घ्य अर्पित किया था। व्रतियों ने उदयगमी (उगते हुए) सूर्य भगवान को नदी पर खड़े होकर अर्घ्य दिया। शुक्रवार की सुबह करीब 5:46 पर सूर्योदय होने के साथ ही अर्घदान का कर्म आरंभ हो गया था। चैत माह के शुक्ल पक्ष की छठी तिथि को चैती छठ के नाम से जाना जाता है। चैती छठ का व्रत महिलाएं संतान के अच्छे स्वास्थ्य और उन्नति के लिए रखती हैं, के साथ उनके स्वजनों ने भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर खुद के लिए एवं समाज व पूरे देश के हित की कामना की।

# चुंगी में वृद्धि को लेकर ऑटो चालकों की हड़ताल जारी, डीसी से मिला प्रतिनिधिमंडल

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** नगर परिषद गुमला के द्वारा मनमाने तरीके से कर टैक्स में वृद्धि कर ऑटो चालकों से राशि वसूलने से नाराज ऑटो चालकों का तीसरे दिन भी रोषपूर्ण प्रदर्शन और चक्का जाम जारी रहा। शुक्रवार की सुबह से ही ऑटो चालक शहर के पालकोट रोड सिसई रोड, जशपुर रोड और लोहरदगा रोड में जमा हो गये और नगर परिषद के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी किया। ऑटो चालकों ने कहा पूर्व में 20 रुपया लिया जाता था फिर 30 कर दिया गया और अब 40 हम लोग ?40 देने में सक्षम नहीं है। वहीं शुक्रवार दिन के 2 बजे सभी ऑटो चालक नया समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय पहुंचे जहां जमकर नारेबाजी की। वही चार सदस्य टीम उपायुक्त से मिलने कार्यालय पहुंचे और अपनी बातों को उनके समक्ष रखा।

ध्यान पूर्वक बातों को सुनने के बाद उपायुक्त ने कहा मामले को लेकर नगर परिषद के प्रशासक से बात की जायेगी। पूरे मामले की जानकारी लेने के बाद सकारात्मक हल निकाला जायेगा। उन्होंने दो-तीन दिनों में समस्या का समाधान होने की बात कही। लेकिन तब तक टैक्स वसूली पर रोक लगा दी गयी है। पूरे मामले को लेकर एसडीओ रवि जैन को नगर परिषद और संबंधित लोगों से बैठक कर समस्या का समाधान निकालने की बात कही। आश्वासन के बाद सभी ऑटो चालक चले गये और सुचारू रूप से ऑटो का परिचालन शुरू हो गया। इससे पूर्व ऑटो चालकों ने करम डीपा के पास अपनी ऑटो को सड़क के किनारे लगा दिया और अन्य ऑटो से पैसेंजर को उतार कर सभी ऑटो को एक जगह जमा किया। जिससे राहगीरों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ा।

ऑटो चालकों का नेतृत्व कर रहे असंगठित कामगार कांग्रेस के अध्यक्ष मुख्तार आलम ने कहा नगर परिषद द्वारा सैरात को लेकर बोली लगायी गयी थी जिसमें उच्चतम बोली पर कार्य आवंटित किया गया था जिसके कारण ही राशि में बढ़ोतरी की गयी है। वहीं लोगों ने बाजार टांड़ में सब्जी विक्रेताओं और बाइक चालकों से अवैध वसूली की जानकारी दी।

### वक्फ बिल संशोधन पर मुस्लिम स्कॉलर और राजनेताओं ने दी प्रतिक्रिया, कहा

# मुसलमानों का कुछ भला होने वाला नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता



अधिवक्ता शीश आलम और उमर फारूक अंसारी

**गुमला।** वक्फ संशोधन कानून 2024 को लेकर मुस्लिम स्कॉलर सह एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स के अध्यक्ष अधिवक्ता सैयद शीश आलम ने कहा कि अल्पसंख्यक मुस्लिम समुदाय की आवाज को रौंदते हुए भाजपा सरकार ने अपने वक्फ संशोधन बिल को दोनों सदन से पास करवा लिया। अब सिर्फ राष्ट्रपति की सहमति बाकी है। उन्होने कहा कि वक्फ (संशोधन) बिल, 2024 का मकसद वक्फ अधिनियम, 1995 में छेड़ छाड़ कर मुस्लिमों की संपत्ति को हड़पना है, सरकार का कहना है कि वो इसे गरीब मुसलामनों के लिए लायी है। इसका समर्थन करने वाले दावा कर रहे हैं कि इससे मुसलमानों को बहुत फायदा होगा। माफिया राज खत्म हो जायेगा। लेकिन यह महज छलावा है। नये वक्फ कानून से किसी भी गरीब मुस्लिम का कोई फायदा नहीं होने वाला है। मुसलमान लगातार उक्त संशोधित बिल का विरोध कर रहे हैं। वर्ष 2025 में बिहार चुनाव, फिर बंगाल चुनाव 2026 और 2027 के यूपी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर इस कानून को लाया जा रहा है। इन तीनों राज्यों में मुस्लिमों की घनी आबादी है। वहां उनके वोट चुनावी राजनीति को बाकायदा प्रभावित करते हैं। इस कानून की आड़ में तीनों राज्यों में वोट का खेल होगा। आगे कहा कि प्रस्तावित वक्फ कानून से बहुत भारी तबाही मचने वाली है। जिस मस्जिद, जिस दरगाह, जिस इमामबाड़े पर सरकार ने हाथ रख दिया या उसके डीएम/ डीसी/ जिलाधिकारी ने बता दिया कि यह सरकारी जमीन है, वक्फ नहीं है तो मामला खत्म हो जायेगा।

वहीं झायुमो के जिला उपाध्यक्ष उमर फारूक अंसारी ने कहा कि वक्फ बिल का संशोधन जब मुस्लमान नहीं चाहते तो ये किसके हित के लिए किया जा रहा है। यह सब केंद्र सरकार की गंदी राजनीति है। मुसलमानों के अधिकार का हनन किया जा रहा है। मोदी सरकार देश की सीमाओं की रक्षा तो कर नही पा रही है वह केवल देश के अंदर नफरत की राजनीति कर के सत्ता में काबिज होना चाहती है। यह कैसा संशोधित बिल है कि जो मुस्लिम समुदाय के इच्छाओं के खिलाफ लाया जा रहा है।

## आज होगा इ-जनशिकायत निवारण दिवस का आयोजन

**गुमला (आजाद सिपाही)। जिले में प्रत्येक शनिवार को आयोजित होने वाले साप्ताहिक ई-जनशिकायत कार्यक्रम के तहत 5 अप्रैल को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में पूर्वाह्न 10:30 बजे से ई जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया जायेगा।**

# 15 से 19 अप्रैल तक श्रीश्री 1008 हरिहर महायज्ञ का होगा आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** प्रखंड क्षेत्र के भदौली मंडा टांड़ में आगामी 15 अप्रैल 2025 से 19 अप्रैल 2025 तक पांच दिवसीय श्री श्री 1008 हरिहर महायज्ञ का आयोजन किया गया है। महायज्ञ की तैयारी पूरे जोर शोर से चल रही है। महायज्ञ के मुख्य पुजारी आचार्य सुर्यनारायण पाठक एवं उनके सहयोगी होंगे। पांच दिनों तक श्रीराम कथा का आयोजन किया जायेगा।कथा वाचिका-मानस मंजरी वीणा मिश्रा (अयोध्या) शामिल होगा। महायज्ञ के सफल संचालन को लेकर यज्ञ समिति द्वारा शुक्रवार को यज्ञ स्थल पर संकल्प झंडे कि स्थापना की गयी। आचार्य सुर्यनारायण पाठक द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कराते हुए ध्वजारोहण किया गया। साथ ही यज्ञशाला निर्माण हेतु पांच ईंटों की आधारशिला रखी गयी। इस पुनित कार्य को संपन्न करने के लिए यज्ञ समिति द्वारा यज्ञ पूर्ण होने तक सभी ग्राम वासियों से मांस-मदिरा का सेवन का त्याग करने का आग्रह किया गया। इस मौके पर पूजा प्रभारी राहुल सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि पांच दिवसीय श्री श्री 1008 हरिहर महायज्ञ के पहले दिन यजमान शुद्धिकरण, कलश स्थापना किया जायेगा। इसके लिए 15 अप्रैल सुबह साढ़े छह बजे मंडा टांड़ से परास नदी तक कलश यात्रा और नदी से मंत्रोच्चारण व वैदिक विधि विधान के साथ जल भरनी कर वापस यज्ञ स्थल पहुंचेगी और कलश स्थापना के साथ महायज्ञ का शुभारंभ होगा। झंडा स्थापना के दौरान यज्ञ समिति के अध्यक्ष राजेश उरांव, नंदकिशोर सिंह, अरुण सिंह, राहुल सिंह, अजय कुमार सिंह, प्रदीप कुमार चटर्जी, अरुण नारायण सिंह, धर्मेन्द्र कुमार सिंह, सौरभ कुमार सिंह एवं यज्ञ समिति के सभी सदस्य गण और ग्रामीण उपस्थित थे।

# भक्तों के दर्शन के लिए चैती दुर्गा पूजा समिति के पंडाल का पट खुला

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** चैती दुर्गा पूजा समिति चैत्र नवरात्रि की सप्तमी तिथि को मां दुर्गे के सप्तम स्वरूप मां कालरात्रि की पूजा बड़े ही धूमधाम के साथ मना रही है। आचार्य पंडित हरि शंकर मिश्रा ने प्रातः कालीन चैती दुर्गा पूजा समिति के सभी सदस्यों के साथ देवी मंदिर से, नव पत्रिका को डोली में लेकर बारी-बारी से गाजे बाजे के साथ स्थानीय बंन तालाब में विल्व शाखा ग्रहण एवं नव पत्रिका स्नान कराकर पुनः डोली में लेकर मां देवी के मंडप में प्रवेश कर स्थापित किया गया और माता का पट खोल दिया गया। इस शोभायात्रा में घंट एवं गाजे बाजे एवं माता के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। चैत्र नवरात्रि की सप्तमी तिथि जिसे महा सप्तमी भी कहा जाता है का विशेष महत्व है क्योंकि इस दिन मां दुर्गे के सातवें स्वरूप में कालरात्रि की पूजा की जाती है जो भक्तों को भय और कष्ट से मुक्ति दिलाता है। नव पत्रिका शोभायात्रा में अध्यक्ष सुरेश मंत्री, सचिव सरजू प्रसाद साहू, संजीव उर्वशी, किशोर फोगला, रामनिवास प्रसाद, रितेश कुमार, राजीव कुमार, महेश गुप्ता प्रेम सागर जायसवाल शंभू नारायण चौरसिया, द्वारिका मिश्रा सुमन, अरुण केसरी, गोपाल वर्मा, डॉक्टर अनुपम कुमारी, विशाल कुमार, संजय कुमार, नितेश लाल, दामोदर कसेरा, मोहित गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## स्वास्थ्यकर्मियों ने सुरक्षा की गारंटी की मांग को लेकर दिया धरना

**सिसई (आजाद सिपाही)।** झारखंड चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ, प्रखंड शाखा सिसई के तत्वावधान में शुक्रवार को रेफरल अस्पताल परिसर में एक दिवसीय धरना दिया गया। इस दौरान स्वास्थ्यकर्मियों ने सुरक्षा की गारंटी सहित अन्य मांगों को लेकर आवाज बुलंद किया। धरना में उपस्थित कर्मियों ने बताया कि बीते 19 मार्च को अस्पताल के प्रधान लिपिक जीत वाहन उरांव के साथ अमानवीय व्यवहार किया गया। उन्हें अभद्र भाषा में गाली-गलौज और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दी गयी थी। इस घटना के विरोध में स्वास्थ्यकर्मियों और संघ प्रतिनिधियों ने प्रशासन से दोषियों पर जल्द से जल्द कार्रवाई करने स्वास्थ्य कर्मी जीत वाहन उरांव का स्थानांतरण नहीं करने और अस्पताल परिसर में चौबीस घंटे पुलिस बल की तैनाती करने सहित कई मांग रखी। साथ ही उक्त मामले में कार्रवाई नहीं होने पर स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा उग्र आंदोलन करने और राज्य व्यापी आंदोलन की चेतावनी दी। मौके पर झारखंड स्वास्थ्य कर्मचारी संघ पदाधिकारी सुनीता लकड़ा, संकल्प गोपाल सिंह, अजीत उरांव, मीना बड़ाईक, पुष्पा केरकेट्टा, रमेश कुजूर सहित कई कर्मचारी मौजूद थे।

## बनारी में पुलिस ने शांति बहाल करने की अपील की



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बनारी में शुक्रवार को अंचल अधिकारी शेखर वर्मा, प्रखंड विकास अधिकारी सुलेमान मुंडारी एवं थाना प्रभारी राकेश सिंह के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दरमियान पुलिस एवं प्रशासन के द्वारा बनारी स्थिति फॉरेस्ट चेक नाका से लेकर दुर्गा मंदिर तक फ्लैग मार्च निकाला गया। जहां पर थाना प्रभारी राकेश कुमार सिंह ने बनारी वासियों से अपील करते हुए कहा कि रामनवमी के दरमियान किसी प्रकार का उपद्रव नहीं होना चाहिए। प्रशासन की कड़ी निगाह है। कोई भी व्यक्ति अगर कानून को अपने हाथ में लेने का प्रयास करता है तो उसे पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि दुर्गा मंदिर के पीछे का विवादित जमीन का फिलहाल न्यायालय में मामला चल रहा है। इसलिए कोई भी व्यक्ति रामनवमी त्योहार के दरमियान उस विवादित स्थान पर किसी भी प्रकार का गतिविधि नहीं करेगा। विवादित जमीन पर गतिविधि करने वाले लोगों के उपर कारवाई की जायेगी।


कार्यालय जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, हजारीबाग।

अतिअल्पकालीन निविदा

एतद् द्वारा Mash Feed (Formulated and Extruded Mash Feed for Fish Spawn) एवं Floating Fish Feed के निर्माता अथवा अधिकृत बिक्रेता को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए मत्स्य निदेशालय, झारखण्ड, रॉंची के पत्रांक 268 दिनांक 11.02.2025 के आलोक में हजारीबाग जिला के निबंधित मत्स्य बीज उत्पादकों को Mash Feed (Formulated and Extruded Mash Feed for Fish Spawn) एवं केज लाभुकों के लिए Floating Fish Feed की आपूर्ति विभिन्न योजनाओं हेतु मुहरबंद निविदा दिनांक 16.04.2025 को मध्यान 12.00 बजे तक जिला मत्स्य कार्यालय, हजारीबाग में स्वीकार किये जाएगें। एवं निविदा उसी दिन अपराहन् 04.00 बजे निविदा समिति के समक्ष उप विकास आयुक्त, हजारीबाग के कार्यालय कक्ष में खोली जायेगी। निविदा आमंत्रण हेतु आवश्यक शर्तें www.hazaribag.nic.in एवं जिला मत्स्य कार्यालय, हजारीबाग के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

ह0/–
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, हजारीबाग।

PR.NO.349705 Fish(25-26):D



कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, हजारीबाग

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण-सूचना

एतद् द्वारा मत्स्य स्पॉन उत्पादकों/आपूर्तिकर्त्ताओं को सूचित किया जाता है कि जलाशयों/नदियों के छाड़न एवं निबंधित मत्स्य बीज उत्पादकों को मेजरकार्प (रेहू, कतला, मृगल, कॉमन कार्प, सिलवर कार्प तथा ग्रास कार्प) का मत्स्य अण्डबीज (स्पॉन) की आपूर्ति हेतु वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए मत्स्य निदेशालय, झारखण्ड, रॉंची के पत्रांक 268 दिनांक 11.02.2025 के आलोक में इच्छुक मत्स्य स्पॉन उत्पादकों से स्पॉन आपूर्ति हेतु मुहरबंद निविदा दिनांक 16.04.2025 को मध्यान 12:00 बजे तक जिला मत्स्य कार्यालय, हजारीबाग के कार्यालय में स्वीकार किया जाएगा। एवं उसी दिन अपराहन् 03:00 बजे उप विकास आयुक्त–सह–अध्यक्ष, हजारीबाग की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में निविदा समिति के समक्ष निविदा खोली जायेगी। निविदा आमंत्रण हेतु आवश्यक शर्तें www.hazaribag.nic.in एवं जिला मत्स्य कार्यालय, हजारीबाग के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह0/–
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,हजारीबाग

PR 349707 Fish(25-26).D



कार्यालय, दक्षिणी छोटानागपुर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार, रांची।

।। आम सूचना ।।

पत्रांक.................................   रॉंची/दिनांक–.......................................

एतद् द्वारा सभी व्यवसायिक वाहन स्वामियों को सूचित करना है कि अंकेक्षण दल द्वारा VARIATION OF CONDITIONS OF NATIONAL PERMIT की बकाया शुल्क की राशि नही कराए जाने पर आपत्ति की गई है, जिसकी सूची निम्नवत है–

नेशनल परमिट की सूचीः–

| S. No. | VEHICLE NO. | DUE AMOUNT | S. No. | VEHICLE NO. | VALIDITY PERIOD |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | JH05R6103 | 2000 | 48 | JH05K1483 | 6000 |
| 2 | JH01R0889 | 2000 | 49 | JH01K9276 | 2000 |
| 3 | JH05R4651 | 2000 | 50 | HR58/1848 | 6000 |
| 4 | JH05R6797 | 4000 | 51 | JH01L6428 | 2000 |
| 5 | JH05R6332 | 4000 | 52 | BR14G7324 | 2000 |
| 6 | JH01R2731 | 2000 | 53 | BR16G3199 | 2000 |
| 7 | JH05R7305 | 2000 | 54 | JH01L5848 | 2000 |
| 8 | JH05Q8083 | 2000 | 55 | JH05L3397 | 2000 |
| 9 | JH05R8382 | 2000 | 56 | JH01L6041 | 4000 |
| 10 | JH05R6271 | 4000 | 57 | JH01L5814 | 4000 |
| 11 | JH05R4739 | 2000 | 58 | JH05L3921 | 4000 |
| 12 | JH01R8191 | 2000 | 59 | JH05L8737 | 4000 |
| 13 | JH05S1503 | 2000 | 60 | JH05L8509 | 4000 |
| 14 | JH01R7306 | 2000 | 61 | NL01A8555 | 4000 |
| 15 | JH05S0911 | 4000 | 62 | JH05L8716 | 6000 |
| 16 | JH05S0939 | 2000 | 63 | JH05L8616 | 4000 |
| 17 | JH05S0993 | 2000 | 64 | JH05L8819 | 6000 |
| 18 | JH01R6561 | 2000 | 65 | JH05L8821 | 4000 |
| 19 | JH05S8913 | 2000 | 66 | JH05L0704 | 4000 |
| 20 | JH01R9105 | 2000 | 67 | BR16G6718 | 2000 |
| 21 | JH01S2809 | 2000 | 68 | JH05L8505 | 6000 |
| 22 | JH01S2907 | 2000 | 69 | MP23DA3767 | 4000 |
| 23 | JH05K8585 | 6000 | 70 | JH05L8806 | 4000 |
| 24 | JH05D2144 | 2000 | 71 | JH05L9149 | 6000 |
| 25 | JH05C0046 | 2000 | 72 | BR14G1981 | 2000 |
| 26 | JH05K5455 | 6000 | 73 | JH05L8805 | 4000 |
| 27 | JH05K5655 | 6000 | 74 | JH05M0967 | 2000 |
| 28 | BR16G1554 | 2000 | 75 | BR18A5011 | 4000 |
| 29 | BR16G5822 | 2000 | 76 | BR16G8751 | 4000 |
| 30 | JH09B9354 | 4000 | 77 | DL01GB2532 | 4000 |
| 31 | JH09B9355 | 4000 | 78 | JH05L9800 | 2000 |
| 32 | UP67/7616 | 2000 | 79 | JH06B4488 | 2000 |
| 33 | BR14G9961 | 4000 | 80 | JH06B4489 | 2000 |
| 34 | JH05L1735 | 6000 | 81 | BR14G6821 | 2000 |
| 35 | JH06B1331 | 2000 | 82 | JH01M1806 | 2000 |
| 36 | JH05L1866 | 6000 | 83 | JH01M1804 | 4000 |
| 37 | JH01J6069 | 2000 | 84 | JH01M1805 | 2000 |
| 38 | JH01L5981 | 4000 | 85 | JH01M1807 | 2000 |
| 39 | JH01L5980 | 2000 | 86 | JH07B1168 | 2000 |
| 40 | JH05L2502 | 2000 | 87 | MP06E2118 | 2000 |
| 41 | BR16G7978 | 6000 | 88 | MP33H0364 | 2000 |
| 42 | JH01L6133 | 2000 | 89 | JH05M0985 | 2000 |
| 43 | JH01L6315 | 2000 | 90 | JH05M0983 | 6000 |
| 44 | JH05L2407 | 4000 | 91 | JH09B1852 | 4000 |
| 45 | JH05L2921 | 4000 | 92 | JH05M1459 | 4000 |
| 46 | JH05L2935 | 4000 | 93 | JH05M0746 | 6000 |
| 47 | JH05L2881 | 4000 | 94 | JH01M2097 | 4000 |

अतः उपरोक्त सभी वाहन स्वामियों को निदेश दिया जाता है कि अपने वाहनों के विरूद्ध जमा की जाने वाली बकाया राशि को अविलम्ब जमा करना सुनिश्चित करें, अन्यथा उनके विरूद्ध मोटरवाहन अधिनियम के सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी।

उप परिवहन आयुक्त–सह–सचिव,
द0छो0प्रा0परि0प्राधिकार, रांची।

PR 349721 (Transport) 25-26 (D)

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 05 अप्रैल, 2025
www.azadsipahi.in


# जमीन किसी और की ली, मुआवजा किसी और को दिया

## जनता दरबार में पहुंची पीड़ित महिला ने अपर समाहर्ता से की शिकायत

**आजाद सिपाही संवाददाता**


जनता दरबार में पीड़िताओं की शिकायत करते अपर समाहर्ता विनोद कुमार।

**धनबाद।** समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को आयोजित जनता दरबार में अपर समाहर्ता विनोद कुमार ने विभिन्न लोगों की शिकायतें सुनी। इसमें तोपचांची के रामाकुंडा से आई महिला ने बताया कि उनकी पैतृक जमीन डेडिकेटेड फ्रेट कोरिडोर कॉरपोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड (डीएफसीसीआइएल) परियोजना को लेकर अधिग्रहित की गई थी। जिसमें वंशावली के आधार पर नोटिस निर्गत नहीं किया गया और किसी गलत आदमी को मुआवजा का भुगतान कर दिया गया। वहीं एक अन्य व्यक्ति ने बताया कि सेवानिवृत्ति के बाद उन्हें 32 लाख रुपए मिले थे। इस रकम से बलियापुर रोड स्थित करमाटांड में आठ कट्ठा जमीन के साथ घर बनाकर देने के लिए डेवलपर को 30 लाख 60 हजार रुपए का भुगतान 28 अप्रैल 2023 को किया था। उन्होंने पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि ना तो उन्हें जमीन मिली ना ही मकान मिला। इसके विपरित, डेवलपर उनपर और 20 लाख रुपए देने का दबाव बना रहा है। जनता दरबार में टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित एसएसएलएनटी स्कूल की ओर से छात्रा के नाम में सुधार नहीं करने की शिकायत प्राप्त हुई। छात्रा ने बताया कि मैट्रिक तक स्कूल रजिस्टर में उनका सही नाम दर्ज था। इसके बाद इंटर में जब नामांकन कराया तब नाम गलत लिख दिया। कई बार आवेदन देने के बाद भी नाम में सुधार नहीं किया जा रहा है। इसके अलावा ऑनलाइन लगान रसीद निर्गत कराने, महुदा ग्रामीण जलापूर्ति योजना की क्षतिग्रस्त पाइपलाइन ठीक कराने, जमीन लेनदेन में धोखाधड़ी करने, कोलाकुसमा में घनी आबादी के बीच आरा मशीन का कारखाना खोलने, पति के इलाज के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करने सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए। जनता दरबार में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद, डीडीएमए के संजय कुमार झा, जनशिकायत कोषांग के प्रधान लिपिक नंदकिशोर कुशवाहा भी मौजूद थे।

## विभिन्न दवाओं के नकली स्टीकर छपवाने वालों पर हो कड़ी कार्रवाई: ललित अग्रवाल



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** धनबाद केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने शुक्रवार को धनबाद क्लब में संवाददाता सम्मेलन आयोजित किया। इसमें एसोसिएशन के अध्यक्ष ललित अग्रवाल ने बताया कि धनबाद के विभिन्न अखबारों के माध्यम से जानकारी मिली है कि बेकारबांध स्थित गुप्तेश्वर कॉम्प्लेक्स बैनर बाजार प्रिंटिंग प्रेस में मंगलवार को छापामारी हुई थी जिसमें विभिन्न दवाओं के लगभग 35000 नकली स्टीकर बरामद हुए हैं। धनबाद थाने में केस भी दर्ज हुआ है। इतने बड़े पैमाने पर नकली दवाओं का स्टीकर मिलना नागरिकों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है। इसमें जान भी जा सकती हैं। उपरोक्त प्रिंटिंग प्रेस के मालिक पर कानूनी कार्रवाई कर इसके जो भी साजिशकर्ता है जिसने स्टीकर छपवाने का काम किया है उनपर भी कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। उसका नाम भी उजागर होना चाहिए, ताकि भविष्य में इस प्रकार के काले धंधे करने वाले लोग सावधान हो जाएं। धनबाद केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन का जिले के नागरिकों से अपील है कि दवा अपने विश्वसनीय दवा दुकानदारों से ही खरीदे। संगठन की ओर से एक जागरूकता पोस्टर का भी अनावरण किया गया, जिसे धनबाद जिले के सभी दवा दुकान और डॉक्टर के चेंबर में लगाया जाएगा। संगठन की ओर से उपरोक्त विषय पर शुक्रवार को धनबाद के वरीय आरक्षी अधीक्षक को एक ज्ञापन भी सौंपा।

## सड़क दुर्घटना में जैप जवान की मौत, हंगामा

**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** बेरमो थाना क्षेत्र के फुसरो-डूमरी मुख्य मार्ग के अमलो चेक पोस्ट के समीप शुक्रवार की सुबह सड़क दुर्घटना में जैप-5 के एक जवान की मौत हो गयी। उसकी पहचान सोमनाथ टोप्पो के रूप में हुई है। इसी बादसे में दूसरा बाइक चालक पीरटॉड जेएसएलपीएस में बीपीओ निर्मल टोपनो (43) गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक डूमरी की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार खाली ट्रक ने दूसरी सिमेंट लदे ट्रक को चपरी ढलान में ओवरटेक करने के चक्कर में विपरीत दिशा से आ रहे दोनों बाइक सवारों को सामने से टक्कर मार दी। इसके बाद भागने की कोशिश की, जिसका स्थानीय लोगों ने बाईक से पीछा कर कुछ ही दूरी पर पकड़ लिया और बेरमो पुलिस को सौंप दिया। उधर, टक्कर के बाद स्थानीय लोगों-पुलिस ने दोनों को ढोरी केंद्रीय अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने सोमनाथ टोप्पो को मृत घोषित कर दिया। वहीं, घायल निर्मल को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया। उनका दोनों पैर और दाहिना हाथ टूट गया है। सिर पर गहरी चोटे लगी है। पता चला है कि सोमनाथ टोप्पो रांची से देवघर ड्यूटी पर जा रहे थे. तभी अमलो कॉटा के समीप ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे मौके पर ही मौत हो गयी। बेरमो पुलिस ने दोनों के परिजनों को फोन कर घटना की जानकारी दे दी है। उधर, घटना के बाद स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर हंगामा कर दिया। इससे सड़क के दोनों तरफ वाहनो की लंबी कतार लग गयी। इसकी सूचना पाकर बेरमो सीओ संजीत कुमार सिंह और बेरमो थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारी लोगों को समझने का प्रयास किया। वहीं, प्रदर्शनाकियों ने तत्काल डीएवी ढोरी स्कूल मकोली से पंडित दीनदयाल चौक फुसरो के ढोरी कांटा तक कई ब्रेकर लगाने और बेरिकेटिंग करने की मांग की।

## जेल आइजी ने किया मंडल कारा का निरीक्षण

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** राज्य के जेल आईजी सुदर्शन कुमार मंडल ने शुक्रवार की सुबह मंडल कारा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जेल प्रशासन को कई निर्देश दिए। बाद में मीडिया से बातचीत में जेल आईजी ने बताया कि धनबाद जिले में नया जेल बनाने का प्रस्ताव आया है। मंडल जेल बनाने के लिए 25 से 30 एकड़ जमीन चाहिए। वर्तमान में जहां जेल है वहां इतनी जमीन नहीं है। जिला प्रशासन की मदद से जेल के लिए नई जगह की तलाश हो रही है। जल्द ही इस पर काम किया जाएगा। सीओ-थाना प्रभारी के आश्वासन के बाद सड़क जाम खत्म हुआ।

## चैती दुर्गा पूजा को लेकर निकली भव्य कलश यात्रा



**राजगंज (आजाद सिपाही)।** बजरंगबली दल सह चैती दुर्गा पूजा समिति की ओर से शुक्रवार को महासप्तमी को भव्य और विशाल कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा बजरंग बली मंदिर से प्रारंभ हुई जो लाल बाजार, हटिया, राजगंज बाजार, थाना कुल्ही, गली कुल्ही होते हुए नदी घाट पर पहुंची। कलश यात्रा में 501 कलशों के साथ युवतियां-महिलायें और बच्चियां शामिल हुई। मां के जयकारे और धार्मिक उद्घोषों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। नदी घाट पहुंच कर आचार्यो द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मां की आराधना की गई और जलभरण किया गया। चैती दुगार्पूजा की सप्तमी तिथि को मां दुर्गा की आराधना कर नवपत्रिका का स्वागत किया गया और डोली में सजा कर पूजा पंडाल लाया गया। पूजा स्थल पर नवपत्रिका स्थापित कर मां का श्रृंगार किया गया। जिसके बाद मां के सप्तम स्वरूप मां कालरात्रि की पूजा प्रारंभ हुई। इसके बाद प्रसाद और शरबत वितरण किया गया।

# उदयीमान भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ चैती छठ महापर्व का समापन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**फुसरो/बेरमो।** उदयीमान भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ शुक्रवार को आस्था के चार दिवसीय छठ महापर्व का समापन हो गया। यह पर्व प्रत्येक वर्ष चैत और कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की षष्ठी को मनाया जाता है। पूरे कोलयांचल फुसरो हिंदुस्तान पुल के समीप, करगली फिल्टर प्लांट, खास ढोरी आदि स्थानों पर आस्था का अर्घ्य दिया गया। वर्तियो ने बांस की टोकरी (दउरा) में बांस के सूप में फल प्रसाद रख घाट, तलाब, नदी पहुंते थे। घाट किनारे प्रसाद से भरा दउरा रखकर सूप में प्रसाद रखकर सूर्य देवता को नमन किया गया। घरवालों और श्रद्धालुओं ने मिलकर अर्घ्य दिया। उदीयमान भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही लोकआस्था का महापर्व छठ संपन्न हो गया। उसके बाद व्रतियों ने 36 घंटे का निर्जला वर्त का दही, लस्सी एवं अन्य खाद्य सामग्री ग्रहण कर तोड़ा। व्रतियों ने भगवान भास्कर से सुख समृद्धि और दुनिया में शांति के लिए कामना की। इससे पहले गुरुवार को अस्ताचलगामी सूर्य को व्रतियों ने अर्घ्य दिया था। दूसरी ओर, छठ पर्व को लेकर विभिन्न क्लबों और समाजसेवी संस्थाओं का योगदान अभूतपूर्व रहा। सड़क की सफाई, पानी छिड़काव से लेकर लाइट लगवाने तक में संस्थाएं एवं क्लबों के सदस्यों ने अपना योगदान दिया।

## डीप बोरिंग को लेकर ग्रामीणों का हंगामा

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** शहर के सरायढेला थाना क्षेत्र स्थित न्यू मुरली नगर स्थित एक अपार्टमेंट में डीप बोरिंग का काम शुरू हुआ है। हालांकि वहां डीप बोरिंग होता देख स्थानीय लोगों ने हंगामा कर दिया। तब तक 300-400 फीट गहरा बोरिंग हो चूका था। बिल्डर ने स्थानीय लोगों को अपने स्तर पर समझाने-बुझाने का प्रयास किया। साथ ही बोरिंग का कार्य भी जारी रहा। पर मामला बढ़ गया और बात चारों ओर फैलती गयी। इस बीच स्थानीय लोगों ने उक्त अवैध कार्य का वीडियो-फोटो भी बना लिया। दूसरी ओर, मामला बढ़ने के बाद इसकी सूचना पाकर नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी भी मौके पर पहुंच गये और अपार्टमेंट की बाउंड्री से बहार खड़ी बोरिंग वाहन को जब्त कर निगम कार्यालय ले गए। हालांकि कुछ घंटे बाद 25 हजार रुपये की जुर्माना वसूली के बाद जब्त बोरिंग वाहन को छोड़ दिया गया।

## पीसीसी सड़क निर्माण में किया जा रहा टुकड़ा ईंट का इस्तेमाल



**चतरोचट्टी (आजाद सिपाही)।** गोमिया प्रखंड के चतरोचट्टी थाना क्षेत्र अंतर्गत बडकीसीधावारा पंचायत के मंझलीटांड में मुखिया मद के 15वें वित्त से पीसीसी सड़क निर्माण कराया जा रहा है। इसमें ईंटा के टुकड़ों का इस्तेमाल कर सोलिंग किया जा रहा है, जिसका मंझलीटांड के ग्रामीणों ने कड़ा विरोध जताया है। ग्रामीणों का कहना है कि टुकड़ों ईंटो से पीसीसी सड़क का निर्माण कराये जाने से सड़क टिकाऊ नहीं होगा। घटिया पीसीसी का निर्माण का कोई औचित्य नहीं है। इस बाबत मुखिया रितलाल महतो ने बताया कि सड़क का सोलिंग करने और निर्माण कार्य में गुणवत्ता के सामग्री का उपयोग किये की बात कही गयी थी। अब उसमें गड़बड़ी किया जाने का मामला प्रकाश में आया है जिसका जांच का आदेश दिया गया है। मुखिया के मुताबिक 15 वें वित्त आयोग से 2.49 लाख रुपए की लागत से मंझलीटांड में लगभग 200 फीट पीसीसी सड़क का निर्माण किया जाना है। उन्होंने कहा कि गलत पाए जाने पर दोषियो के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वहीं, पंचायत के कनीय अभियंता दीपक कुमार से पूछे जाने पर बताया कि उक्त सड़क का निर्माण का अभी तक किसी प्रकार का बिल भुगतान नहीं किया गया। गलत कार्य करने की शिकायत मिली है। निर्माण कार्य में अनियमितता बरतने पर बिल की कटौती की जाएगी।

# झामुमो के धनबाद जिला प्रखंड समिति का गठन, धीरेंद्र रवानी हुए अध्यक्ष मनोनीत

## विधायक मथुरा महतो ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को किया सम्मानित

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**राजगंज।** इंटर कॉलेज में शुक्रवार को प्रखंड समिति के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के लिए समारोह आयोजित कर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता धीरेंद्र रवानी ने की। इससे पहले झामुमो के धनबाद जिला प्रखंड समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष धीरेंद्र रवानी, उपाध्यक्ष अर्जुन भुइंया, मोहम्मद आजाद अंसारी, सुरेश महतो, रंजीत महतो, बासुकीनाथ त्रिगुणित, सचिव मंनसा राम मुर्मू, सह सचिव राजू कुमार शर्मा, टेकलाल गोप, विजय महतो, सज्जाद अंसारी, सीताराम टूरी, संगठन सचिव उत्तम महतो, विजय महतो, एहसान अंसारी, कोषाध्यक्ष पंकज कुमार दिनकर को बनाया गया है। इस मौके पर उपस्थित टुंडी विधायक सह विधानसभा के मुख्य सचेतक मथुरा प्रसाद महतो ने नवनिर्वाचित प्रखंड समिति के सभी पदाधिकारियों को सम्मानित किया। साथ ही उन्हें सुनियोजित तरीके से समिति को चलाने की सलाह दी। इस मौके पर संयोजक मंडली के सदस्य रति लाल टुडू, मनोज कुमार महतो, गोविंद महतो, सुबोध महतो, महावीर हसदा, विधायक प्रतिनिधि बिरजू सोरेन, विनोद राय, प्रदीप मुर्मू, शनिचरा टुडू, रविंद्र महतो, प्रफुल्ल मंडल, नंदलाल महतो, भीम रवानी, मनोज मुर्मू, दिलीप मुर्मू, दिलीप हेमराम और धनंजय महतो आदि मौजूद रहे।

**भारतीय रेलवे में चार मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को कैबिनेट ने दी मंजूरी**

# 18,658 करोड़ की लागत से इन्हें 2030-31 तक पूरा किया जायेगा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** लाइन क्षमता बढ़ाने के लिए, भारतीय रेलवे ने यात्रियों और वस्तुओं दोनों के निर्बाध और तेजी से परिवहन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चार मल्टीट्रैकिंग परियोजनाएं शुरू करने की योजना बनायी है, इन पहलों से यात्रा की सुविधा में सुधार होगा, लॉजिस्टिक लागत कम होगी, तेल आयात घटेगा और कम सीओ2 उत्सर्जन में योगदान होगा, जिससे टिकाऊ और कुशल रेल संचालन का समर्थन होगा। परियोजनाओं का उद्देश्य कोयला, लौह अयस्क और अन्य खनिजों के लिए प्रमुख मार्गों के साथ लाइन क्षमता बढ़ाकर लॉजिस्टिक दक्षता को बढ़ाना है।

परियोजनाओं की कुल अनुमानित लागत 18,658 करोड़ रुपये है और इन्हें 2030-31 तक पूरा किया जायेगा। परियोजनाओं से निर्माण के दौरान लगभग 379 लाख मानव-दिवसों के लिए प्रत्यक्ष रोजगार भी पैदा होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने लगभग 18,658 करोड़ रुपये की कुल लागत वाली रेल मंत्रालय की चार परियोजनाओं को मंजूरी दी है। महाराष्ट्र, ओड़िशा और छत्तीसगढ़ राज्यों के 15 जिलों को कवर करने वाली ये चार परियोजनाएं भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क को लगभग 1247 किलोमीटर तक बढ़ायेंगी।

इन परियोजनाओं के साथ, 19 नये स्टेशन बनाये जायेंगे, जिससे दो आकांक्षी जिलों (गढ़चिरौली और राजनांदगांव) में कनेक्टिविटी बेहतर होगी। मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना से लगभग 3350 गांवों और लगभग 47.25 लाख आबादी को कनेक्टिविटी बेहतर होगी। ये कृषि उत्पादों, उर्वरक, कोयला, लौह अयस्क, इस्पात, सीमेंट, चूना पत्थर आदि जैसी वस्तुओं के परिवहन के लिए आवश्यक मार्ग हैं।

**संबलपुर: जरापदा तीसरी और चौथी लाइन (277 ट्रैक किलोमीटर) :** कैबिनेट ने 3,917 करोड़ की लागत से जरापदा (तालचेर-अंगुल क्षेत्र) और संबलपुर के बीच तीसरी और चौथी लाइनों को मंजूरी दी।

**झारसुगुड़ा: सासन तीसरी और चौथी लाइन (87 ट्रैक किलोमीटर) :** कैबिनेट ने 1,187 करोड़ की लागत से संबलपुर (सासन) और झारसुगुड़ा के बीच तीसरी और चौथी लाइनों को मंजूरी दी। हावड़ा मुंबई मार्ग पर ट्रेनों की तेज आवाजाही। ओडिशा में आर्थिक गतिविधियों में सुधार और लॉजिस्टिक दक्षता लाना।


**परियोजनाओं में ये हैं शामिल**

- संबलपुर: जरापदा तीसरी और चौथी लाइन
- झारसुगुड़ा: सासन तीसरी और चौथी लाइन
- खरसिया: नया रायपुर परमालकासा 5वीं और 6वीं लाइन
- गोंदिया: बल्हारशाह दोहरीकरण

**बुर्ला में तीन अधिकारियों के कार्यालय के फर्नीचर होंगे जब्त**

# ठेकेदार को बिल का भुगतान नहीं मिला, तो कोर्ट ने दिया आदेश

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** संबलपुर ठेकेदार को बिल नहीं चुकाना महंगा पड़ा। कोर्ट ने तीन अधिकारी फर्नीचर पत्र जब्त करने का आदेश दिया। बुर्ला में ऊपरी महानदी बेसिन के बेसिन प्रबंधक और मुख्य अभियंता के कार्यालय, हीराकुंड बांध सर्कल के अधीक्षण अभियंता के कार्यालय, संबलपुर सिंचाई प्रभाग के कार्यकारी अभियंता के कार्यालय ने फर्नीचर को सील करने का आदेश दिया। वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश के न्यायालय के निर्देशों के अनुसार कार्यालय की संपत्ति (कुर्क) की जायेगी। जानकारी के मुताबिक, 2000 में संबलपुर रिंग रोड का काम ओरिएंट कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड ने किया था। हालांकि, काम पूरा होने के बाद ठेकेदार को भुगतान नहीं मिला। 2005 में बकाया राशि 52 लाख रुपये थी। 2009 में, ठेकेदार ने वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश के माननीय न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। 2009 में ब्याज मूलधन 1.36 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। पैसे नहीं चुकाने पर कोर्ट ने छह फीसदी ब्याज देने का आदेश दिया, लेकिन बकाया राशि नहीं मिली। अगस्त 2024 तक यह बकाया राशि बढ़कर एक करोड़ 88 लाख हो गयी है। बार-बार नोटिस के बावजूद बकाया नहीं चुकाने पर कोर्ट ने तीन अधिकारियों का फर्नीचर जब्त करने और उनकी संपत्ति कुर्क करने का आदेश दिया। हालांकि, आज जब अदालत के कर्मचारी जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता के कार्यालय में संपत्ति को सील करने के निर्देश के साथ पहुंचे, तो उन्होंने पाया कि कार्यालय का नाम बदल दिया गया था और मुख्य अभियंता के कार्यालय में कोई फर्नीचर नहीं था। मुख्य अभियंता ने कहा कि कार्यालय का नाम 2021 से बदल दिया गया है। अदालत के कर्मचारी अगली सूचना सात अप्रैल को अदालत को देंगे।

# पांबन ब्रिज में दिखती है देश की बुलंदी



**के अन्नामलाई**



**जब** देश का नेतृत्व मजबूत होता है और नये विजन के साथ काम करता है तो नये कीर्तिमान बनते हैं। ऐसी संरचनाएं तैयार होती हैं, जिस पर देश गर्व करे, जिसे देख हर नागरिक अपना सीना चौड़ा कर ले और राष्ट्र की उन्नति के लिए अपना सर्वोत्कृष्ट देने हेतु प्रेरित हो जाये। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रूप में देश को एक ऐसा ही शक्तिशाली और दूरदर्शी नेतृत्व प्राप्त हुआ है। विगत 10 वर्षों में राष्ट्र ने अनेक नई ऊंचाइयों को छुआ है। देश की जीवन रेखा भारतीय रेल ने भी इस अवधि में नए प्रतिमान गढ़े हैं। वंदे भारत, अमृत भारत और नमो भारत की त्रिवेणी से देश की ट्रेनों को एक नया विकसित आयाम प्राप्त हुआ है। कश्मीर तक सीधी ट्रेन चलाने के लिए चिनाब और अंजी ब्रिजों के निर्माण से देश का मस्तक ऊंचा हुआ है। इसी क्रम में दक्षिण में रामेश्वरम को देश की मुख्य भूमि से जोड़ने के लिए बनाए गये नये पांबन पुल से देश के इंफ्रास्ट्रक्चर को एक नयी पहचान मिली है। आधारभूत संरचनाओं की मजबूती के लिए बनाई जा रही बड़ी परियोजनाओं के सफलतापूर्वक पूर्ण होने से यह बात साबित हो गयी है कि देश की विकास की धारा और उसकी गति सही दिशा में है। समुद्री लहरों की चुनौती को पार करते हुए पुल का निर्माण करना एक दुष्कर कार्य माना जाता है। इस प्रकार के कार्य को संपादित करने में सामान्यतः दशकों लग जाते हैं जिससे परियोजना की लागत भी कई गुना बढ़ जाती है, लेकिन प्रधानमंत्री का स्पष्ट विजन कि जिन परियोजनाओं का वह शिलान्यास करते हैं, उसका उद्घाटन भी वही करते हैं, ने देश की ब्यूरोक्रेसी और टेक्नोक्रेसी को सही समय पर योजनाओं को पूरा करने के लिए प्रेरित किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पांबन पुल का शिलान्यास 2019 में किया था। 5 वर्षों की अवधि में रामेश्वरम और भारत की मुख्य भूमि के बीच समंदर के ऊपर नया पुल बनकर तैयार हो गया। और अब नरेंद्र मोदी ही इस पुल का उद्घाटन करने जा रहे हैं। इससे पूरे देश में उत्साह है। 2.08 किलोमीटर लंबा यह पुल कई मामलों में विशिष्ट है। इस पुल में 18.3 मीटर के 99 स्पैन और 72.5 मी का एक वर्टिकल लिफ्ट स्पैन है। यह पुराने पुल की तुलना में तीन मीटर ऊंचा है जिससे बड़े जहाज को पार करने में भी सुगमता होगी। इसके सब-स्ट्रक्चर में 333 पाइल्स है और इसकी संरचना इस तरह से तैयार की गई है कि वर्षों तक रेलवे एवं समुद्री परिचालन सुरक्षित तरीके से होता रहे। इस पुल में एंटी कोरोजन तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। पॉलीसिलाक्सासिन पेंट, उन्नत किस्म का स्टेनलेस स्टील और फाइबर रिइंनफोर्स प्लास्टिक के उपयोग से पुल को ऐसी मजबूती मिली है कि यह दीर्घकाल तक टिकाऊ रहेगा।

पांबन पुल के निर्माण से भारत की डिजाइन एवं सर्टिफिकेशन में तकनीकी श्रेष्ठता स्थापित हुई है। पूरा विश्व अब यह जान गया है कि आइआइटी चेन्नई और आइआइटी बॉम्बे जैसी संस्थाएं समुद्री पुल के डिजाइन का चुनौतीपूर्ण कार्य मुस्तैदी के साथ करने में सक्षम हैं।

रामेश्वरम द्वीप भारत की सांस्कृतिक, धार्मिक एवं आध्यात्मिक विरासत का अभिन्न अंग है। रामेश्वरम लिंग की स्थापना रामायण काल में प्रभु श्री राम द्वारा की गयी। माता सीता की खोज में लंका जाने के क्रम में प्रभु राम रामेश्वरम में रुके और फिर समुद्र पर पुल बनाने से पहले भगवान शिव की आराधना की। रामेश्वरम स्थित शिवलिंग और रामेश्वरम मंदिर से करोड़ों भारतीयों की आस्था जुड़ी हुई है। प्रत्येक वर्ष लाखों लोग प्रभु के दर्शन के लिए रामेश्वरम जाते हैं। नए पांबन पुल के निर्माण के साथ ही एक बार फिर से पूरे देश से रामेश्वरम की सीधी रेल कनेक्टिविटी स्थापित हो गयी है जिससे रामेश्वरम जाने वाले तीर्थ यात्रियों को काफी लाभ होगा। इससे रामेश्वरम की आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि होगी और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसरों का सृजन होगा। वस्तुतः भारत की प्रगति, नवाचार और विरासत का एक साथ प्रतिनिधित्व करने वाला नया पांबन पुल देश के इंजीनियरिंग कौशल और मजबूत नेतृत्व का प्रतिनिधि भी बन गया ह।

*(लेखक : अध्यक्ष, भाजपा तमिलनाडु एवं भारतीय पुलिस सेवा के सेवानिवृत अधिकारी हैं)।*

# लक्ष्मण प्रसाद सिंह यज्ञ समारोह में हुए शामिल



राजधनवार (आजाद सिपाही)। भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने शुक्रवार को धनवार प्रखंड क्षेत्र के खिजरसोता तथा धर्मपुर के गादी में हो रहे यज्ञ समारोह में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि धार्मिक अनुष्ठान से आत्मीय सुकून मिलता है। यज्ञ आयोजन करने से जहां एक ओर आपसी भाईचारा बढ़ता है, वहीं दूसरी ओर यज्ञ होने से वातावरण शुद्ध होता है। इसके बाद श्री सिंह धनवार के अरगाली निवासी प्रमोद सिंह के आकस्मिक निधन पर उनके श्राद्ध कार्यक्रम पर उसके घर पहुंच कर शोकाकुल परिवार से मिल कर सांत्वना दी। इसके बाद धनवार के बरजो स्थित भाजपा कार्यालय पहुंचे और लोगों की समस्याओं से अवगत हुए। मौके पर उपेंद्र सिंह, श्रीकांत राय, पवन सिंह, प्रमानंद यादव, मुंशी राम, प्रभु यादव, नाथो राम, मनोज राम, उदय सिंह, अजय नारायण देव, उमानारायण देव, प्रकाश साव, गोविंद यादव, दिनेश यादव आदि कई मौजूद थे।

# एंबुलेंस में ऑक्सीजन सिलेंडर लगाने के दौरान विस्फोट, महिला झुलसी

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। ऑक्सीजन सिलेंडर फटने से एक महिला दुतिआ भोई गंभीर रूप से घायल हो गयी। आग बुझाने की कोशिश में कुछ लोगों के हाथ जल गये है। मुरीबाहाल थाना अंतर्गत चिकनीबाहाली गांव के रुशव जानी की पत्नी को प्रसव के लिए टिटिलागढ़ मातृ और शिशु अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्होंने दो बचों को जन्म दिया। डॉक्टर ने इलाज के लिए बलांगीर मेडिकल कॉलेज स्थानांतरित कर दिया। बलांगीर ले जाने के लिए एंबुलेंस में ऑक्सीजन सिलेंडर लगाने के दौरान उसमें विस्फोट हो गया और महिला झुलस गयी। उन्हें तुरंत टिटलागढ़ अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## पूर्व मध्य रेल

### ई-निविदा सूचना

**खुली निविदा, बैच संख्या – 01/2025, दिनांक : 02.04.2025**

आईआरईपीएस– www.ireps.gov.in के वेब पोर्टल "पार्टिसिपेशन इन थ्रू" सामग्री की आपूर्ति के लिए ई–निविदा सूचना। निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा बंद करने का समय 14.00 बजे है।

**क्र.सं. : 01, निविदा सं. : 39245858A, सामग्री का संक्षिप्त विवरण :** सप्लाई एन्ड डिलीवरी ऑफ 2000 केवीए और 2 एमविए, 33/11 केवी, 03 फेज 50hz ओनन कूल्ड कॉपर वौंड एनर्जी एफ्फीसिएंट, लेवल–2 ट्रांसफॉर्मर I, **मात्रा : 02 Set., निविदा जारी करने की तिथि एवं समय : 02 अप्रैल 2025, 16.09 बजे, निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 24 अप्रैल 2025,** 14.00 बजे। प्रतिभागियों को अपना प्रस्ताव समापन तिथि और समय से पहले आईआरईपीएस : www.ireps.gov.in के वेब पोर्टल के माध्यम से केवल ऑन–लाइन जमा करना होगा। उपरोक्त पोर्टल पर निविदा सूचना में प्रेषिती के संबंध में अन्य विवरण और भंडार का विस्तृत विवरण निविदा दस्तावेज में उपलब्ध है।

**व. मंडल सामग्री प्रबंधक, पूमरे., धनबाद**

पीआर/027/डीएचएन/भंडार/टी/25–26/32

## पूर्व मध्य रेल

### विविध वैद्युतिक कार्य हेतु ई–निविदा सूचना विद्युत/क.वि. विभाग के लिये खुली निविदायें

मंडल रेल प्रबन्धक/विद्युत/ पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

**ई–निविदा संख्या : TRD-OT-01-Cd-Cu-Cat-25-26, क्र.सं. : 01, कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि :** Dhanbad division - BRWD-Garwa Road (CIC section) - All Aluminium Alloy Catenary wire replacement with Cadmium Copper Catenary wire (Phase-IX). कार्य समापन की अवधि – (18) अठारह माह, **क्र.सं. : 02, कार्य के लिए प्राक्कलित राशि :** रू. 57,08,614.70/– निविदा प्रपत्र का मूल्य – शून्य/–, **क्र.सं. : 03, बिड सिक्युरिटी :** रू. 1,14,200/–, **क्र.सं. : 04, ई–निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय :** ई–निविदा बंद होने की तिथि 24.04.2025 को 11:00 बजे। ई– निविदा खुलने की तिथि 24.04.2025 को 11:30 बजे।, **क्र.सं. : 05, वेबसाईट का विवरण : वेबसाईट : http://www. ireps.gov.in.** ई–निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

**मंडल रेल प्रबंधक/क.वि. पूर्व मध्य रेल, धनबाद**

पीआर/024/डीएचएन/ईएलईसीटी/टी/25–26/40

# साथी की बंदूक से चली गोली से युवक की मौत, 4 गिरफ्तार

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। ढेंकानाल जिले के रासोल थाना क्षेत्र के मानपुर साही में साथी की बंदूक से चली गोली से युवक की मौत हो गयी। मृतक बाबुला नायक रूप में हुई। बीती रात पांच लोग शिकार के लिए जंगल गये थे। वहां प्रशांत ने शिकार के लिए गोली चलायी थी, हालांकि गोली बाबुली को लग गयी। रासोल पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और शिकार करने गये चार लोगों को हिरासत में ले लिया। उनके पास से एक बंदूक भी बरामद की गयी है।

ANAL'S CAREER PLUS
Economics for JET by Anal Kumar
Courses Available
CSAT NET JPSC J-TET C-TET TGT NET
नये पाठ्यक्रम के अनुसार
ADMISSION OPEN
PISKA MORE, TEL MILL GALI, RANCHI-05
PHONE: 9334431753/ 9608311660 / 9504000077
www.careerplusedu.com

BALAJEE UDYOG
The Mark of Excellence
Plot No. 766, OLD H.B. ROAD, OPP. SADHU MAIDAN KOKAR, RANCHI-834 001 (JHARKHAND)
Mob. 93869-09008 / 0651-3554978
Email : balajee udyog@rediffmail.com

सेक्स समस्याएँ
छोटापन से निराश क्यों ?
नई खोज
मात्र 800/-, 1200/-
लाभ नहीं तो पैसा वापस
फोन कर डॉ० से सलाह लें
9341453240

Shreshtha Soni 7481000333
RATNA SAGAR
Wholesale & Retail
रत्न उपरत्न, रूद्राक्ष, वास्तु सामग्री, हस्तरेखा एवं कुण्डली द्वारा तरक्की के सटीक उपाय
CERTIFIED GEMS, ORIGINAL RUDRAKSH, FENGSUI ITEMS

TATA MOTORS
RISING AUTO WHEELS PVT. LTD.
NEW TATA MOTORS CAR SHOWROOM
NOW AT BOOTY MORE
Starting Price 4.99 Lakh Only
LARGEST SHOWROOM OF JHARKHAND
09297928073/09153996278 sales@risingautowheel.com

प्रो. साधु जी 9262249347 8825349255 9097426633
!! ॐ साईं राम !!
टीक फर्नीचर घर
फैन्सी फर्नीचर के विक्रेता एवं निर्माता
इंटीरियर डिजाइनिंग के लिए सम्पर्क करें।
नियर केनरा बैंक, एच.बी. रोड, कोकर, राँची (झारखण्ड)

Shree Ratan Jewellers
Apni Manufacturing Company
पुराना सोना खरीद - बिक्री की जाती है
Contact Us : 9263983157, 7632913111
Add.: Lower Grand Floor, Shop No.- 7 R. Alis Grand Mall, Main Road, Ranchi - 834001

PSM AUTOMOTIVE HUB
"MULTIBRAND CAR SERVICE CENTRE"
GENERAL SERVICE
CAR WASH (FOAM WASH)
INTERIOR CLEANING
WHEEL ALIGNMENT/BALANCING
TEFLON COATING
AC GAS REFILLING
INSURANCE RENEWAL
ENGINE WORK
GENUINE PARTS AVAILABLE
SUMMER OFFER
H.B. Road, Kokar, Opp.- Jharkhand Cancer Hospital, Ranchi - 834001
72610 24907 73013 75193

FURNITURE GHAR PLUS
Deals In : Home Furniture | Office Furniture | Modular Kitchen | School Furniture | Kids Furniture.
CONTACT NOW : 8409679099
Near Surendranath School, Old H.B. Road, Dipatoli Ranchi Jharkhand - 834001

Life STYLE NEXGEN
Make Up Studio UNISEX SALOON
DISCOUNT 10% An all Service*
Contact Us : +91-6513166163, 9431101252, 8789333635, 7631001547
NILE COMPLEX, OLD H.B. ROAD, KANTATOLI, RANCHI

V अलंकार ज्वेलर्स
सोना चाँदी थोक विक्रेता
CERTIFIED GEMS
कोकर तिरिल रोड, राँची
Contact Us : 7488705225, 7992284114

Mobile No.: 9608302205 PURE VET
7th Bites
Live Veg Cake
Kokar Tiril Road, Opp. Prasad Mart Ranchi - 834001 (Jharkhand)

NEON ENTERPRISES 8210108590 8789361453 8709790158
आधार सुधार
पैन कार्ड, वोटर कार्ड, मजदूर कार्ड, E-STAMP, राशन कार्ड, पैसा निकासी, स्मार्ट कार्ड प्रिंट
फोटो कॉपी, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट फोटो प्रिंट, जाति, आवासीय, आय, जमीन रसीद होल्डिंग, ऑनलाइन फार्म, पीएफ अप्लाई
Digital Print Designing & Advertising
Shop No.110(A) मंगल टावर, कांटाटोली चौक, राँची (झारखंड)

BOB Furniture
Sofa Bed, Almirah, Dressing & Center Table
Dahej Set @ 55000/-
Contact : 9279630961
G-5, Estate Plaza Behind, Mangal Tower Kantatoli, Ranchi (Jharkhand)

उड़ान
ई- रिक्शा
मो. 9234082690
ओम इलेक्ट्रिक व्हीकल्स
हेहल अंचल ऑफिस के सामने, राँची
लक्ष्मी टावर, दुकान न. 21 कोकर, राँची (झारखण्ड)

RAVINDRA NATH ACADEMY
LIMITED SEATS
ADMISSION OPEN
TRANSPORT FACILITY AVAILABLE
BABY PRE-NURSERY TO CLASS X
MOB. 9905504970, 7992281709
BASUKI NAGAR, Haidar Ali, Road No.-10, Kokar, Ranchi

Guddu Soni
GUDDU ELECTRICALS
Repairing & Rewinding of all Types of Motors, Pumps, Fans & Geyser
7992372475, 9386422109, 8102406846
Industrial Area, Near Udyog, kokar, H.B. Road, Ranchi-1

POPKORN cinemas SUJATA PICTURE PALACE
Now Showing
SIKANDAR
at Screen-1 (Sujata) Schedule For 04th April, 2025 onwards!
Sikandar : 10.00, 12.45, 3.30, 6.15, 9.00
at Screen-2 (Miniplex)
Sikandar : 11.15, 2.15, 5.15, 8.00
at Popkorn Cinemas
Sikandar : 10.00, 11.30, 12.30, 2.00, 3.30, 5.00, 6.30, 8.00

DARSANI ASTROLOGY
Dr. V. Shankar P.G अब आपके शहर में
कुंडली से जुड़ी समस्यायों का पूर्ण समाधान
ASTROLOGY
M.A, M. Phill & Astrology, PhD
परामर्श शुल्क - 2100
पता : हिरा पन्ना जेम्स मेन रोड पहले सम्पर्क करें : 7004769566

SHANTI ENTERPRISES
Authorised Distributors
Deals in : All Type of home Appliances available here
70456 59822, 0651 3500469
308, 3rd Floor, Estate Plaza, Behind Mangal, Tower, Kantatoli, Ranchi

GULFAM KASHMIR HADICRAFTS
Shawls, Suit, Blankets, Furniture & Gift Items
9608286786, 9431708786
R. Ali Grand Mall, M.G. Road, Ranchi - 834001 (Jharkhand)

जयपुर रत्न मंदिर
जेम्स एण्ड ज्वेलर्स
CERTIFIED GEMS
बाबा टावर, गुरुद्वारा के सामने, मेन रोड, राँची (झारखण्ड)

LAKSHMI VASTRALAY
अच्छे से अच्छा फिर भी सस्ता फैन्सी
हमारे यहाँ फैंसी साड़ी, लहंगा, सूट सभी तरह के वस्त्र उचित दामों में मिलते है।
7033265646
Coal Board Colony, Near Dy.SP Bunglow Police Line Hirapur, Dhanbad

Panasonic BRANDSHOP
Panasonic ideas for life
DIVYA ENTERPRISES
Nile Complex, Old HB Road, Near PNB Kantatoli Branch Ranchi - 834001
Mob.: 9576777385, 9304809352

प्रकाशित
Verma's Today CHAPTER WISE CLASS-XI 2025
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!
VERMA PRESS PVT. LTD.

स्वामी आयुर्वेदिक सेन्टर
बाबा टावर, मेन रोड, गुरुद्वारा के सामने (नजदीक कश्मीर वस्त्रालय), राँची
मिलें हर रोज सुबह 10:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक (रविवार बंद)

ADMISSION OPEN 90+ INSTITUTE
CLASS VI-XII
Open Registration for 2025-2026
ICSE | CBSE
Struggling with Studies ? Get the best Guidance for Success!
ENROLL NOW
Free Demo Classes For 1 Week From 20th March
Contact - 8210419469, 9798196834
Address: 1st Floor Bhowmick Complex Kokar Bazar Ranchi, Jharkhand Devi Mandap, Bandhgari, Dipatoli, Ranchi, Jharkahnd

Dr. Pooja Sahu
(Oral and Dental Surgeon) Bds,mph
DR. AVAILABLE
Days - Monday Wednesday Friday And Sunday
9341731744
Sugnu Basti Near Shiv Mandir Aata Chakki Home

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**